27 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 11, अंक 39

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

संविधान दिवस पर नौ नयी भाषाओं में जारी हुआ संविधान



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच से राजधानी का पारा चढ़ा, खिलाड़ियों का आना जारी

# विराट कोहली और रोहित शर्मा पहुंचे

- फैंस हवाई अड्डा और होटल के बाहर जुटे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 30 नवंबर को पहला वनडे मैच हो रहा है। रांची ही नहीं पूरे झारखंड में क्रिकेट का पारा चढ़ा हुआ है। हर किसी की जुबान पर क्रिकेट की बात है। क्रिकेट प्रेमी टिकट और पास की जुगत में लगे हुए हैं। भारतीय और अफ्रीका टीम के खिलाड़ियों का आना शुरू हो गया है। फैंस एयपोर्ट और होटल के बाहर उनकी एक झलक पाने के लिए जुटे हुए हैं। बुधवार को टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा रांची पहुंचे। उनका एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया।





**भारत से टेस्ट सीरीज का बदला लेने की उम्मीद :** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज बुधवार को खत्म हो गयी है। इस सीरीज पर दक्षिण अफ्रीका ने कब्जा कर लिया। दोनों ही टेस्ट मैच दक्षिण अफ्रीका ने जीता ही नहीं, बल्कि दूसरे टेस्ट में भारत को करारी हार का सामना करना पड़ा। भारत को दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका ने 400 से अधिक रनों से हराया। अब दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैच सीरीज खेले जायेंगे। जिसका पहला मैच 30 नवंबर को रांची में खेला जाना है। क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि भारत टेस्ट सीरीज का बदला लेगी और वनडे सीरीज उसके नाम होगा।

**एयरपोर्ट पर कोहली का हुआ स्वागत :** भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका पहला वनडे मैच के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ी धीरे-धीरे रांची पहुंचने लगे हैं। विराट कोहली बुधवार को रांची पहुंचे। कोहली का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मौजूदा जेएससीए सचिव सौरभ तिवारी ने स्वागत किया। वहां बड़ी संख्या में फैंस मौजूद थे। कड़ी सिक्योरिटी के बीच, कोहली एयरपोर्ट से बाहर निकले और फैंस का अभिवादन करते हुए मुस्कुराए।

**आज पहुंच जायेंगे सारे खिलाड़ी**

**मंगलवार को पांच खिलाड़ी हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा और ऋतुराज गायकवाड़ रांची पहुंचे थे। गुवहाटी में टेस्ट मैच खत्म हो चुका है। गुरुवार तक दोनों टीमों के सभी खिलाड़ी रांची पहुंच जायेंगे। जेएससीए स्टेडियम में 28 और 29 नवंबर को अभ्यास सत्र होगा। इसके बाद 30 नवंबर को मैच खेला जायेगा।**

**जेएससीए स्टेडियम पहुंचे कोहली :** एयरपोर्ट के बाद विराट कोहली होटल चले गये। फिर उनका एक वीडियो सामने आया, जिसमें वे जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में प्रवेश करते हुए दिखे। वे टीम इंडिया की प्रैक्टिस जर्सी पहने हुए दिखे। लगभग दो घंटे की प्रैक्टिस के बाद विराट कोहली स्टेडियम से बाहर निकले। उनके साथ पूर्व खिलाड़ी सौरभ तिवारी और शाहबाज नदीम भी दिखे।

# भारत को 20 साल बाद मिली कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी

- 2030 में अहमदाबाद में होगा आयोजन
- ओलिंपिक 2036 की दावेदारी मजबूत होगी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिल गयी है। बुधवार को स्कॉटलैंड के ग्लासगो में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद अहमदाबाद को होस्ट सिटी घोषित किया गया। भारत 15 साल के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले 2010 में नयी दिल्ली इन खेलों का आयोजन किया गया था। तब भारतीय खिलाड़ियों ने 38 गोल्ड समेत 101 मेडल जीते थे। ग्लासगो में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद अहमदाबाद को अधिकृत तौर पर होस्ट सिटी घोषित किया गया।

भारत में पहली बार दिल्ली के बाहर मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट होगा। इससे पहले भारत 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स, 1951 और 1982 एशियन गेम्स की मेजबानी भी कर चुका है। तीनों बड़े मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट दिल्ली में हुए थे। कॉमनवेल्थ की टीम दो बार गुजरात का दौरा कर चुकी कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड तय करता है कि आयोजन की मेजबानी किस देश या शहर को मिलेगी।

कॉमनवेल्थ टीम दो बार गुजरात का दौरा कर चुकी है, जहां उसने अहमदाबाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर और तैयारियों का निरीक्षण किया। बताते चलें कि अहमदाबाद को एक आधुनिक, कॉम्पैक्ट और हाई-स्टैंडर्ड गेम्स सिटी के रूप में पेश किया गया है। खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं।

मुख्य वेन्यू के तौर पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, और सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव को प्रस्तावित किया गया है।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने में नूंह का वकील गिरफ्तार

**नूंह (आजाद सिपाही)।** हरियाणा के नूंह जिले से केंद्रीय जांच एजेंसी और पुलिस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ के लिए जासूसी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान तावडू खंड के गांव खरखड़ी के रहने वाले रिजवान पुत्र जुबेर के रूप में हुई है। रिजवान एडवोकेट है और गुरुग्राम कोर्ट में प्रैक्टिस करता है। उसके खिलाफ तावडू सदर थाने में देश विरोधी गतिविधियों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें रिजवान पर आरोप है कि उसने पाकिस्तान स्थित कुछ लोगों से ऑनलाइन संपर्क किया और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन किया।

उधर, जांच एजेंसियों ने उसके साथी मुशर्रफ उर्फ परवेज एडवोकेट को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मुशर्रफ मंगलवार देर रात करीब 1 बजे उसके घर से हिरासत में लिया गया। पुलिस की दो गाड़ियों में दर्जन भर के पुलिस कर्मी उसके घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया। मुशर्रफ ने ही गेट खोला। गेट खोलते ही टीम ने उसे हिरासत में ले लिया।

बता दें कि इस साल नूंह (मेवात ) क्षेत्र में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में यह तीसरी गिरफ्तारी हुई है। इससे पहले गांव राजाका निवासी अरमान और गांव कांगरका निवासी मोहम्मद तारीफ को जासूसी करने के आरोप में पकड़ा गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरमान दो बार और तारीफ ने तीन बार पाकिस्तान की यात्रा की थी। वहीं दोनों आइएसआइ के संपर्क में आये। फिलहाल, ये दोनों जेल में बंद है। कोर्ट में इनके मामले विचाराधीन है।

# कोडरमा में जीआरपी ने 40 लाख नगद के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा

- आयकर विभाग कर रहा मामले की जांच

**संजीव/ अनिल**

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जीआरपी कोडरमा के द्वारा नगद 40 लाख रुपये के साथ एक व्यक्ति को पकड़े जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार जीआरपी थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटी रकम के साथ कोडरमा से कोलकाता जाने वाला है। इसके बाद जीआरपी ने कोडरमा स्टेशन परिसर पर गश्त बढ़ा दी।





स्टेशन परिसर के प्लेटफार्म संख्या तीन पर मंगलवार की शाम संदेह होने के बाद एक व्यक्ति को एक बैग के साथ पकड़ा गया। बैग में रखे सामान के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि उसमें 20 से 25 लाख रुपया नगद हैं, परंतु बैग की तलाशी लेने के बाद जब रकम की गिनती की गयी तो 40 लाख रुपया नगद बरामद हुआ। उक्त व्यक्ति की पहचान अमित कुमार, पिता सुनील बरनवाल, ग्राम सिकंदरा, जिला जमुई, बिहार के रूप में हुई है। अमित ने बताया कि वह सोना चांदी का व्यवसाय करता है और कोलकाता आभूषण खरीदने के लिए नगद पैसे लेकर जा रहा था। वह कोडरमा स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन से कोलकाता जाने वाला था। इसके बाद जीआरपी ने उसे पैसे से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने को कहा तो उसने एक दिन का समय मांगा। उसके पास से ट्रेन का टिकट भी बरामद नहीं हुआ। एक दिन समय बीत जाने के बाद भी उसने पैसे से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। मामले को लेकर जीआरपी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बुधवार को बताया कि राशि बरामदगी के बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार उक्त व्यक्ति को आयकर विभाग के सुपुर्द किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बरामद रुपये की जब्ती सूची बनाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को एक दंडाधिकारी नियुक्त करने का आग्रह किया गया था। एसडीओ द्वारा नियुक्त दंडाधिकारी कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार रवि की देखरेख में जब्ती सूची बनायी गयी। अब आयकर विभाग पूरे मामले की जांच करेगा।

जीआरपी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार से पूछे जाने पर कि इस संबंध में जीआरपी में कोई प्राथमिकी दर्ज की गयी है या नहीं, तो उन्होंने बताया कि रुपये से जुड़ा मामला आयकर विभाग का है, विभाग के अधिकारियों के आने के बाद ही इस संबंध में कोई निर्णय लिया जायेगा।

# संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं बल्कि एक ग्रंथ है : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस की सभी को दी शुभकामनाएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संविधान दिवस पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर समेत संविधान निर्माताओं को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस बारे में पोस्ट करते हुए लिखा कि देश का संविधान हमें समानता, समता, न्याय और स्वतंत्रता के मूल्यों पर एकजुट करता है। यह सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक ग्रंथ है। एक प्रगतिशील, समावेशी और न्यायपूर्ण देश की आधारशिला है। इस दिवस पर हम सब यह संकल्प लें कि संविधान के आदर्शों को आत्मसात कर हर नागरिक तक विकास, सम्मान और हक-अधिकार की पहुंच सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी संविधान दिवस की शुभकामनाएं भी दी। साथ ही मुख्यमंत्री ने एक दूसरे पोस्ट में ने 26/11 के मुंबई आतंकी हमले में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर वीर शहीदों को भी याद किया है। कहा है कि न वीर शहीदों के अदम्य साहस और कर्तव्य के प्रति अटूट समर्पण को सभी देशवासी सदैव याद रखेंगे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज जायेंगे नेमरा

- शहीद सोबरन सोरेन के 68वें शहादत दिवस समारोह में होंगे शामिल

**अंजनी कुमार**

**गोला (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को अपने पैतृक गांव नेमरा आयेंगे। जहां वे शहीद सोबरन सोरेन के 68वें शहादत दिवस समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम में उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन सहित कई विधायक भी शिरकत करेंगे। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का भी दौरा किया। बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष शहीद सोबरन सोरेन के शहादत दिवस पर रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित नेमरा गांव अंतर्गत लुकैयाटांड़ में समारोह का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचते हैं।**



**शहीद सोबरन सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दादा जी और उनके पिता दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पिता जी थे। शहादत दिवस को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए पंडाल बनाये गये हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। बीते दिन 25 नवंबर को गोला प्रखंड के लुकैयाटांड़ बरलंगा में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज, एसपी अजय कुमार के साथ तमाम पदाधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया और तैयीरियों का जायजा लिया।**

# पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद शिलान्यास के पोस्टर लगे, टीएमसी विधायक बोले, 6 दिसंबर को नींव रखेंगे

- अयोध्या में इसी दिन ढहाया गया था विवादित ढांचा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के पोस्टर लगाये गये। इन पर लिखा है कि 6 दिसंबर को बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास समारोह होगा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक हुमायूं कबीर को आयोजनकर्ता बताया गया है। खुद कबीर ने मंगलवार को कहा कि हम 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। तीन साल में इसका निर्माण पूरा होगा। कार्यक्रम में कई मुस्लिम नेता शामिल होंगे। बताते चलें कि अयोध्या में विवादित ढांचा 6 दिसंबर 1992 को कार सेवकों ने ध्वस्त कर दिया था। अगले महीने बाबरी विध्वंस के 33 साल पूरे हो जायेंगे। टीएमसी विधायक का कहना है कि इसी मौके पर यह आयोजन किया जायेगा। टीएमसी विधायक का यह बयान तब सामने आया है जब मंगलवार को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण का मतलब है मंदिर अब पूर्ण हो गया। 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।




**भाजपा बोली, बांग्लादेश की नींव रख रही**

**भाजपा ने इसकी कड़ी आलोचना की है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि टीएमसी पश्चिम बंगाल में मस्जिद नहीं, बल्कि बांग्लादेश की आधारशिला रख रही है। गिरिराज सिंह ने दावा किया कि ममता बनर्जी सरकार बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के समर्थन पर टिकी है। जिस तरह टीएमसी हिंदुओं की लाशों पर राजनीति कर रही है, वह लंबे समय तक नहीं चलेगा।**

कांग्रेस नेता उदित राज ने टीएमसी विधायक कबीर का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि अगर मंदिर का शिलान्यास हो सकता है तो मस्जिद का क्यों नहीं? विरोध करने वाले बिना वजह विवाद खड़ा कर रहे हैं। यह धार्मिक स्वतंत्रता है।

महाराष्ट्र के कांग्रेस नेता हुसैन दलवई ने कहा है कि मस्जिद बनाना ठीक है, लेकिन खास तौर पर बाबरी मस्जिद ही क्यों? जो विवाद पहले ही सुलझ चुका है, उसे राजनीतिक फायदे के लिए फिर से खोला जा रहा है। हमारा रिश्ता बाबर से नहीं, बल्कि शिवाजी महाराज से है। भाजपा नेता और बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि वह यह सब सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए कर रहे हैं। चुनाव पास आ रहे हैं। बेचारे मुसलमान ळटउ को छोड़ रहे हैं। जैसे 2021 में उन्होंने सीएए और एनसीआर कह कर सभी मुसलमानों को एक किया था, इस बार वे बाबरी मस्जिद के नाम पर कर रहे हैं।

# केंद्रीय कैबिनेट बैठक में चार परियोजनाओं को मंजूरी

## परमानेंट मैग्नेट इंडस्ट्री के लिए 7280 करोड़ रुपये की योजना

- पुणे मेट्रो का विस्तार होगा, रेल लाइनों पर और ट्रैक बनाये जायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें चार प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गयी है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 9858 करोड़ रुपये से पुणे मेट्रो का विस्तार किया जायेगा।

वहीं, रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट बनाने वाली इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए 7280 करोड़ रुपये की योजना लायी गयी है। ये मैग्नेट इलेक्ट्रिक व्हीकल, डिफेंस, एयरोस्पेस और इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने में जरूरी होते हैं। इसके अलावा, अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने गुजरात की द्वारका-कनालूस रेलवे लाइन और महाराष्ट्र की कर्जत-बदलापुर रेलवे लाइन को डबल करने की मंजूरी दी है। यानी रेल लाइनों पर और ट्रैक बनाये जायेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट में एसआइआर पर सुनवाई

- राजनीतिक पार्टियां डर का माहौल बना रहीं: चुनाव आयोग
- केरल-बंगाल और तमिलनाडु की प्रक्रिया रोकने की मांग की याचिका
- कोर्ट ने 1 तक मांगा जवाब, अगली सुनवाई दो दिसंबर को होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एसआइआर के खिलाफ दायर तमिलनाडु, बंगाल और केरल की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि एसआइआइ प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दल जानबूझकर डर का माहौल बना रही हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केरल सरकार की याचिका पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग को 1 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। अगली सुनवाई 2 दिसंबर को होगी। वहीं, पश्चिम बंगाल की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई होगी। इसी दिन चुनाव आयोग राज्य की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट भी जारी करेगा। इस पर आपत्ति आने पर सीजेआइ सूर्यकांत ने कहा कि अगर राज्य सरकार मजबूत आधार देती हैं तो हम तारीख बढ़ाने का निर्देश दे सकते हैं। तमिलनाडु में याचिका पर 4 दिसंबर को सुनवाई होगी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 27 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# बागड़ा-बारकी की कराह: आजादी के 78 साल बाद भी पुल नहीं बना

## ■ हर बारिश में डूबता है रास्ता, गिरते हैं लोग ■ बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक होते हैं घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** झारखंड बने 24 साल हो गये, देश को आजाद हुए 78 साल। लेकिन बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़नेवाले बागड़ा और बारकी के बीच की दूरी अभी भी वही पुरानी– एक जोरिया और अधूरे वादों के सहारे बागड़ा और बारकी के बीच बहने वाली पहाड़ी जोरिया नदी सिर्फ पानी नहीं, बल्कि ग्रामीणों की मजबूरी और नेताओं की उपेक्षा बहाती है। वर्षों से पुल निर्माण की मांग होती रही, मगर स्थिति ज्यों की त्यों। चुनाव आते ही नेता मंच पर चढ़कर विकास की लंबी सूची पढ़ते हैं– सड़क, पुल, बिजली, पानी। लेकिन चुनाव खत्म होते ही जैसे ये मुद्दे भी नेताओं की डायरी से गायब हो जाते हैं।

### आश्वासन की फाइल पर धूल, ग्रामीणों की उम्मीदें फिर टूटी

ग्रामीण बताते हैं कि विभाग से लेकर स्थानीय विधायक और सांसद तक सबको आवेदन दिया गया। अधिकारी कई बार स्थल निरीक्षण भी कर गये। पुल निर्माण के लिए बजट पास होने की बात भी सुनाई दी, लेकिन काम जमीन पर आज तक शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों ने स्पष्ट आरोप लगाया कि अन्य इलाकों में सड़कें और पुल-पुलिया बन रहे हैं, पर हमारी पंचायत के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की रोज की जोखिम भरी ज़िंदगी इस पुलहीन रास्ते की सबसे दर्दनाक तस्वीर है। बारिश में बच्चे जूते हाथ में लेकर पानी में डूबकर स्कूल पार करते हैं, कई बार चोटिल भी हो चुके हैं। बारकी की वृद्ध सफातन बीबी इसी जोरिया में गिरकर बुरी तरह घायल हुईं– उनका पैर तक टूट गया। यह सिर्फ दुर्घटना नहीं, व्यवस्था की असफलता का जख्म है।

### सीओ का निरीक्षण उम्मीद की एक किरण

बीते हफ्ते मुखिया सावित्री कुमारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में बृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया और बाघमारा सीओ को पुल निर्माण की लिखित मांग सौंपी। सीओ गिरजानंद किस्कू ने स्थल निरीक्षण कर ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि विभाग से बात कर पुल निर्माण की प्रक्रिया तेज की जायेगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि शायद इस बार आश्वासन वास्तविक काम में बदले।



### वोट नहीं मिला, इसलिए हो रही उपेक्षा

सूत्रों से यह बात भी सामने आ रही है कि बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के तहत आनेवाले बागड़ा-बारकी से मौजूदा विधायक को पिछले चुनाव में पर्याप्त वोट नहीं मिले, जिसके कारण विकास कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीण भी इसी बात से आहत हैं। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### गांव की पुकार : इस बार पुल बने, नहीं तो चुनाव में जवाब देंगे

गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक में गुस्सा साफ दिखता है। सभी की मांग एक ही है कि पुल बनाइये। हमें भी सुरक्षित रास्ता, इलाज, स्कूल और बाजार तक आसान पहुंच चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिले से लेकर राज्य मुख्यालय तक आंदोलन की तैयारी करेंगे। बागड़ा और बारकी के लोगों का संघर्ष सिर्फ एक पुल का नहीं है, बल्कि सरकारी लापरवाही और राजनीतिक उपेक्षा के खिलाफ दशकों से चल रही लड़ाई का प्रतीक बन गया है। अब देखना यह है कि इस बार भी आश्वासन मिलेगा, या सच में पुल निर्माण की नींव पड़ेगी।

### क्या कहते हैं लोग और जन प्रतिनिधि

बागड़ा की मुखिया सावित्री देवी कहती हैं कि हमने स्थानीय विधायक को कई बार शिकायत दी, पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिला। ग्रामीणों के आग्रह पर डीसी से लेकर विभागीय अधिकारियों से समन्वय किया, फिर भी हर बार निराशा ही हाथ लगी। विधायक हमारी पंचायत के साथ खुली उपेक्षा और सौतेला व्यवहार कर रहे हैं।

स्कूली छात्र जुनैद अंसारी के अनुसार, आजादी के 78 साल बाद भी इस जोरिया पर पुल नहीं बन सका। कई बार साइकिल समेत गिरकर घायल हुए हैं। बारिश में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। जूते हाथ में लेकर पानी पार करना पड़ता है। हमारी बस एक ही मांग है कि पुल जल्दी बने, ताकि सुरक्षित होकर पढ़-लिख सकें और आगे बढ़ सकें।

छात्रा निर्मला कुमारी कहती है कि बारिश में पानी बढ़ते ही हम स्कूल नहीं जा पाते। पानी कम होता है, तभी हिम्मत कर रास्ता पार करते हैं। कई बार फिसल कर गिर चुके हैं। अगर पुल बन जाये, तो बिना डर रोज स्कूल जाकर पढ़ सकेंगे।

स्थानीय ग्रामीण नईम अंसारी कहते हैं कि वोट नहीं मिला, तो क्या हम विकास के हकदार नहीं? पुल तो जनता के लिए है, किसी नेता की निजी परियोजना नहीं। दर्द से कराहती सफातन बीबी अब भी कहती हैं कि पुल नहीं है, इसलिए हमारी उम्र भी हादसों का रास्ता बन गयी।

# पाकुड़ में प्रेमी से मिलने गयी महिला के साथ आठ लोगों ने किया गैंगरेप

**गैंगरेप मामले की जांच में जुटी पुलिस, आठ लोगों से हो रही पूछताछ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पाकुड़।** प्रेमी के साथ मिलने गयी एक महिला के साथ आठ लोगों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। घटना नगर थाना क्षेत्र की है। इस मामले में एसपी निधि द्विवेदी ने खुद मामले को गंभीरता से लेकर तफ्तीश शुरू कर दी है। घटना मंगलवार देर शाम की बतायी जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कम से कम आठ लोगों को हिरासत में लेने की बात कही जा रही है। आशंका है कि हिरासत में लिये गये आठों युवक ने मिलकर घटना को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक नगर थाना क्षेत्र के ही एक मोहल्ले की महिला शहर के आम बगीचे में प्रेमी से मिलने गयी थी। दोनों बैठकर बात कर ही रहे थे, तभी वहां से गुजर रहे कुछ युवकों की महिला पर नजर पड़ी। इन युवकों ने पहले तो प्रेमी को मारपीट कर वहां से भगा दिया। इसके बाद महिला के साथ बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद सारे युवक वहां से भाग निकले। इस घटना में आधे दर्जन से भी अधिक युवकों के शामिल होने की आशंका जतायी जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान कुछ युवकों के नाम सामने आये। पुलिस ने बिना देर किये उन युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस सभी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है। इधर घटना के तुरंत बाद सूचना मिलते ही एसपी निधि द्विवेदी स्वयं निकल पड़े। उन्होंने नगर थाना में जाकर घटना की विस्तृत जानकारी हासिल की। नगर थाना पुलिस को जरूरी दिशा निर्देश दिया। एसपी निधि द्विवेदी ने बताया कि एक महिला के साथ गैंगरेप की घटना हुई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। इसमें जितने भी लोग शामिल होंगे, उन्हें जेल भेजने का काम किया जायेगा। किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा और सख्त से सख्त सजा दिलाने का काम किया जायेगा। इधर जानकारी मिली कि घटना के बाद महिला का मेडिकल कराया गया है। सदर अस्पताल में मेडिकल चेकअप के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# आइटीबीपी जवान ने पिता की हत्या कर जान दी

**पटना।** बिहार के लखीसराय जिले के बड़हिया थाना अंतर्गत खुटहा पूर्वी पंचायत स्थित चेतन टोला में मंगलवार रात भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) के जवान विकास कुमार उर्फ नाटो कुमार (35 वर्ष) ने अपने पिता उदय शंकर सिंह (68 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। परिजन ने बताया कि विकास की विधानसभा चुनाव में छपरा में ड्यूटी लगी थी। इसके बाद वह छुट्टी पर घर आया हुआ था। मंगलवार को किसी बात को लेकर विकास और उसकी पत्नी के बीच विवाद होने लगा। पिता उदय शंकर सिंह बीच-बचाव करने पहुंचे और विकास को रोकने लगे। इससे विकास भड़क उठा और उसने पिस्टल निकालकर अपने पिता पर ताबड़तोड़ तीन गोलियां दाग दीं। पिता उदय शंकर सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। पिता को मारने के बाद वह अपने छोटे भाई और पत्नी की ओर भी बढ़ा। दोनों किसी तरह जान बचाते हुए घर से भाग गये।

# महालेखाकार को डीएमएफटी और स्वायत्त संस्थाएं 23 साल से हिसाब-किताब नहीं दे रहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डीएमएफटी सहित अन्य स्वायत्त संस्थाएं (ऑटोनोमस बॉडी) महालेखाकार को अपना सालाना हिसाब-किताब नहीं दे रही हैं। राज्य के 24 जिलों के डीएमएफटी में से किसी ने भी आज तक महालेखाकार को अपनी आमदनी और खर्च की हिसाब-किताब नहीं दिया है। स्वायत्त संस्था झारखंड हाउसिंग बोर्ड ने भी 23 साल से अपना हिसाब-किताब नहीं दिया है। रिनपास ने स्थापना के बाद से ही अपना हिसाब-किताब नहीं दिया। रिम्स ने पिछले कुछ सालों तक का हिसाब-किताब तो दिया है। लेकिन महालेखाकार को इसके ऑडिट का अधिकार नहीं दिया। बाबा बासुकीनाथ श्राइन एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने हिसाब-किताब नहीं दिया। लेकिन महालेखाकार को ऑडिट का अधिकार दिया है। बता दें कि राज्य में कुल 35 स्वायत्त संस्थाएं हैं। इसमें से 24 डीएमएफटी है। राज्य की इन संस्थाओं को वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद छह महीने के अंदर अपना- अपना हिसाब-किताब महालेखाकार को देना है। साथ ही उसे अपने लेखा जोखा के ऑडिट का अधिकार भी देना है। राज्य की इन स्वायत्त संस्थाओं द्वारा अपना हिसाब-किताब नहीं देने की घटना के देखते हुए प्रधान महालेखाकार (ऑडिट) ने स्वायत्त संस्थाओं की एक बैठक बुलाई थी। बुधवार को हुई इस बैठक में राज्य की पांच संस्थाएं शामिल हुईं। इसमें स्टेट हाइवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड, झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, बाबा बैजनाथ-बासुकीनाथ श्राइन एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी, जरेडा और रिम्स शामिल हुए। बाबा बासुकीनाथ की ओर से ट्रस्ट के सदस्यों के बदले जिले के ट्रेजरी ऑफिसर को बैठक में शामिल होने के लिए भेज दिया गया था। ट्रेजरी ऑफिसर ने बाबा बासुकीनाथ ट्रस्ट की किसी भी तरह की जानकारी नहीं होने की बात कही। प्रधान महालेखाकार इंदु अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित स्वायत्त संस्थाओं को सालाना हिसाब-किताब नहीं देने से पैदा होने वाली परेशानियों की जानकारी दी। साथ ही यह भी कहा कि इससे राज्य की अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। प्रधान महालेखाकार ने डीएमएफटी द्वारा अब तक अपना हिसाब-किताब नहीं दिये जाने को गंभीर मुद्दा बताया। डीएमएफटी द्वारा अपना हिसाब-किताब नहीं दिये जाने की वजह से यह पता लगाना संभव नहीं हो पा रहा है कि इस फंड का पूरा उपयोग माइनिंग से प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए किया गया है या नहीं। स्वायत्त संस्थाओं द्वारा हिसाब-किताब नहीं दिये जाने के मामले को गंभीर बताते हुए प्रधान महालेखाकार ने स्वायत्त संस्थाओं के साथ नियमित रूप से बैठक करने की योजना बनायी है।

# 10 हजार की योजना से वंचित होने पर फूटा आक्रोश, जीविका कर्मी कार्यालय छोड़ भागे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नवादा।** नवादा जिले के सिरदला में बुधवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से वंचित किये जाने के आरोप को लेकर जीविका दीदियों का गुस्सा फूट पड़ा। हजारों महिलाएं सिरदला बाजार स्थित जीविका कार्यालय पहुंचीं और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रभारी बीपीएम सहित सभी कर्मी कार्यालय बंद कर वहां से निकल गये। आरोप है कि एरिया कोऑर्डिनेटर राजकुमार भी कार्यालय छोड़कर भागने लगे, लेकिन महिलाओं ने उन्हें करीब सौ मीटर की दूरी पर रोक लिया और जवाब-तलब किया।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि योजना के आवेदन के लिए 50 से 100 रुपये तक वसूले गये। दो से तीन माह तक आज-कल कहकर दौड़ाया गया और बाद में यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि वे जीविका समूह की नहीं बल्कि फेडरेशन की सदस्य हैं, इसलिए लाभ नहीं मिल पायेगा। महिलाओं ने दावा किया कि कई फॉर्म गायब कर दिये गये और आवेदन की कोई रसीद भी नहीं दी गयी। उनका कहना है कि वे वर्ष 2011 से जीविका से जुड़ी हैं और पहले भी कई योजनाओं का लाभ मिला है, तो अब केवल 10 हजार रुपये वाली योजना से ही क्यों वंचित किया गया?

आक्रोश के बीच महिलाओं ने कार्यालय पर ताला जड़ने की चेतावनी भी दी। प्रदर्शन के बाद महिलाएं लगभग दो किलोमीटर पैदल चलकर प्रखंड कार्यालय पहुंचीं, जहां भी उन्होंने विरोध जताया। बीडीओ दीपेश कुमार छुट्टी पर थे, जिसके बाद अंचल अधिकारी भोला प्रसाद बाहर आकर महिलाओं से मिले। उन्होंने लिखित आवेदन लिया और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। महिलाओं ने अपने आवेदन में उल्लेख किया कि उनके 53 ग्राम संगठन 2013-14 से संचालित हैं, जिनके तहत 705 समूह सक्रिय हैं और सभी की आईडी जीविका के एमआईएस पोर्टल पर मौजूद है। इसके बावजूद उन्हें योजना से वंचित कर दिया गया।

# भारत में अब बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण संभव नहीं : विजय सिन्हा

## बिहार के उपमुख्यमंत्री ने कहा- मां भारती की संतान अब जाग चुकी है

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भारत की धरती पर बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण किसी भी स्थिति में संभव नहीं है, क्योंकि अब देश की जनता जाग चुकी है। बुधवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बयान दिया।

मीडिया की ओर से पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में आगामी 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद के शिलान्यास की तैयारी से जुड़े प्रश्न पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, अब बाबर जैसा कोई दोबारा पैदा नहीं होगा, जो भारत की भूमि पर फिर से बाबरी मस्जिद बना सके। मां भारती की संतान जाग चुकी है। भारत में बाबर की औलाद बाबरी मस्जिद नहीं बनायेगी, बल्कि भगवान राम और माता जानकी के मंदिर बनेंगे।

**बंगाल में लगे पोस्टर, 6 दिसंबर को कार्यक्रम की घोषणा :** दरअसल, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में जगह-जगह पोस्टर लगाये गये हैं, जिनमें 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद के शिलान्यास कार्यक्रम की घोषणा की गयी है। पोस्टरों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक हुमायूं कबीर को इस कार्यक्रम का आयोजक बताया गया है। कबीर ने भी मंगलवार को बयान दिया था कि 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद की नींव रखी जायेगी और इसका निर्माण तीन वर्षों में पूरा कर लिया जायेगा। कई मुस्लिम नेता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर और शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

# निर्माण कार्य तेज करें, नहीं तो कार्रवाई तय : नीतीश

**मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर और शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि दोनों परियोजनाओं पर काम तेजी से जारी है और निर्माण में किसी प्रकार की बाधा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दानापुर-बिहटा कॉरिडोर के पूरा होने से बिहटा से कोईलवर तक आवागमन काफी सुगम हो जायेगा। यह कॉरिडोर एनएच-922 को रिंग रोड (कन्हौली मोड़) और एनएच-139 को एम्स गोलंबर से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण फीडर मार्ग बनेगा। साथ ही, इससे बिहटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को विशेष कनेक्टिविटी भी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार इस परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग कर रही है और समय-समय पर आवश्यक सुझाव दिये जाते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाये। इसके बाद मुख्यमंत्री ने शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल निर्माण की प्रगति का भी जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के लिए सरकार की ओर से सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने उस स्थान का भी निरीक्षण किया, जहां जेपी गंगा पथ की कनेक्टिविटी इस पुल से होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शेरपुर-दिघवारा पुल के बन जाने से पटना शहर की यातायात व्यवस्था पर दबाव कम होगा। छपरा, हाजीपुर, सीवान और गोपालगंज की ओर जाने वाले लोगों को अब पटना शहर से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। इससे यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग की सुविधा मिलेगी और समय की बचत होगी।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किये जायें ताकि राज्यवासियों को इन परियोजनाओं का लाभ मिल सके।

# बिहार में 34 चीनी मिलों की स्थापना का फैसला ऐतिहासिक: उमेश सिंह कुशवाहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश सरकार द्वारा नौ पुरानी चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने तथा चरणबद्ध तरीके से 25 नयी चीनी मिलों की स्थापना करने का निर्णय ऐतिहासिक एवं सराहनीय है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए नीति निर्धारण एवं विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है, ताकि कार्य गति एवं पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ सके। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह सार्थक पहल बिहार के आर्थिक विकास को नयी गति देगी। इससे औद्योगिक क्रांति का एक नया मार्ग प्रशस्त होगा। किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और प्रदेश के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक समय बिहार को चीनी का कटोरा कहा जाता था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.4 °c | 9.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.10 बजे |



# पुलिस और कोल माफिया की साझेदारी में हो रही कोयले की लूट: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध कोयला कारोबार को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। बुधवार को बाबूलाल मरांडी ने अवैध कोयला व्यापार में हाउस की भूमिका के भी संकेत दिये। उन्होंने कहा कि पहले कोयला चोर कोयला की चोरी कर कमीशन पुलिस प्रशासन तक पहुंचाते थे, लेकिन अब इसमें बदलाव आ गया है। अब पुलिस प्रशासन और कोल माफिया साझेदारी में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद में तैनात शीर्ष पुलिस अधिकारी कोयला के कारोबार में लिप्त हैं और सीधे सीधे इस धंधे को संचालित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद में निरसा, बाघमारा, झरिया अवैध कोल व्यापार के क्षेत्र हैं जिसमें 20-25 थाना, ओपी पड़ता है। इस क्षेत्र में 30-40 साइट से अवैध कोयला निकाला जाता है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों से प्रतिदिन 150-200 ट्रक कोयला निकाला जाता है। प्रति टन 8 से 10 हजार का व्यवसाय हाउस के नियंत्रण में होता है। उन्होंने कहा कि इस धंधे में थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर, डीएसपी, एसडीओ ग्रामीण एसपी, खनन अधिकारी, अंचलाधिकारी का हिस्सा भी निर्धारित है। बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम सिंह, पूर्व में मुख्यमंत्री के सुरक्षाकर्मी रहे हैं। एसएसपी दाहिना और इंस्पेक्टर अजीत सिंह बायां हाथ हैं जो मिलकर मालदार थानों की बोली लगाते हैं। एसएसपी की मदद के लिए जमशेदपुर से रितेश, विकास सहित अन्य को भी बुलाया गया है। प्रमुख कोल साइट्स में भौंदा अरविंद, कारण, कुंजामा आकाश, मनीष आर्य, पंचेत अंजनी, निरसा संजय सिंह, गोपाली और बाघमारा पांडेय जी जबकि बरौना, तेतुलमारी, जमुनिया राम कनाली इन तीन साइट्स को बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम सिंह खुद चलवाते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जीना गोंडा, बरारी, अलगडीहा गणेश यादव का बेटा बिट्टू काम देखता है। सुदामडीह शेखर सिन्हा, गुलाम केशर आदि देखते हैं। मरांडी ने राज्य सरकार से इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता रमाकांत महतो उपस्थित थे।

# आजसू छात्र संघ का भिक्षा जनाक्रोश मार्च आज

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आजसू छात्र संघ गुरुवार को बापू वाटिका, मोरहाबादी से राजभवन तक शिक्षा के लिए भिक्षा जनाक्रोश मार्च निकलेगा। मार्च में संघ राज्य भर के लाखों छात्रों की छात्रवृत्ति रोके जाने के खिलाफ प्रदर्शन करेगा। उक्त जानकारी आजसू के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में बुधवार आयोजित प्रेस वार्ता में आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो सहित अन्य पदाधिकारियों ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि भिक्षा जनाक्रोश मार्च मोरहाबादी के बापू वाटिका से राजभवन तक निकाला जायेगा। इसके बाद आजसू छात्र संघ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगा और उनसे लंबित 2024-25 की छात्रवृत्ति वितरण में हस्तक्षेप करने की मांग करेगा। उन्होंने कहा कि छात्रवृति में देरी केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सरकार की गंभीर लापरवाही और उदासीनता को दर्शाती है। इसके चलते उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों का भविष्य संकट में है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के अनुसार 11.34 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिलनी थी, लेकिन अब तक केवल 7.45 लाख छात्रों को आंशिक भुगतान किया गया है।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/15/2025-26 (2nd call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-RDSPL/SD/HZB/15/2025-26 | चौपारण | प्राथमिक विद्यालय, नौडीहा में चार अतिरिक्त कमरे का निर्माण एवं उन्नयन कार्य। | 7102100.00 | 142100.00 | 10000.00 | 08 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.12.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.12.2025 से दिनांक 12.12.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –13.12.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 367154 Rural Development(25-26)D


# घबराये विपक्ष की यह हताशा है, सच से डरते हैं बाबूलाल : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विपक्ष के आरोपों पर बुधवार को तीखी प्रतिक्रिया दी। झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा अवैध कोयला व्यापार को लेकर लगाये गये आरोपों को बेबुनियाद, राजनीतिक रूप से प्रेरित और घबराहट में किया गया झूठा प्रहसन बताया। उन्होंने कहा कि मरांडी जी जान लें झूठ को सौ बार बोलने से वह सच नहीं हो जाता। झारखंड में कानून का राज है और किसी भी स्तर की अवैध गतिविधि पर कार्रवाई जरूर होती है। ये जीरो टॉलरेंस वाली सरकार है। भाजपा सत्ता से बाहर है, इसलिए उसे हर जगह डर और भ्रम नजर आ रहा है। विनोद पांडेय ने आगे कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार और कोयला माफिया को बढ़ावा देने वाली कोई सरकार रही है, तो वह भाजपा के नेतृत्व में रही थी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सबसे पहले मरांडी जी यह बतायें कि उन्हें कोयला साइट्स, थानों की फीस, हवाला रूट और महाराजा-सेनापति वाली पूरी स्क्रिप्ट किसने थमाई? यह आरोप कम और किसी फिल्मी लेखक की कहानी ज्यादा लगती है। विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड सरकार ने पिछले एक वर्ष में अवैध खनन पर ऐतिहासिक स्तर पर रोक लगायी है। यह भाजपा को रास नहीं आ रहा, इसलिए झूठ की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि मरांडी द्वारा सरकार पर बेबुनियादी आरोप लगा रहे हैं यह उनकी राजनीतिक हताशा का चरम है। मरांडी जी के आरोपों में न तथ्य है, न सबूत। केवल मीडिया की सुर्खियों में बने रहने का प्रयास है। भाजपा अब झारखंड की जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है। इसलिए वह रोज नये आरोप गढ़ रही है। विनोद पांडेय ने कहा कि सरकार हर जांच के लिए तैयार है, लेकिन उसे तथ्यों और कानून के दायरे में होना चाहिए। मरांडी जी कब से अफवाहों को एफआइआर और सुनी-सुनाई बातों को साइट मैप समझने लगे? उनके पास यदि एक भी ठोस तथ्य हो तो सामने लायें। झारखंड सरकार किसी भी जांच से पीछे नहीं हटेगी। प्रवक्ता पांडेय ने आक्रमण करते हुए कहा कि भाजपा को आईना दिखाना जरूरी है। झारखंड में कोयला माफिया किस राजनीतिक दल के संरक्षण में पनपे, यह पूरी दुनिया जानती है। धनबाद से लेकर गिरिडीह तक भाजपा के नेताओं से जुड़े नाम आज भी कोर्ट में लंबित मुकदमों में दर्ज हैं। मरांडी जी यूं ही साइट-वाइट की कहानी लिखने से पहले अपनी पार्टी का इतिहास पढ़ लें। भाजपा की बेचैनी को भला कौन नहीं जान-समझ रहा है। समय आने पर सभी नामों का पदार्फाश किया जायेगा।

महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार 2.0 के एक वर्ष में अवैध खनन पर शिकंजा, खनन पट्टों में पारदर्शिता, पुलिस-प्रशासन की जवाबदेही, कोयला परिवहन पर डिजिटल ट्रैकिंग जैसे मजबूत कदम उठाये हैं। जो सरकार सिस्टम को मजबूत करे, भाजपा उसी पर हमला करती है। क्योंकि मजबूत सिस्टम से सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा की माफिया पर आधारित राजनीति को होता है। विनोद पांडेय ने कहा मरांडी जी जो कहानियां वे गढ़ रहे हैं, उससे साफ है कि वे राजनीति नहीं, कोई सस्पेंस थ्रिलर लिखने का प्रयास कर रहे हैं। जनता इन मनगढ़ंत कहानियों को स्वीकार नहीं करेगी। झामुमो ने स्पष्ट कहा कि झूठ फैलाकर सत्ता नहीं मिलती। भाजपा के आरोप निराधार हैं, और सरकार पारदर्शिता के साथ कार्रवाई कर रही है।


कार्यालय झुमरीतिलैया नगर परिषद

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना सं0– 21/2025-26

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक पदाधिकरी, झुमरी तिलैया, नगर परिषद
2. परिमाण विपत्र बिक्री तिथि एवं स्थान : 04.12.2025 को 5.00 अपराहन तक, झु0ति0, नगर परिषद कार्यालय
3. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय : झु0ति0, नगर परिषद, 05.12.2025 3:00 बजे अप0 तक
4. निविदा खोलने की तिथि स्थान एवं समय : झु0ति0, नगर परिषद 06.12.2025 4:00 बजे अप0 से
5. कार्य का विवरण–

| क्रं0 सं0 | मद् का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला अनाबद्ध निधि | Construction of PCC Road From Saryu Modi House Via Ashok Kumar House to Gayatri Mandir at Ward No-05. | 2,93,200 | 5864 | 1000 | 2 MONTH |
| 2. | जिला अनाबद्ध निधि | Construction of RCC Drain From Saryu Modi House Via Ashok Kumar House to Gayatri Mandir at Ward No-05. | 4,09,800 | 8200 | 1000 | 2 MONTH |

प्रशासक
झुमरी तिलैया, नगर परिषद

PR 367115 (Urban Development) 25-26 (D)



शपथ पत्र



शपथ पत्र संख्या - 33, दिनांक : - 10.11.2025 के अनुसार मैं जगन्नाथ सिंह मुंडा,पिता - मनोहर सिंह मुंडा, निवासी ग्राम - तिरुलडीह, पोस्ट- चिपडी, थाना- ईचागढ़, जिला - सरायकेला - खरसावां, झारखंड, एतद् द्वारा शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि: - 1. यह कि, मैं उपरोक्त ग्राम का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि, मेरे आधार कार्ड संख्या - 6247 5821 1403 में मेरा नाम कुस्कान कुमारी ( KUSKAN KUMARI) दर्ज है, जो की गलत है। 3. यह कि, मेरा वास्तविक एवं सही नाम मुस्कान कुमारी (MUSKAN KUMARI) है, जो कि मेरा जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज हैं, जो कि मेरा जन्म प्रमाण पत्र का निबंधन संख्या - BA654516546165, Date of Issue - 06.02.2025 हैं। 4. यह कि, कुस्कान कुमारी ( KUSKAN KUMARI) एवं मुस्कान कुमारी (MUSKAN KUMARI) दोनों नाम मेरा ही हैं, जो कि मैं स्वयं हूं। 5. यह कि, मेरे उक्त आधार कार्ड में दर्ज नाम कुस्कान कुमारी (KUSKAN KUMARI) के स्थान पर मुस्कान कुमारी (MUSKAN KUMARI) संबंधित पदाधिकारी के द्वारा सुधार करवाना चाहता हूं। 6. यह कि, आधार कार्ड में दर्ज नाम सुधार करवाने हेतु मैं यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हुँ।


# कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया संविधान दिवस, कहा- बीजेपी, आरएसएस की साजिश नहीं होने देंगे कामयाब

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** देशभर में बुधवार के दिन संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रांची में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने डोरंडा स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की रक्षा करने की शपथ ली. इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हम संविधान को खत्म करने की बीजेपी और आरएसएस की साजिश को कभी पूरा नहीं होने देंगे.

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कांके विधायक सुरेश बैठा, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन केदार पासवान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने दोनों ही महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान बचाने का संकल्प लिया।

**पूरे देश के लिए आज का दिन विशेष: राजेश कच्छप :** झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता राजेश कच्छप ने कहा कि आज का दिन पूरे देश के लिए विशेष है। बिना संविधान के इस देश की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरएसएस देश को विभाजन की ओर ले जाना चाहते हैं, जिसे हम पूरा नहीं होने देंगे। राजेश कच्छप ने कहा कि कांग्रेस ने देश को संवारा है और हर कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता का फर्ज है कि वह आगे आकर संविधान की रक्षा करें।

**संविधान को तार-तार करने में लगी है तानाशाही ताकतः कृषि मंत्री :** कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने संविधान दिवस पर कहा कि आज तानाशाही ताकत चाहती हैं कि देश में सबको बराबरी का हक और अधिकार देने वाले संविधान को तार तार कर दें। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हमारा संविधान एक किताब भर नहीं है बल्कि ये देश की नींव है। कृषि मंत्री ने कहा कि देश की सांस संविधान में बसती है लेकिन कुछ लोग इसे कमजोर करना चाहते हैं।

**संविधान की रक्षा के लिए सब कुछ न्योछावरः केशव महतो कमलेश :** संविधान दिवस के मौके पर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि हमारे नेता राहुल गांधी ने संविधान को बचाने का जो संकल्प लिया है, उनके साथ हर एक कांग्रेसी खड़ा है। झारखंड के हर व्यक्ति ने संविधान की रक्षा का संकल्प लिया है और उसके लिए अपनी जान तक न्योछावर करने को तैयार हैं। इस दौरान अमूल्य नीरज खलको, रमा खालको, केदार पासवान, सुरेश बैठा, अशोक चौधरी, संजय लाल पासवान, रविंद्र सिंह, शमशेर आलम, रमा खलखो, जोसाइ मार्डी, सतीश पौल मुंजनी, रविंद्र सिंह, अमुल नीरज खलखो, विनय उरांव, नवीन सिंह, कुमार राजा, प्रोफेसर बिमलांशु शेखर मलिक, अशोक चौधरी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आलोक कुमार दुबे, सोनाल शांति, विनय सिन्हा दीपू, आभा सिन्हा, डॉ राकेश किरण महतो, निरंजन पासवान, राजेश सिन्हा सन्नी, राकेश किरण आदि मौजूद थे।


चक्रधरपुर मंडल के तहत विभिन्न सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना

राष्ट्रपति, भारत संघ के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा चक्रधरपुर मंडल के तहत नीचे उल्लिखित श्रेणियों की सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी प्रणाली के अधीन ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रित की जाती है। इस संबंध में ई-नीलामी सूचनाओं का मसौदा संलग्न है, जिसे **https://www.ireps. gov.in/** वेबसाइट पर अधिसूचित किया गया है। ई-नीलामियों का विवरण नीचे उल्लेखित है: **क्रमांक एवं श्रेणी; सूचीपत्र सं.; नीलामी की तारीख; नीलामी शुरू होने का समय; नीलामी बंद होने का समय** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1)** पार्सल; पार्सलएसएलआर-18181; 03.12.2025; 12.00 बजे; 12.50 बजे। **(2)** पे एंड यूज; पीएनयू-सीकेपीडीआईवी-एनओवी; 04.12.2025; 12.30 बजे; 13.00 बजे। **(3)** पार्किंग; पार्किंग-सीकेपी-25; 10.12.2025; 12.30 बजे; 13.00 बजे। **(4)** मिस्लेनियश; मिक्स्ड-सीकेपीडीआईवी-25; 10.12.2025; 12.30 बजे; 12.00 बजे (दिनांक 11.12.2025 को)। इच्छुक पार्टियां कृपया इस पर ध्यान दें एवं ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी तथा साइट के विवरण के लिए ऊपर उल्लेखित वेबसाइट देखें। अनुसंधान/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-884)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा



कार्यालय- जिला कृषि पदाधिकारी, राँची
संयुक्त जिला कृषि कार्यालय, कृषि भवन परिसर, कांके रोड, राँची–834008
e.mail-daoranchi1@gmail.com

रॉंची जिला के बिरसा किसान भाईयों/बहनों के लिए आवश्यक सूचना

रॉंची जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में सर्वसधारण बिरसा किसान भाईयों/बहनों को सूचित करना है कि वर्त्तमान रबी वर्ष 2025 में बिरसा बीज विनिमय वितरण एवं बीजोत्पादन योजना अन्तर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर जिले के विभिन्न लैम्पसों, FPO एवं निजी अधिकृत अनुज्ञप्तिधारक बीज बिक्रेताओं को विभिन्न रबी फसलों यथा गेहूँ, चना, मसूर एवं सरसों बीज की आपूर्ति कृषि विभाग द्वारा की जा चुकी है।

बीजों का वितरण विभाग द्वारा निर्धारित दर पर जिले के इच्छुक कृषकों के बीच किया जाना है। किसान भाईयों/बहनों अपने नजदीकी लैम्पसों, FPO एवं निजी अधिकृत अनुज्ञप्ति धारक बीज बिक्रेताओं के बिक्री स्थल से बीज क्रय 50 प्रतिशत अनुदान के समतुल्य कृषक अंशदान देकर कर सकते है। प्रखण्डवार एवं संस्थावार आपूरित बीज अनुदानित दर की विवरणी निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | फसल | प्रभेद का नाम | दर प्रति (किग्रा0 रू0में) 50: अनुदान | एजेंसी का माम | प्रखण्ड का नाम | प्राप्त बीज की मात्रा (क्वी0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गेहूँ | DBW-187 | 19.875 | सिल्ली लैम्पस | सिल्ली | 300 |
| | | | | चान्हों लैम्पस | चान्हों | 200 |
| | | | | कुल | | **500** |
| 2 | गेहूँ | HD-2967 | 19.875 | नामकुम लैम्पस | नामकुम | 180 |
| | | | | बुण्डू लैम्पस | बुण्डू | 200 |
| | | | | चान्हों लैम्पस | चान्हों | 100 |
| | | | | ककरीय लैम्पस | लापुंग | 100 |
| | | | | जामुदाग फार्मर सर्विस पि0ली0 | सोनाहातु | 200 |
| | | | | दुलमी फल सब्जी सहयोग समिति | राहे | 200 |
| | | | | नवाडिह लैम्पस | तमाड़ | 200 |
| | | | | उरूगुटू लैम्पस | कॉके | 200 |
| | | | | माण्डर 4 एस 4 आर एफ0पी0ओ0 | माण्डर | 200 |
| | | | | धरती विकास फल सब्जी | बुढ़मू | 200 |
| | | | | कुल | | **1780** |

| क्र0 सं0 | फसल | प्रभेद का नाम | दर प्रति (किग्रा0 रू0में) | एजेंसी का माम | प्रखण्ड का नाम | प्राप्त बीज की मात्रा (क्वी0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 3 | गेहूँ | HD-3086 | 19.875 | गिन्जो ठाकुरगॉव लैम्पस | बुढ़मू | 50 |
| | | | | ब्राम्बे लैम्पस | माण्डर | 50 |
| | | | | गोलवालकर एफ0पी0ओ0 | ओरमांझी/ अनगड़ा | 74.8 |
| | | | | रॉंची जिला सी0एस0सी0 | लापुंग/ईटकी/चान्हों | 699.6 |
| | | | | उरूगुटू लैम्पस | कॉके | 200 |
| | | | | धरती विकास फल सब्जी | बुढ़मू | 100 |
| | | | | हरिहर जामटोली लैम्पस | बेड़ो | 50 |
| | | | | बाबा जलेश्वर नाथ प्रो0 कम्पनी लि0 | चान्हों | 100 |
| | | | | सरहुल आजिविका फार्मर प्रो0कम्पनी लि0 | सभी प्रखण्ड | 510 |
| | | | | कुल | | **1834.4** |
| 4 | चना | GNG-2171 | 46.5 | सिल्ली लैम्पस | सिल्ली | 9.9 |
| | | | | नामकुम लैम्पस | नामकुम | 19.8 |
| | | | | जामुदाग फार्मर सर्विस पि0ली0 | सोनाहातु | 19.8 |
| | | | | दुलमी फल सब्जी सहयोग समिति | राहे | 9.83 |
| | | | | नवाडिह लैम्पस | तमाड़ | 24.8 |
| | | | | रॉंची जिला सी0एस0सी0 | लापुंग/ईटकी/चान्हों | 39.9 |
| | | | | उरूगुटू लैम्पस | कॉके | 30 |
| | | | | धरती विकास फल सब्जी | बुढ़मू | 17.4 |
| | | | | कुल | | **171.43** |
| 5 | मसूर | L-4727 | 55.00 | नामकुम लैम्पस | नामकुम | 4.24 |
| | | | | रॉंची जिला सी0एस0सी0 | लापुंग/ईटकी/चान्हों | 10 |
| | | | | कुल | | **14.24** |
| 6 | सरसों | DRMR-150-35/RH-761 | 51.45 | रॉंची जिला सी0एस0सी0 | लापुंग/ईटकी/चान्हों | 40 |
| | | | | सिल्ली लैम्पस | सिल्ली | 5 |
| | | | | उरूगुटू लैम्पस | कॉके | 10 |
| | | | | सरहुल आजिविका फार्मर प्रो0कम्पनी लि0 | सभी प्रखण्ड | 40 |
| | | | | कुल | | **95** |

उक्त बीज का क्रय हेतु कृषक को आधार कार्ड, भूमि का रकबा संबंधित दस्तावेज (रसीद/पर्चा) एवं मोबाईल नं0 (मोबाईल सहित) ले जाना आवश्यक है। बीज का वितरण झारखण्ड सीडस् के पोर्टल से Blockchain अन्तर्गत मोबाई OTP के माध्यम से किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए जिला कृषि कार्यालय, रॉंची एवं संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक से संपर्क कर सकते है। फसल का बीज की मात्रा कृषि निदेशालय से प्राप्त आवंटन के अनुसार बढ़–घट सकती है।

जिला कृषि पदाधिकारी, रॉंची

PR 367150 Agriculture(25-26)#D

# संविधान दिवस पर कार्यक्रमों में उठा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प

## भारत के संविधान को बचाना सभी भारतवासियों की जिम्मेवारी : जेपी पटेल




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में संविधान बचाओ दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि कैबिनेट मिशन योजना में भारतीय संविधान के निर्माण हेतु परोक्ष निर्वाचन के आधार पर एक संविधान सभा के निर्माण का सुझाव दिया था। 26 जनवरी 1949 को इसे अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया गया । इसके बाद यह संविधान 26 जनवरी 1950 को भारत में लागू कर दिया गया । लेकिन आज लोकतंत्र को ताक पर रख कर भाजपा द्वारा भारत के संविधान को जिस तरह से धज्जियां उड़ाई जा रही हैं उसे बचाना सभी भारतवासियों की जिम्मेवारी है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश महासचिव बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी, विजय कुमार यादव, अवधेश कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार यादव, जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान, नेत्री रेणु कुमारी, बेबी देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी रजी अहमद, अजीम खान, रवि शर्मा, विरेन्द्र कुमार सिंह, अजय गुप्ता, उदय पाण्डेय, सुनिल सिंह राठौर, भैया असीम कुमार, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद, प्रखंड अध्यक्षों में अजीत कुमार सिंह ,अब्बास अंसारी, अब्दुल मनान वारसी, गौतम कुमार मेहता, रविन्द्र गुप्ता, मोहम्मद मोइनुद्दीन, अजय यादव, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष ज्ञानी प्रसाद मेहता, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजय प्रजापति, निसार अहमद भोला आदि उपस्थित थे।

## जीएम कॉलेज में मना संविधान दिवस



**इचाक (आजाद सिपाही)।** जीएम महाविद्यालय इचाक में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ हुआ, जिसके माध्यम से उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने संविधान के प्रति निष्ठा और संवैधानिक मूल्यों की सुरक्षा व संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीतिक विज्ञान के शिक्षक सह महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने की। अपने संबोधन में उपस्थित वक्ता शिक्षकों ने भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं, मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्य तथा लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाने में नागरिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रभारी शिक्षक पंकज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की लोकतांत्रिक मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे आदर्श को अपने जीवन में अपनाएं यही संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। इस अवसर पर डॉक्टर भीमराव रामजी आंबेडकर सहित संविधान निर्माण में योगदान देने वाले सभी संविधान निमार्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन भूगोल शिक्षक संजीत कुमार यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र शिक्षक रत्नेश कुमार राणा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अजीत हंसदा, रवि कुमार महतो, रितु रानी एवं पार्वती कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 01

## आजसू के पूर्व मीडिया प्रभारी सरदार कर्मवीर सिंह का निधन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के परासी गांव निवासी सरदार कर्मवीर सिंह (78) वर्ष का निधन बुधवार सुबह हो गया। वे कुछ दिन से बीमार चल रहे थे। सरदार कर्मवीर सिंह पूर्व में आजसू पार्टी के मीडिया प्रभारी भी रह चुके है और क्षेत्र में समाजसेवी के रूप में जाने जाते थे। इनके निधन से क्षेत्र में गम का माहौल है। अंतिम संस्कार आज गुरुवार को परासी गांव के सूर्य मंदिर श्मशान घाट में किया जाएगा। इनके चार पुत्र में एक सरदार पप्पू सिंह की मौत पूर्व में हो चुकी है, जबकि तीन पुत्र रिंकू सिंह, बिट्टू सिंह और गुरप्रीत सिंह उर्फ सीटू सिंह व्यवसाय करते हैं। निधन पर क्षेत्र के कई नेता और समाजसेवियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। 02

## टीम ने सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत से संबंधित कार्यों का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर की अधिकारी दीपाली कौशिक एवं डॉ. पूजा ने सदर अस्पताल, कोडरमा का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जिला अस्पतालों की सेवा-प्रदायगी एवं संसाधन आवंटन पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन करना था। टीम सदस्यों ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्यान्वयन के वास्तविक प्रभावों को समझने हेतु यह जानना आवश्यक है कि योजना लागू होने के बाद जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्धता एवं इंफ्रास्ट्रक्चर में किस प्रकार की मजबूती आई है। टीम ने अस्पताल के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों एवं इकाइयों ओपीडी एरिया, सीटी स्कैन, एक्स रे यूनिट, ब्लड सेंटर, लेबर रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने बताया कि जन आरोग्य योजना के कारण सदर अस्पताल, कोडरमा का इंफ्रास्ट्रक्चर उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ हुआ है।मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध हो रही हैं। अस्पताल में स्पेशलिस्ट एवं सुपर स्पेशलिस्ट सेवाओं का विस्तार सराहनीय है। टीम ने यह भी उल्लेख किया कि यदि अन्य जिला अस्पताल भी इसी प्रकार विकसित हो जाएँ, तो गरीब एवं कमजोर तबके के मरीजों को उपचार हेतु निजी संस्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## 25 यक्ष्मा मरीजों को पोषणाहार किट उपलब्ध कराया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सीएसआर फंड के माध्यम से कुल 25 यक्ष्मा मरीजों को पोषणाहार किट उपलब्ध कराई गई। जिला मुख्यालय स्तर पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार एवं जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार के द्वारा इन 25 मरीजों को पोषणाहार किट (दाल, चना, मूंगफली, गुड़, सोयाबीन तेल) वितरित की गई। इस कार्यक्रम के तहत समूह एवं टीबी मरीजों को प्राथमिकता देते हुए पोषणाहार किट उपलब्ध कराई जा रही है, क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वे प्रोटीनयुक्त आहार का उपयोग नहीं कर पाते हैं।उक्त पोषणाहार किट वितरण कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा केंद्र से अखिलेश कुमार (जिला कार्यक्रम समन्वयक यक्ष्मा), आदित्य कुमार, अणु पाण्डेय, अरविंद कुमार राणा, सालिक जफर तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बी.एम. मेमोरियल स्कूल में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार ने तथा संचालन शिक्षक मुकेश कुमार दास ने किया। शुरूआत में डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा दिनकर ने कहा कि बाबा साहब ने हर नागरिक को मौलिक अधिकार देकर कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने जातिवाद, भ्रष्टाचार और शोषण से मुक्ति दिलाई तथा महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार सुनिश्चित किए। रोजगार, शिक्षा और संस्कृति में समानता दिलाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा और महान संविधान है, जिसे अन्य देश भी अपनाते हैं। यह सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान करता है। उपप्राचार्य पूनम कुमारी ने कहा कि अंबेडकर जी सभी जाति, धर्म और महिलाओं के अधिकारों के मजबूत पक्षधर थे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक संघर्षों पर देश को दिशा दी तथा अपने संघर्षों से बड़ी-बड़ी चुनौतियों को हल किया। कार्यक्रम में स्कूल के निर्देशक संदीप कुशवाहा, उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य, उपप्राचार्य, शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार सहित शिक्षक–ब्रह्मदेव सिंह चौहान, आनंद राज, महेंद्र विश्वकर्मा, सोनू कुमार, कृष्ण यादव, राजेश कुमार, ऋषभ अग्रवाल, एरिका टोप्पो, देवंती कुमारी, अंजली मिश्रा, गंगा भारती, मनीषा कुमारी, अफसाना परवीन, स्नेहा कुमारी, सावित्री टुडू, अन्नीदिता दास, विकास ठाकुर, सुभाष प्रसाद, आदित्य कुमार, ज्योति कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## कोडरमा घाटी में सड़क हादसा, चालक घायल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी में दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार सुबह को कोडरमा थाना क्षेत्र के रांची पटना मुख्य मार्ग स्थित कोडरमा घाटी के नौवां माईल पर भी हादसा हुआ। लोहे का एंगल लोड एक ट्रक बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हालांकि इस दुर्घटना में ट्रक चालक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक (यूपी 53 डीटी 6517) टाटा के एक लोहे की फैक्ट्री से एंगल लोड कर बिहार की ओर जा रही थी। इसी दौरान कोडरमा घाटी के नौवां माइल के समीप ट्रक का ब्रेक फेल हो गया, जिससे ट्रक चालक अपना संतुलन खो बैठा और सड़क किनारे एक पत्थर के चट्टान से टकरा गया। जिससे ट्रक मे लोड सारा लोहे का एंगल ट्रक के केबिन और सामने वाले शीशे को तोड़कर बाहर निकल गया। गनीमत रही कि एंगल चालक को छूकर निकल गया, वरना चालक के साथ कुछ भी अप्रिय घटना घट सकती थी। इस दौरान वाहन के अगले हिस्सा का परखच्चा उड़ गया, वहीं चालक ट्रक के केबिन में हीं फंस कर घायल हो गया। चालक उमेश यादव ग्राम जानकी नगर का है। घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा पीसीआर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन से चालक को निकाल कर इलाज कराया।

## भारतीय संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भारतीय संविधान दिवस, 26 नवंबर के अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि जैन द्वारा समाहरणालय परिसर में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने तथा देश के सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय; विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता; प्रतिष्ठा और अवसर की समता सुनिश्चित करने के लिए दृढ़संकल्पित होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलाई गई। यह शपथ कार्यक्रम जिले एवं प्रखंड स्तर के अन्य कार्यालयों में भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, भू-अर्जन पदाधिकारी ओम प्रकाश मंडल, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार, जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# थ्रेशर मशीन के आने से गुम हो गयी बैलों के गले की घंटी की मधुर आवाज



आजाद सिपाही संवाददाता

केरेडारी। एक समय था जब किसान वर्ग के लोग वर्षा ऋतू में धान की खेती के बाद अगहन महीने का बेसब्री से इंतजार किया करते थे क्यूंकि अथक परिश्रम के बाद धान के फसल को घर लाने के लिए पहले फसल की कटाई होती थी और फिर करीब एक पखवाड़े से करीब एक महीने तक खलिहान में धान की मैसिनी होती थी जिससे पुवाल से धान को अलग किया जाता था। लेकिन आज के आधुनिक समय में खेती की नई नई तकनीक आने से और इस वर्ष धान के फसल की बम्पर पैदावार होने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। वहीं अब धान झाड़ने वाली आधुनिक मशीनों के आने से बैलों के गले में बँधी घंटी की वो मधुर आवाज कहीं गुम सि हो गई है। आज से बीस से पचीस वर्ष पूर्व धान की मैसिनी बैलों से प्राकृतिक तरीके से की जाती थी जिससे आधी रात से ही खलिहानो में बैलों के गले में बंधी घंटी की मधुर आवाज गूंजती थी लेकिन अब धान झाड़ने वाली थ्रेसर मशीन के आने से वो प्राकृतिक छटा अब दूर हो गई है। पूर्व में जहाँ एक महीने से तक धान के मैसिनी की जाती थी वहीं अब मशीन के आने से किसानों को काफी सुविधा हुई है और महीनों का काम अब कुछ घंटो में ही हो रहा है लेकिन वर्तमान पीढ़ी के बच्चे वो मनमोहक दृश्य से अनजान हैं। वो बीती यादें जब एक दिन पूर्व शाम को धान के बोझे को खोल कर खलिहान में बिखरा दिया जाता था और तीन बजे भोर से ही खोवा शुरू हो जाता था। इस कार्य में दो लोग लगे रहते थे जो कंबल का सहारा लेकर बारी बारी से बैलों को घुमाते थे। एक व्यक्ति बैलों को घुमाता था तो दूसरा व्यक्ति अगहन की ठीठुरति ठंड में आग तापता और इसी दौरान आलू को पकाकर उसका लुफ्त उठाते थे। किसान परमेश्वर यादव ने बताया की अब बदलाव का दौर है व कृषि क्षेत्र में भी बदलाव की क्रांति है पूर्व में जहाँ लोग लम्बे समय तक धान की मैसिनी का काम करते थे वहीं अब घंटों में ही सारा काम हो जाता है जिससे समय की काफी बचत होती है।

## बेकोबार में खलिहान में लगी आग हजारों का नुकसान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना के बेकोबार मे बीती रात खलिहान में आग लगने से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित दिलीप रजक पिता महादेव रजक ने बताया कि बीती देर शाम धान झाड़ कर घर आए थे इसके बाद रात देखे कि उनका खलिहान की ओर से धुआँ निकल रहा है। वहां गए तो पाया कि धान और पुआल मे आग लगी है। जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई जिसके बाद आनन - फानन मे पास के कुआं से मोटर चलाकर किसी तरह से आग को काबू मे पाया। पीड़ित ने बताया कि आग लगी से 50 से 60 हजार का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित को आशंका है कि उपर से गुजरे बिजली तार से शार्ट सर्किट से आग लगी है। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है।

## जिला स्तरीय पेंशन अदालत 28 नवंबर को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पेंशनधारी के पेंशन संबंधी लंबित मामलों के निराकरण हेतु समाहरणालय सभाकक्ष कोडरमा में 28 नवंबर को जिला स्तरीय पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है। उक्त पेंशन अदालत में महालेखाकार कार्यालय के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष नारायण मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि पेंशन अदालत का आयोजन 12 बजे दिन से किया जाएगा। उन्होंने पेंशनर्स से इसमें भाग लेकर अपनी समस्याएं रखने की अपील की है।

## झुमरीतिलैया में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 7, 8, 9, 10 के निवासियों को हेमंत सोरेन द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं को उपलब्ध कराने हेतु आयोजित कैंप पर झुमरीतिलैया नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय सेठ, जिला सचिव सऊद खान के साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू उपस्थित हुए। झुमरीतिलैया नगर परिषद के सिटी मैनेजर रणधीर कुमार वर्मा, कनीय अभियंता मो महफूज, संतोष कुमार, टैक्स कलेक्टर लखन सिंह सहित सभी कर्मी सक्रिय रूप से आमजन को लाभ पहुंचाने में सक्रिय दिखे। कोडरमा अंचल अधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने बताया कि नगर के किसी भी वार्ड के छूटे हुए आवेदक हर कैंप में भी आवेदन कर सकते हैं।

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार, आठ मोटरसाइकिल बरामद

29 चोरी की घटनाओं को दिया था अंजाम




आजाद सिपाही संवाददाता


**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने मोटरसकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 6 चोर को धर दबोचा है। साथ ही आठ मोटरसाइकिल बरामद भी किया है। इस कारवाई में लोहसिंघना थाना एवं पेलावल ओपी क्षेत्र से चोरी की कुल 8 मोटरसाईकिल बरामद किया गया है। मंगलवार की देर रात हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ ऐलावल ओपी क्षेत्र के छडवा डैम के तरफ घूम रहे हैं। एसपी अंजनी अंजन ने सदर एसडीपीओ अमित आनंद के नेतृत्व में एक टीम बनाई। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छडवा डैम के पास एक मोटरसाईकिल के साथ दो व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसका नाम-पता पूछने पर अपना नाम मो मोत्सम अंसारी उर्फ गोलु एवं अविवकास मलिक उर्फ अरबाज बताया गया है। दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछ-ताछ में इनके निशानदेही पर लोहसिंधना थाना क्षेत्र के झील एरिया से इसी गिरोह के 3 अन्य सदस्यों को चोरी के मोटरसाईकिल के साथ पकड़ा गया। पकड़ाये गये तीनों व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर अपना नाम मो तौसिफ आलम, मो सैफ रजा और इस्लाम अंसारी उर्फ करण बताया। गिरफ्तार इन तीनों अभियुक्तों के निशानदेही पर पेलावल ओपी क्षेत्र के पबरा गाँव से संदीप कुमार मेहता एवं गौतम कुमार मेहता के घर से कुल 6 चोरी का मोटरसाईकिल बरामद किया। इस दौरान संदीप को गिरफ्तार भी कर लिया गया। ये संगठित अपराधिक गिरोह के है, जो हजारीबाग क्षेत्र के अलग अलग थाना क्षेत्रों से मोटरसाईकिल चोरी की घटना को अंजाम देते थे। इस मोटरसाईकिल चोरी का मुख्य सरगना संदीप कुमार मेहता एवं इनका साथी है। इन सभी अभियुक्तों के द्वारा जिले में 29 मोटरसाईकिल की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, जिसमें 8 मामले में पुलिस ने कामयाबी हासिल कर ली है। छापामारी दल में सदर एसडीपीओ अमित आनन्द, इंस्पेक्टर शाहिद रजा, लोहसिंघना थाना प्रभारी निशान्त केरकेटा, पेलावल प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय, बड़ा बाजार थाना प्रभारी पंकज कुमार, इचाक थाना प्रभारी राजदीप कुमार के अलावा तकनीकि शाखा और लोहसिंघना थाना एवं पेलावल ओपी के पुलिस बल शामिल थे।

## सदर अस्पताल से चोरी गयी बाइक बरामद चोर गिरफ्तार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (सदर अस्पताल) से गत दिन पूर्व चोरी हुई बाईक को सदर पुलिस ने बरामद कर लिया है। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के ड्राइवर धनेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने सदर हॉस्पिटल से चोरी होने का आवेदन सदर थाना को दिया था। जिस पर सदर थाना कांड संख्या 353/25 दर्ज कर खोजबीन शुरू की। अनुसंधान छापामारी के क्रम में वाहन को बरामद कर आर्यन कुमार उर्फ बहादुर पिता कमल बहादुर श्रेष्ठ पता ओकनी थाना लोहसिंघना को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## अयोध्या में ध्वजारोहण के अवसर पर भक्तों ने किया नगर भ्रमण, भव्य मंगला आरती का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत में मंगलवार संध्या विश्व हिंदू परिषद व बंजरग दल के नेतृत्व में नगर भ्रमण व मंगला आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विदित हो अयोध्या में श्री राम मंदिर में ध्वजा रोहण के शुभ अवसर पर बरकनगांगो के ग्रामीणों ने धूमधाम से और गाजे बाजे के साथ सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हो कर पूरे गांव में भ्रमण किया । इसमें गांव की माताएं, बहने, पुरुष, नौजवान, बच्चे सभी ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पूरा गांव राम नाम मय हो गया।वहीं जय श्री राम के नारो से क्षेत्र गुंजेमान हुआ। इसमें विहिप व बजरंगदल के प्रखंड स्तर के सभी प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे ।वहीं राम नाम के जयकारे के साथ मंगला आरती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में पूजा पाठ के साथ किया गया। समरसता प्रमुख मुकेश पांडेय ने मंत्र कर मंगला आरती कार्यक्रम संपन्न कराया।वहीं विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सभी सनातनियों को प्रत्येक मंगला आरती कार्यक्रम में आवश्यक रूप से भाग लेना है और आपस में एक जुटता बनाए रखें। जाति पाती से ऊपर उठकर हम सब केवल एक सनातनी हैं। मौके पर प्रखंड विश्व हिंदू परिषद मंत्री सत्यम भारती जी,मीडीया प्रभारी मंटू पांडेय, सत्संग मिलन प्रमुख तुलसी कुमार,समरसता प्रमुख मुकेश पांडेय, ईश्वर बरनवाल, गोविंद, राजेंद्र, बद्री बाबा, डॉक्टर निरपति, गंगाधर, मणिलाल, विजय, इंद्रदेव मोदी, कैलाश, रामजी मोदी, उप मुखिया दुलार चंद पासवान, मनोज यादव, कैलाश, लखन, शंकर दयाल सिंह, झाड़ी सिंह, मंजू सिंह, अरविंद पंडित, पिंटू राणा सरजू मोदी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही

रांची, गुरुवार, 27 नवंबर, 2025

www.azadsipahi.in

05


## महत्वपूर्ण खबरें

### मिश्राइन मोढ़ा में आपकी सरकार शिविर में लोगों के बीच बंटे धोती साड़ी और प्रमाण पत्र का वितरण



गिद्दी (आजाद सिपाही)। पंचायत मिश्राईन मोढ़ा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ, कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत किया गया, अवसर पर प्रखंड डाड़ी बीडीओ अनुप्रिया, प्रमुख दीपा देवी, उप प्रमुख सुमन देवी, पंचायत मुखिया समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। कैंप में लाभुकों के बीच धोती साड़ी, वृद्धा पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरण किये गये। सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जिसे हर गांव में शिविर लगाकर लोगों को इसका लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है।

### समाहरणालय परिसर में संविधान दिवस पर उद्देशिका का सामूहिक वाचन



चतरा (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री ने की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री सुमित कुमार अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्र के सर्वोच्च ग्रंथ भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि संविधान न केवल शासन का आधार है, बल्कि नागरिकों के अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों का पथप्रदर्शक भी है।

### भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन



चतरा (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक विज्ञान विभाग के शिक्षक अभय प्रकाश, आर्य अमित सिंह, अमित कुमार, सचिन कुमार एवं सुश्री निर्मला कुमारी ने संविधान के महत्व, नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने कानून का पालन करने एवं आदर्श नागरिक बनने की शपथ भी ली। कार्यक्रम के अंत में विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य ए के चौबे ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संविधान केवल कानूनों का दस्तावेज नहीं, बल्कि एक जीवंत मार्गदर्शक है, जो हमें राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर करता है।

### एसएसबी 35 बटालियन का जागरूकता अभियान



चतरा (आजाद सिपाही)। सशस्त्र सीमा बल चतरा द्वारा सार्वजनिक संपत्ति हमारी जिम्मेदारी, विषय पर लोगों को जागरूक करने के लिए चतरा महाविद्यालय चतरा के छात्राओं के साथ रैली निकाली गयी। जागरूकता रैली का आयोजन एसएसबी के रमेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी के दिशा-निदेर्शानुसार पर किया गया। इसमें गृह मंत्रालय के निर्देश के अनुसार नागरिकों में नागरिक भावना, व्यवहार में सुधार लाने और उनमें सार्वजनिक संपत्ति के प्रति एक सप्ताह तक जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें चतरा महाविद्यालय के प्रो विवेक आशीष बाखला, प्रो डॉ एल्विन बाखला, प्रो अतुल अनुराग तुर्की, प्रो बी राम, प्रो चंद्रकांत कमल, रवि मित्तल आदि शिक्षकों, छात्राओं एवं सशस्त्र सीमा बल के जवान उपस्थित शामिल थे।

### बाबा भीमराव अंबेडकर को दी गयी श्रद्धांजलि



कुंदा (चतरा)। ग्राम बौधाडीह में शुक्रवार को संविधान दिवस के अवसर पर ग्रामीणों की एक सभा आयोजित की गयी। कार्यक्रम के दौरान संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान को विस्तार से याद किया गया। सभा में उपस्थित ग्रामीणों को संविधान दिवस के महत्व, इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और संविधान द्वारा देश के नागरिकों को मिले अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गयी। इसके बाद ग्रामीणों ने संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक रूप से पढ़कर शपथ ग्रहण किया।

### किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण



कुंदा (चतरा)। प्रखंड क्षेत्र में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत बुधवार को किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा ग्रामीण किसानों को कृषि कार्य में प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रत्येक किसान को 8 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला मक्का बीज उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में कुंदा पंचायत के मुखिया मनोज कुमार साहू, एटीएम जयंत कुमार तथा कृषक मित्र विजय यादव मौजूद रहे।

### तीन मंदिरों में हाइमास्ट लाइट लगी



लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुमार उज्ज्वल दास के सौजन्य से लावालौंग प्रखंड के तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों लावालौंग मुख्यालय के श्रीराम मंदिर, बांदू गांव के शिव मंदिर और शिवराजपुर गांव के बजरंगबली मंदिर में हाईमास्ट लाइटें स्थापित की गयीं। हाईमास्ट लाइट के जलते ही मंदिर परिसरों में जगमगाहट बढ़ गई, जिससे ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। स्थानीय निवासियों ने विधायक कुमार उज्ज्वल दास के इस पहल के लिए उनका आभार जताया है।

### सीसीएल डोजरिंग अभियान को बनवार के युवक ने रोका, ओपी में दिया आवेदन

कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल तोपा प्रबंधन द्वारा बनवार में चलाये जा रहे अवैध कोयला उत्खनन मुहानों के डोजरिंग अभियान को स्थानीय युवक ने बंद करा दिया। साथ ही, पुनः डोजरिंग करने आने पर खून खराबा करने की धमकी दी। जिसको लेकर सीसीएल तोपा परियोजना के सुरक्षा प्रभारी शंकर राम ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि गत 23 नवंबर को तोपा परियोजना के बनवार में चल रहे अवैध कोयला खनन मुहाने को डोजर के माध्यम से बंद किया जा रहा था। इस दौरान शाम लगभग 4 बजे बनवार निवासी शाहिद मियां वहां पहुंचा और गाली गलौज करते हुए उसने डोजरिंग कार्य को बंद करा दिया। साथ ही, धमकी देते हुए बोला कि यह मेरा जमीन है। अगर दोबारा इस जमीन में डोजर लेकर पहुंचा तो खून खराबा भी हो सकता है।

# रामगढ़ पुलिस ने कुख्यात चोर हरिरा को पांच सहयोगियों के साथ किया गिरफ्तार

**जिले में दर्जनों घरों में हरिरा के गैंग ने दी थी चोरी की वारदात को अंजाम**

**एक्सयूवी 500, स्विफ्ट कार दो बाइक के साथ लाखों के जेवरात, टीवी, लैपटॉप बरामद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड और बिहार इलाके में आतंक मचाने वाला कुख्यात चोर हरिरा उर्फ अरमान खान उर्फ दानिश उर्फ राजू को उसके गैंग के साथ रामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हरिरा के खिलाफ सिर्फ झारखंड राज्य के विभिन्न थानों में लगभग 35 मामले दर्ज हैं। उक्त मामले की जानकारी बुधवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि चोरों के इस गैंग के पास से महिंद्रा एक्सयूवी 500, मारुति स्विफ्ट कार, दो मोटरसाइकिल के साथ-साथ सोने-चांदी के जेवर, तीन लैपटॉप, एक एलइडी टीवी, पिघलाया हुआ चांदी का बिस्किट और सोने का जेवर बरामद की है। लाखों रुपये की कीमत के समान को चोरी कर यह गैंग अय्याशी करता था।

गिरफ्तार चोरों में रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत इरबा निवासी मो हरिरा वर्तमान समय में स्कूल मोहल्ला लैम बड़गाई में रहता था। इसके अलावा हजारीबाग जिले के पेलावल रहमतनगर में भी उसका ठिकाना था। उसके साथ गिरफ्तार चोरों में रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत पटेल चौक आरा कांटा निवासी मो साहिल, गोला थाने के सोनार मोहल्ला निवासी दीपक कुमार स्वर्णकार, हजारीबाग सदर थाना के बडम बाजार, महावीर स्थान निवासी अरुण कुमार वर्मा और बृज किशोर वर्मा उर्फ विक्की शामिल है।

**चोरी के जेवरात हजारीबाग में बेचने की थी योजना :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि कुजू ओपी क्षेत्र में 18 मई 2025 को चोरी की एक वारदात हुई थी। उस दौरान चोरों ने लाखों रुपए के जेवर उड़ाए थे। उस कांड में पहले भी 6 लोगों को जेल भेजा जा चुका था। पांच चोर फरार चल रहे थे। उन चोरों ने अपने हिस्से में मिले जेवर को हजारीबाग जिले में बेचने की योजना बनाई थी। पुलिस को जैसे ही इस योजना के बारे में पता चला पुलिस की टीम सक्रिय हो गई। पुलिस ने सबसे पहले हरिरा उर्फ अरमान खान उर्फ दानिश उर्फ राजू को गिरफ्तार किया। उसने चोरी की इस वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस की टीम ने हजारीबाग, रांची और रामगढ़ के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान चोरी के कई वारदातों का उद्भेदन किया गया। पुलिस को कई कांडों में चोरी हुए जेवरात, कांड में प्रयुक्त कार, मोटरसाइकिल, चोरी के पैसों से खरीदी गई कार, बुलेट मोटरसाइकिल, लैपटॉप, टीवी आदि सामान बरामद किया गया। साथ ही चोरी के कांडों में संलिप्त रहे अपराधकर्मी और चोरी के सामानों को खरीद बिक्री करने वाले चार अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इसमें साहिल, दीपक कुमार स्वर्णकार, अरुण कुमार वर्मा और बृज किशोर वर्मा उर्फ विक्की शामिल हैं।

**बंद घरों को निशाना बनाता था गिरोह :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि हरिरा का गैंग पिछले कई महीनो से हजारीबाग और रामगढ़ जिले में मौजूद था। वह हजारीबाग के अलावा रामगढ़ के कुज्जू, वेस्ट बोकारो, बरकाकाना के अलावा विभिन्न कई स्थानों पर बंद घरों को अपना निशाना बनाता था। इस चोर की तलाश हजारीबाग एवं अन्य कई जिलों की पुलिस के द्वारा लगातार किया जा रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर छापेमारी भी जारी थी।

**सब इंस्पेक्टर आशीष गौतम ने घटना के उद्भेदन में निभायी अहम भूमिका :** मामले के खुलासे में कुजू ओपी पदस्थापित सब इंस्पेक्टर आशीष कुमार गौतम ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। उसी के सूचना पर पूरे प्रकरण का खुलासा हुआ है। आशीष ने चोरी के सामान जब्ती से लेकर चोरो की गिरफ्तारी में प्रमुख भूमिका निभाई है।

**छापामारी टीम में ये थे शामिल :** छापामारी टीम में मांडू सर्किल इंस्पेक्टर रजत कुमार, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, सब इंस्पेक्टर आशीष कुमार गौतम, अभिनव कुमार, मनीष कुमार सिंह, संजय हेंब्रम, नागेंद्र सिंह आजाद, संजय बेदिया, रंजीत कुमार, अविनाश कुमार, राजू उरांव एएसआई शंकर कच्छप, राजेश राय, शाहनवाज खान सहित तकनीकी शाखा और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

#### बिहार की चुनावी रैली में लाखों की चोरी, बंगाल चुनाव था अगला टारगेट

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जब हरिरा से पूछताछ की तो उसने कई हैरत अंगेज कारनामें उजागर किए। उसने बताया कि हाल ही में खत्म हुए बिहार इलेक्शन में उसने मात्र 10 दिनों में 10 लाख रुपए कमाए। उसने कई बड़े नेताओं की रैली में शिरकत किया। इस दौरान वह नेताओं और उनके कार्यकताओं की जेब काटता रहा। उसने कई महंगे मोबाइल और नगद उड़ा दिए थे। उसने बताया कि सबसे ज्यादा समय उसने प्रशांत किशोर की जन स्वराज पार्टी की रैली में बिताया। इसके अलावा चिराग पासवान की रैली में भी उसे सबसे ज्यादा नगद रुपए मिले। अन्य कई राजनीतिक दलों के साथ-साथ उसने भोजपुरी के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की रैली में भी अपना समय दिया। उसने मात्र 10 दिनों में 10 लख रुपए के संपत्ति बटोर ली। उसने एक विधायक के बेटे का महंगा एप्पल का फोन भी चुराया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। रामगढ़ में चोरी किए गए जेवर को बेचकर उसने अपना अगला टारगेट पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव को बनाया था। उसने वहां अपना गैंग भी तैयार कर लिया था। जिसमें लगभग तीन दर्जन लोग शामिल थे। वे लोग वहां भी चुनावी रैली में पाकिटमारी करते।

### कुआं में गिरने से सिपाही की मौत एसपी ने शोक सभा में जताई संवेदना



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में ड्यूटी पर पदस्थापित सिपाही दशरथ बैठा की कुएं में गिरने के मौत हो गई। बुधवार को जब उसकी लाश कोर्ट के पीछे एक कुएं में मिली तो इलाके में सनसनी फैल गई। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि मंगलवार की रात दशरथ बैठा साव टोला से गुजर रहे थे तो फिसल कर कुएं में गिर गए। अकेले होने के कारण कोई सहायता नहीं पहुंची और पानी में डूबने से मौत हो गई। सुबह खोजबीन के दौरान लाश मिली। शव को कुएं से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। मृतक पुलिस कर्मी की 55 वर्षीय दशरथ बैठा पिता बैजनाथ बैठा गढ़वा के रहने वाले थे। दशरथ बैठा के निधन पर पुलिस लाइन में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी अजय कुमार ने मृत जवान के प्रति संवेदना प्रकट की। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एसपी मृत आरक्षी के परिजनों से भी मिले और मानवीय सहायता राशि प्रदान की। साथ ही सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता राशि और नौकरी के प्रति आश्वस्त कराया।

### राधा गोविंद विवि में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने लगाया रक्त दान शिविर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में मानवता सेवा एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ के तत्वाधान में बुधवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अनूप कुमार, वॉयस चेयरमैन महावीर अग्रवाल, सचिव इंद्रपाल सिंह सैनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 100 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। मौके पर कुलाधिपति बी एन साह ने रेड क्रॉस सोसाइटी को धन्यवाद दिया। सचिव प्रियंका ने कहा कि रक्त दान महादान दान हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन ने अनूप कुमार ने बताया कि रक्त दान करने से किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता है बल्कि फायदा ही होता है। कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल ने ब्लड डोनेट की महत्ता पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो डॉ रश्मि, कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, रेड क्रॉस सोसाइटी के राहुल जैन ने शिविर को सफल बनाया।

## समानता, न्याय और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाता है संविधानः विजयंत

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय भुरकुंडा में बुधवार को लायंस क्लब भुरकुंडा के सहयोग से एक भव्य एवं प्रेरणादायी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में संविधान के प्रति सम्मान, लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ और नागरिक दायित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार, लायंस क्लब भुरकुंडा के अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, सचिव अखिलेश शर्मा और कोषाध्यक्ष निर्मल अग्रवाल द्वारा संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके उपरांत सभी छात्र-छात्राओं ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मंईयां सम्मान योजना में उमड़ी महिलाओं की भीड़, पोर्टल ठप रहने से हुई परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता




**लावालौंग/चतरा।** कोलकोले पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विपिन कुमार भारती, उप प्रमुख महमूद खान, उप मुखिया एमडी नौशाद, एमओ विनय कुमार चौबे, कर्मचारी चंद्रदीप गांधी और अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर संविधान दिवस होने के कारण कार्यक्रम का विशेष फोकस ग्रामीणों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना रहा।

**पोर्टल ठप रहने से परेशानी :** शिविर में सबसे अधिक भीड़ मंईयां सम्मान योजना को लेकर देखने को मिली। महिलाओं और युवतियों की लंबी कतारें बनी रहीं। योजना का ऑनलाइन पोर्टल तकनीकी कारणों से शुरू नहीं हो सका, जिससे लाभुकों में निराशा नजर आयी। हालांकि प्रखंड प्रशासन ने सभी आवेदनों को ऑफलाइन ले लिया और आश्वासन दिया कि कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहेगा।

#### लाभुक परेशान न हों, सभी आवेदन सुरक्षित : बीडीओ

बीडीओ-सह-सीओ विपिन कुमार भारती ने कहा कि पोर्टल खुलते ही सभी आवेदनों की प्रक्रिया सरकार के निदेर्शानुसार पूरी की जाएगी। संविधान दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम नागरिकों को उनके अधिकारों से जोड़ने और योजनाओं का लाभ उनके द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में हिचकिचायें नहीं, क्योंकि संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अवसर और कल्याण का अधिकार देता है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सांकुल, हेसला , जयनगर , कोतो पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



पतरातू (आजाद सिपाही)। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को पतरातू प्रखंड क्षेत्र के कोतो, जयनगर हेसला सहित सांकुल पंचायत के पंचायत सचिवालय में अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी, जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, बीडीओ मनोज गुप्ता, मुखिया प्रीति झा, जयनगर मुखिया हीरा देवी, कोतो मुखिया निधी सिंह उपस्थित थे। मौके पर राशन कार्ड जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र मैया योजना बिजली से संबंधित इत्यादि कार्यों को ऑन स्पॉट निराकरण किया गया।

### शिविर में बबिता देवी की गोद भराई की गयी, समूहों में चेक वितरण



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दुलमी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिरु पंचायत कुल्ही पंचायत सचिवालय में आपकी योजनाझ्रआपकी सरकारझ्रआपके द्वार कार्यक्रम एवं सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश सीओ किशोरी यादव पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान मेला एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। मुख्य रूप से 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक जनसेवा अब आपके द्वार पर उपलब्ध हो। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की जरूरतों और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र,आय एवं निवास प्रमाण पत्र, जन्मझ्रमृत्यु प्रमाण पत्र, दाखिलझ्रखारिज, वृद्धाझ्रविधवाझ्रदिव्यांग पेंशन सहित अनेक सेवाओं से संबंधित आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निवारण किया जा रहा है। मौके पर मुखिया वीणा देवी मुखिया चुडगी देवी सुनिता देवी पंचायत सेवक ममता कुमारी बासुदेव महतो रोजगार सेवक शत्रुधन सिन्हा रामकुमार सिन्हा रामकिशुन भोक्ता सुबोध कुमार मानेश्वर महतो ठाकुरदास महतो अर्जुन महतो पंकज कुमार दिलिप कुमार सुजित महतो उपस्थित थे।

### पतरातू वन क्षेत्र में अवैध बालू भंडारण के खिलाफ वन विभाग ने की कार्रवाई



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू वन परिक्षेत्र क्षेत्र के टोकीसुद जंगल में बीते मंगलवार को वन, खनन सहित पतरातु थाने के संयुक्त छापेमारी में करीब तीन हजार सीएफटी अवैध बालू जो जंगल के विभिन्न स्थानों में दामोदर नदी से बालू निकालकर डंप किया गया था। उसे जब्त कर लिया गया था। इसी क्रम में बुधवार को उस बालू को वन विभाग के टीम के द्वारा अपने कब्जे में लेकर उसको जंगल के बीच से उठा कर टोकीसुद रेलवे स्टेशन के पास स्थित जीवीके कंपनी के खाली पड़े साइडिंग में ले जाकर डंप कर रही है। बताया गया कि इस जब्त बालू की सुरक्षा की जिम्मेवारी वन समिति टोकीसुद को सौंपी जा रही है। वन विभाग ने टोकीसुद के जंगल में अवैध तरीके से बालू भंडारण करने के मामले में पांच लोगों और नौ हैबवा मलिक पर वन अधिनियम एक्ट के तहत कांड संख्या 1276, 1282 1372 ,1331/25 का मामला दर्ज किया है। वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि वन क्षेत्र से जब्त किये गये बालू को खनन विभाग को सौंपा जायेगा। साथ ही इस बालू जब्ती मामले में भी वन अधिनियम एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जायेगा। मौके पर वन विभाग के बिजेंद्र कुमार, संतोष कुमार शर्मा, शाकिर हुसैन, पतरातू थाना से अमृत साव, शुभान अंसारी अंकित तिवारी आदि शामिल थे।

### रबोध में आपकी योजना आपकी सरकार शिविर में लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र हुए वितरित



गिद्दी (आजाद सिपाही)। डाड़ी के पंचायत रबोध में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डाड़ी प्रखंड के अंचलाधिकारी कमलकांत वर्मा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष लखन लाल महतो मुखिया व अन्यों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कैंप में डाड़ी सीओ के द्वारा पेंशन, जन्म, वृद्धा समेत कई जरूरतमंद लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया।

### आरएच पब्लिक स्कूल में मना संविधान दिवस



कुजू (आजाद सिपाही)। आरएच पब्लिक स्कूल, बुढ़ाखाप (रामगढ़) में संविधान दिवस सम्मान पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। साथ ही, संविधान के महत्व, संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान, लोकतांत्रिक मूल्य आधारित प्रेरणादायक जानकारी दी गई। इस अवसर पर चेयरपर्सन प्रीति महतो ने कहा कि संविधान दिवस हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। वहीं, निदेशक संतोष कुमार महतो ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन सदैव संवैधानिक मूल्य, समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं बंधुत्व को विकसित करने का प्रयास करता है। इधर, प्राचार्य सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि संविधान न केवल कानूनों का संग्रह है, बल्कि यह देश की आत्मा है। मौके पर शिक्षक आरएन उपाध्याय, कौलेश्वर महतो, शिव प्रसाद, घनश्याम महतो, संतोष महतो, विकास कुमार, शहनाज प्रवीण ,देवन्ती कुमारी, कविता कुमारी, पबीता कुमारी, बबीता कुमारी, संगीता कुमारी, किरण कुमारी,लक्ष्मी, रेखा कुमारी, ममता कुमारी, अंजू कुमारी समेत विद्यार्थी शामिल रहे।

# आलोचना के लिए भी जगह होनी चाहिए

संसद का शीत सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। सदन के कामकाज को सुचारू ढंग से चलाने के लिए राज्यसभा बुलेटिन जारी किया गया है, जिसमें सदस्यों के लिए 'करने' और 'न करने' वाली बातों का जिक्र है। इसी बुलेटिन के मुताबिक सभापति के निर्णय की सदन के अंदर या बाहर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आलोचना नहीं की जानी चाहिए।

**संसदीय परंपरा :** बुलेटिन में कहा गया है कि सभापति सदन के पूर्व उदाहरणों के अनुसार निर्णय देते हैं और जहां कोई पूर्व उदाहरण नहीं होता, वहां सामान्य संसदीय परंपरा का पालन किया जाता है। जाहिर तौर पर इस दिशानिर्देश का मकसद राज्यसभा की कार्यवाही को बेहतर बनाना है, लेकिन इसमें आलोचना की भी जगह होनी चाहिए।

**बेहतरी में मदद :** आलोचना और वाद-विवाद संसदीय परंपरा का हिस्सा हैं। जब तक कि आलोचना पूर्वाग्रह से ग्रसित या व्यक्तिगत न हो, तब तक उसका स्वागत किया जाना चाहिए। यही भाव देश की दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को लेकर भी है, मसलन- अदालत के फैसले को चुनौती दी जा सकती है। फैसलों से असहमति जताई जा सकती है और उनके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील की जा सकती है। आलोचना और असहमति की आजादी के बिना यह संभव नहीं होता।

**आलोचना और वाद-विवाद संसदीय परंपरा का हिस्सा हैं। जब तक कि आलोचना पूर्वाग्रह से ग्रसित या व्यक्तिगत न हो, तब तक उसका स्वागत किया जाना चाहिए। यही भाव देश की दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को लेकर भी है, मसलन- अदालत के फैसले को चुनौती दी जा सकती है।**

**विपक्ष से तनाव :** चुनावी राजनीतिक व्यवस्था में विपक्ष से हर बात पर सहमति की उम्मीद करना बेमानी है। फिर अभी देश का जैसा सियासी माहौल है, उसमें सदन के भीतर और बाहर टकराव आम है। पिछले कई उदाहरण हैं, जहां विपक्ष और चेयर के बीच तनाव भरे रिश्ते देखने को मिले। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदड़ धनखड़ के कार्यकाल में तो यह तनाव बिल्कुल चरम पर था। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश की एक टिप्पणी को लेकर राज्यसभा की प्रिविलेज कमिटी में मामला चल रहा है, जो उसी तनाव का नतीजा है।

**मर्यादा का ख्याल :** लोकतंत्र में कोई भी आलोचना के परे नहीं कहा जा सकता। यह तो बेहतरी का जरिया है। राज्यसभा बुलेटिन से ऐसा भी लग सकता है कि सांसदों की अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगाया जा रहा है, जिसका संदेश अच्छा नहीं जायेगा। हां, इस बात का ख्याल सभी को रखना चाहिए कि अभिव्यक्ति या आलोचना का अधिकार भी कुछ सीमाओं के साथ लागू होता है।

**सत्र की चुनौती :** शीत सत्र वैसे भी सरकार और विपक्ष के संबंधों की नई आजमाइश है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के लिए यह पहला सेशन है। मॉनसून सत्र का अनुभव अच्छा नहीं था। तब राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी केवल 38.88% थी और केवल 41.15 घंटे काम हो पाया था। इस बार भी एसआइआर का मुद्दा गरम है। राधाकृष्णन के सामने संतुलन बनाने की चुनौती होगी।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के प्रति प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बन गई है, जो विकसित भारत@2047 के लिए हमारे सामूहिक मिशन को भी आगे बढ़ा रही है। इसी सफर में एक अहम पड़ाव पिछले वर्ष 27 नवंबर को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू हुआ है। अपनी साहसिक और अटल दृष्टि के साथ, हमने वर्ष 2030 तक बाल विवाह को खत्म करने की अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक बार फिर दोहराई है, ताकि हर बालिका और बालक सुरक्षित रूप से बड़े हो सकें, अपनी शिक्षा जारी रख सकें और गर्व तथा आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य को आकार दे सकें।**

# एक राष्ट्रीय संकल्प: संपूर्ण सरकार और समाज साझा रूप से बाल विवाह मुक्त भारत की ओर अग्रसर

**अन्नपूर्णा देवी**

एक ऐसे देश में जहां महिलाएं और बच्चे एक अरब से ज्यादा जीवनों का आधार हैं, उनका सशक्तिकरण महज एक नीतिगत विकल्प नहीं है, बल्कि यह भारत की नियति का मार्ग है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी शासन में, भारत एक ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जो वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को मानव-केंद्रित प्रगति के साथ जोड़ रहा है। नए भारत की कहानी केवल आर्थिक उपलब्धियों और बढ़ते वैश्विक कद में ही नहीं, बल्कि उन कक्षाओं में भी आकार ले रही है, जहाँ युवा मन विकसित होते हैं, उन आंगनवाड़ी केंद्रों में जहां हमारे बच्चों का पालन-पोषण होता है और उन घरों में जहाँ आकांक्षाएं पनपती हैं।

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के प्रति प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बन गई है, जो विकसित भारत@2047 के लिए हमारे सामूहिक मिशन को भी आगे बढ़ा रही है। इसी सफर में एक अहम पड़ाव पिछले वर्ष 27 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू हुआ है। अपनी साहसिक और अटल दृष्टि के साथ, हमने वर्ष 2030 तक बाल विवाह को खत्म करने की अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक बार फिर दोहराई है, ताकि हर बालिका और बालक सुरक्षित रूप से बड़े हो सकें, अपनी शिक्षा जारी रख सकें और गर्व तथा आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य को आकार दे सकें। शुरू से ही, हमने 'संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज' के नजरिए को अपनाया है, लिहाजा हम मानते हैं कि इस चुनौती का हल महज नीतियों से नहीं किया जा सकता। इसके लिए सामूहिक एकता की जरुरत है, जिसमें परिवार, समुदाय, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता, संस्थान और सरकार कंधे से कंधा मिलाकर, सदियों पुरानी प्रथा को तोड़ने और हर बच्चे की आकांक्षाओं की रक्षा करने के लिए एक साथ खड़े हों। हमारे साझा संकल्प के एक शक्तिशाली प्रतिबिंब के रूप में, गाँवों और कस्बों के करोड़ों लोग बाल विवाह को समाप्त करने का संकल्प लेने के लिए आगे भी आए हैं।

**हमारी नीतियां न केवल इरादे, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्रवाई को भी दर्शाती हैं।**




**बाल विवाह मुक्त भारत के लिए 'पूरी सरकार' एकजुट**

बाल विवाह हमारे देश में पीढ़ियों से चली आ रही सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह अक्सर उन समुदायों में दिखती है, जहां शिक्षा, संसाधनों और जागरूकता की सीमित पहुँच है। अभाव और असमान अवसरों के कारण पैदा हुई ये कमियां, इस प्रथा को जारी रखने में मदद करती हैं, जिससे अनगिनत बच्चे अपने उज्ज्वल भविष्य को साकार करने से वंचित रह जाते हैं।

**वर्तमान में बेहतरी के लिए प्रयास:** मोदी सरकार के तहत, हम उन जड़ों को खत्म कर रहे हैं, जिन्होंने कभी इस प्रथा को पोषित किया था। स्पष्ट नीतिगत दिशा, विचार विमर्श कर तैयार की गयी योजनाओं और शासन में समुदायों के नए विश्वास के साथ, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय उन परिस्थितियों को खत्म करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिनके कारण बाल विवाह की प्रथा अब तक जारी रही। आज हम जो प्रगति देख रहे हैं, वह सुनियोजित ढंग से तैयार की गई योजनाओं की वजह से हैं, जिनके तहत महिलाएं और बच्चे राष्ट्रीय विकास के केंद्र में हैं।

हमारी नीतियां और पहल, संवेदनशील कारणों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गयी हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर अधिकार, देश के सबसे दूरस्थ गाँव और बस्तियों में सबसे कमजोर बच्चे के जीवन पर सकारात्मक असर डालते हुए अंतिम छोर तक पहुंचे। सरकार की हर योजना महिलाओं और बच्चों को जोखिम के हर चरण में सहारा देने के लिए तैयार की गयी है, ताकि अजन्मे बच्चे से लेकर किशोरी तक, उनके जीवन के हर चरण की सुरक्षा, प्राथमिकता और सशक्तिकरण हो।

पोषण ट्रैकर और पोषण भी पढ़ाई भी से लेकर समग्र शिक्षा अभियान तक और राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति कार्यक्रम से लेकर प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना तक, हर पहल एक सुरक्षा कवच और हर बच्चे के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान भविष्य की ओर एक मार्ग के रूप में कार्य करती है।

समावेशन के उत्प्रेरक के रूप में तकनीक की मदद से, मंत्रालय का प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म, पोषण ट्रैकर, 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों को स्तनपान कराने वाली माताओं, छह साल से कम उम्र के बच्चों और किशोरियों से सहजता से जोड़ता है। इसने देश भर में 10.14 करोड़ से अधिक लाभार्थियों के लिए एक मजबूत सुरक्षा तंत्र तैयार कर दिया है। इस डिजिटल सक्षमता के साथ पोषण भी पढ़ाई भी, एक बदलावकारी प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा पहल के रूप में तैयार हुआ है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक पूर्व-प्राथमिक बच्चे को समग्र, उच्च-गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक प्रोत्साहन मिले, जो आजीवन सीखने की भावना की नींव रखता है।

हमारी नीतियां न केवल इरादे, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्रवाई को भी दर्शाती हैं। निरंतर बजटीय प्रतिबद्धताओं और लक्षित निवेशों में सुधारों को शामिल करते हुए, मोदी सरकार ने यह साफ कर दिया है कि बाल विवाह जैसी गंभीर समस्याओं से बच्चों की रक्षा करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बनी हुई है। राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति कार्यक्रम, जिसके लिए केवल 2025-26 के लिए 1,827 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी बच्चा गरीबी के कारण स्कूल न छोड़े, जो बाल विवाह के सबसे अहम कारणों में से एक है। इस बीच, प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली युवतियों को जरुरी वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ने युवाओं को उद्योग-संबंधित कौशल से लैस करके, उन्हें वित्तीय प्रोत्साहन और मान्यता प्राप्त सरकारी प्रमाणन प्रदान करके इस सुरक्षा कवच को और मजबूत किया है। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री-दक्ष योजना, हाशिए पर पड़े समुदायों, खासकर अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के युवाओं को सशक्त बनाती है, जो बाल विवाह के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं। उन्हें कौशल और अवसरों का लाभ देकर, हम समृद्ध और स्वतंत्र जीवन के मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नई मिसाल कायम कर रहे हैं।

**प्रभाव: बाल विवाह मुक्त भारत बनने के और नजदीक :** कुछ साल पहले तक, बाल विवाह को समाप्त करने का विचार दूर की कौड़ी, यहां तक कि असंभव नजर आता था। लेकिन भारत ने इसके विपरीत साबित कर दिया है। स्पष्ट नीतियों, निरंतर कार्रवाई, केंद्रित जमीनी प्रयासों और मापयोग्य प्रगति के जरिए, हमने उस धारणा को चुनौती दी है और दिखाया है कि बदलाव न केवल मुमकिन है, बल्कि पहले से ही उसके प्रयास जारी हैं।

यह अभूतपूर्व बदलाव हजारों छोटी-बड़ी, सशक्त कोशिशों का नतीजा है। हमारे बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) इस मिशन की रीढ़ बनकर उभरे हैं। पिछले एक साल में ही, हमने देश भर में 37,000 से ज्यादा सीएमपीओ नियुक्त करके अपनी अग्रिम पंक्ति को मजबूत किया है। आंगनवाड़ी कार्यकताओं को सक्षम बना कर, पंचायतों को सशक्त बनाकर और जिला प्रशासन को बाल संरक्षण कानूनों की जानकारी देकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सबसे वंचित परिवारों को भी सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाये, बच्चों को वापस स्कूल लाया जाए और समुदायों को बाल विवाह के गंभीर उल्लंघन के बारे में जागरूक किया जाये।

अब तक, हमने 6,30,000 से ज्यादा, स्कूल न जाने वाली लड़कियों की पहचान की है और उन्हें कक्षाओं में फिर से दाखिला दिलाया है।

चुप्पी से लेकर शिकायत तक, सामाजिक कलंक से लेकर समर्थन तक– भारत ने चुना बदलाव का रास्ताः आज, हम इस समस्या का हल अधिक सटीकता, पारदर्शिता और प्रभाव के साथ निकालने के लिए नवीनतम तकनीकी प्रगति की मदद ले रहे हैं। सार्वजनिक रूप से सुलभ, केंद्रीकृत मंच, बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल, इस प्रगति का प्रतीक है, जो देश भर के बाल विवाह निषेध अधिकारियों की जानकारी एक साथ लाता है, मामलों की रिपोर्टिंग के लिए एक प्रभावी तंत्र प्रदान करता है और हितधारकों और नागरिकों के बीच जागरूकता को मजबूत करता है।

पहली बार, बाल-विवाह-मुक्त भारत का सपना एक एकीकृत राष्ट्रीय मिशन के रूप में विकसित हुआ है। भारत सरकार का प्रत्येक अंग और समाज का प्रत्येक वर्ग इस साझा उद्देश्य और दृढ़ संकल्प के साथ मिल कर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम आज न केवल अपने बच्चों की सुरक्षा कर रहे हैं, बल्कि विकसित भारत की एक मजबूत, आत्मविश्वासी और सशक्त नींव भी रख रहे हैं। जैसे-जैसे भारत बाल विवाह के खिलाफ अपनी सामूहिक लड़ाई में एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच रहा है, हम दुनिया के सामने एक नया मॉडल पेश कर रहे हैं, कि कैसे शासन और समुदाय मिलकर हर बच्चे की सुरक्षा के लिए काम कर सकते हैं और बाल विवाह के वैश्विक संकट को तत्काल और निश्चित रूप से खत्म कर सकते हैं। आखिरकार, ये बच्चे ही उस विकसित भारत के पथप्रदर्शक और सच्चे 'सारथी' हैं, जिसका निर्माण हम सभी करना चाहते हैं।

**(लेखिका : भारत सरकार में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं)।**

## कोल्हान की खबरें

### कांड्रा बाजार में ठेकेदार की मनमानी के खिलाफ दुकानदार आक्रोशित

**कांड्रा (आजाद सिपाही)।** कांड्रा बाजार में एक बार फिर बाजार ठेकेदार की कथित मनमानी और जबरन अत्यधिक मासूल वसूली के खिलाफ दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा। छोटे कारोबारियों ने बताया ठेकेदार द्वारा सब्जी, मनिहारी, झाड़ू, कपड़ा सहित तमाम छोटे दुकानदारों से मनचाहा शुल्क वसूला जा रहा है। इतना ही नहीं, मासूल का भुगतान नहीं करने पर उन्हें हाट में दुकान लगाने तक से रोका जा रहा है और गरीब विक्रेताओं के सामान फेंकने जैसी घटनाएँ भी सामने आ रही हैं।दुकानदारों के अनुसार बाजार ठेकेदार की शिकायत पूर्व में जिला परिषद कार्यालय में लिखित रूप से की गई थी, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, थाना स्तर पर भी शिकायत दिए जाने के बावजूद उदासीन रवैया बरता गया। इससे ठेकेदार और अधिक दबंग हो गया और वसूली की रफ्तार और तेज कर दी।बुधवार को सुबह एक झाड़ू बेचने वाली महिला का पूरा सामान कथित रूप से ठेकेदार द्वारा फेंक दिया गया। इसके बाद आक्रोशित दुकानदार मौके पर जुट गए और ठेकेदार के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। दुकानदारों ने जिला प्रशासन से मांग की बाजार में जारी जबरन वसूली की जांच कर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि छोटे और गरीब व्यापारी बिना भय के अपनी आजीविका चला सकें।

### गुवा थाना में संविधान दिवस पर पुलिसकर्मियों ने ली शपथ



**गुवा (आजाद सिपाही)।** गुवा थाना परिसर में बुधवार को संविधान दिवस सम्मान और गंभीरता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने की। इस अवसर पर सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी एकत्र हुए और संविधान के महत्व को याद किया।थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा भारतीय संविधान देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला है। उन्होंने पुलिस बल के दायित्वों में कानून–व्यवस्था बनाए रखने के साथ–साथ संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्य बनाए रखने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में सभी पुलिसकर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली और दृढ़ संकल्प किया कि वे संविधान के प्रति निष्ठावान रहेंगे और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करेंगे। यह कार्यक्रम पुलिसकर्मियों के लिए जागरूकता और कर्तव्यों की पुनः स्मृति का अवसर साबित हुआ।

### सड़क हादसे 10 वर्षीय बच्चे की मौत

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर मुख्य मार्ग पर भादुडीह के पास मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में कक्षा 5 का छात्र 10 वर्षीय विष्णु गोराई की मौत हो गई। बताया जारहा ट्यूशन से घर लौट रहे विष्णु को गिट्टी लदे 407 मालवाहन ने कुचल दिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कोल्हान विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

## राज्यपाल ने विद्यार्थियों को दिये सफलता के मंत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चाईबासा।** कोल्हान विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने छात्रों को जीवन में सफलता का मंत्र दिया। राज्यपाल ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता. निरंतर परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति, सकारात्मक सोच और उत्कृष्ट चरित्र ही व्यक्ति को मंजिल तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का युग अत्यधिक प्रतिस्पर्धा का है, इसलिए युवाओं को स्वयं को तैयार करना होगा और हर अवसर को पहचान कर आगे बढ़ना होगा।

**नौकरी की जगह स्वयं अवसर सृजन करें :** राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को केवल नौकरी की प्रतीक्षा करने के बजाय स्वयं अवसर सृजन करने की क्षमता विकसित करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि आज देश में स्टार्टअप, नवाचार और तकनीकी विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें युवाओं को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से बदल रहा है और इस परिवर्तन का नेतृत्व युवाओं के हाथ में है। यदि छात्र दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो वे न केवल स्वयं सफल होंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।

**चरित्र मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि आत्मनिर्भरता ही आज की सबसे बड़ी मांग है और आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास, नए प्रयोग और ज्ञान का निरंतर विस्तार अनिवार्य है। राज्यपाल ने युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदारी और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है और यही भविष्य की सफलता की आधारशिला बनती है।

कोल्हान विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में कुल 195 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और उपाधि प्रदान की गयी, जिनमें विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राएं शामिल थे। विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसरगण, अधिकारी, कर्मचारी और अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान पूरे कैंपस परिसर में उत्साह का माहौल रहा।

## सरकार का सामान्य प्रशासन विभाग शिथिलता का शिकार : सरयू राय

**सरयू ने मुख्यमंत्री से जमशेदपुर मुख्यालय में धालभूम पूर्णकालिक सिविल एसडीओ की पदस्थापना शीघ्र करने की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/ जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि झारखंड सरकार का सामान्य प्रशासन विभाग शिथिलता का शिकार है। इसका प्रतिकूल प्रभाव मुख्यालय से प्रखंड स्तर की प्रशासनिक दक्षता पर पड़ रहा है। पूर्वी सिंहभूम ज़िला प्रशासन इसका सर्वाधिक शिकार है।

यहां जारी एक वक्तव्य में उन्होंने कहा कि एक ओर विभिन्न जिलों में एवं सरकार के विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में अति आवश्यक चिन्हित पद रिक्त हैं। एक अधिकारी एक से अधिक विभागों के प्रभार में है तो दूसरी ओर 80 से ज्यादा उप समाहर्ता स्तर के अनुभवी पदाधिकारी स्थानांतरण के उपरांत काफी दिनों से पदस्थापन की प्रतीक्षा में मुख्यालय में निष्क्रिय बैठे हैं। कमोबेश ऐसी ही स्थिति नव प्रोन्नत भारतीय प्रशासनिक सेवा के युवा अधिकारियों के पदस्थापन की भी है। सरयू राय ने कहा कि जिलों में सिविल एसडीओ जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद खाली हैं। योग्य पदाधिकारी पदस्थापन की प्रतीक्षा में हैं। उप विकास आयुक्त जैसे अति आवश्यक प्रशासनिक पद भी महीनों तक रिक्त रहते हैं, तब जाकर इनपर किसी सक्षम अधिकारी का पदस्थापन होता है।

उन्होंने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला के मुख्यालय जमशेदपुर में एसडीओ धालभूम का पद कई महीनों से खाली है। यह महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद लंबे समय से प्रभार में चल रहा है। नतीजा है कि जनहित के अति आवश्यक निर्णय लंबित हैं। पूर्व में लिए गए निर्णयों का क्रियान्वयन शिथिल है। आमजन अपनी समस्याओं के समाधान के लिए टकटकी लगाए हुए हैं कि कब पूर्णकालिक सिविल एसडीओ की पदस्थापना होगी और उनकी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि जमशेदपुर मुख्यालय में धालभूम पूर्णकालिक सिविल एसडीओ की पदस्थापना शीघ्र करें। इसके लिए अपने अधीनस्थ सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग को सक्रिय करें और आवश्यक निर्देश दें।

## संजीव सरदार ने 3.96 करोड़ की छह योजनाओं का किया शिलान्यास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के डुमरिया प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों में बुधवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने कुल 3 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत से छह महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ हुई। मौके पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से विधायक का भव्य स्वागत किया। इन योजनाओं में पीसीसी सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरिया में बीएमएचयू का निर्माण शामिल है। शिलान्यास समारोह में विधायक संजीव सरदार ने कहा कि उनकी सरकार की मंशा जनता की आवश्यकता के अनुरूप योजनाएं पहुंचाने की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में गाँव और शहर के बीच भेदभाव किया गया, जबकि हेमंत सरकार ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, भगत बसके, माझी बाबा, नायके बाबा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### गुवा सेल खदान में 4 घंटे तक काम ठप

**गुवा (आजाद सिपाही)। गुवा सेल खदान के जीरो प्वॉइंट स्थित मैकेनिकल एवं माइनिंग विभाग में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ यूनियन के नेतृत्व में ऑपरेटरों ने बुधवार सुबह 5 बजे से 9 बजे तक कार्य बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। कीचड़ भरे कार्यस्थल और लंबित मांगों से नाराज ऑपरेटरों ने 4 घंटे तक काम पूरी तरह ठप रखा।मुख्य महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार मौके पर पहुंचे और ऑपरेटरों के लिए अलग रेस्ट रूम बनाने का भरोसा दिया। इसके अलावा अन्य मांगों पर भी गंभीरता से पहल करने का आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया।ऑपरेटरों की प्रमुख मांगों में समान कार्य का समान वेतन, मिट्टी और डिस्पैच का 1000 रुपए का भुगतान, रिचेंटमेंट का लंबित भुगतान, कार्यस्थल पर रेस्ट रूम और शौचालय की व्यवस्था, डोजर ऑपरेटरों के लिए हाई स्किल्ड वेतन और उचित सेफ्टी व्यवस्था शामिल हैं।आंदोलन में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे, महामंत्री अंतयामी महाकुड़, सिकंदर पान, रोहित पांडे समेत बड़ी संख्या में डोजर ऑपरेटर मौजूद रहे।**

## अरसली उत्तरी में शिविर आयोजित

# विभिन्न विभागों से 858 आवेदन मिले



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय के अरसली उत्तरी पंचायत के छठ घाट के पास बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ नंदजी राम, सीओ शंभू राम, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, मुखिया इशरत जहां, उप मुखिया मिना देवी, बीडीसी अनिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस शिविर में अंचल, बाल विकास परियोजना, शिक्षा, पेंशन, आवास योजना, स्वास्थ्य, पशुपालन, बैंकिंग सेवाएं, कृषि विभाग, 15 वां वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई-श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे।

ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक इन स्टॉलों पर पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं और संबंधित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवेदन जमा किया।इस शिविर में कुल 858 आवेदन प्राप्त हुए।

शिविर में अन्नप्राशन एवं महिलाओं का गोद भराई रसम भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक तहमिद अंसारी ने की।

इस मौके पर सीआइ इख्ताब आलम, मुखिया प्रतिनिधि तास्वीन अंसारी,बीटीएम राकेश कुमार, वार्ड सदस्य मनोज रजक, संजय ठाकुर, दयानन्द प्रजापति, एई प्रिंस कुमार, जेई प्रमेंद्र विश्वकर्मा, चंदन कुमार, वरुण कुमार, पंचायत सेवक सतीश सिंह, राजगीर कुमार,विकास चौबे, नवनीत कुमार, रोजगार सेवक जयराम, परमानंद ठाकुर, दयानंद प्रजापति, पंकज कुमार, जयराम, शशि कुमार, पिनाकी चतुर्वेदी, किशोर कुमार, मनोज गुप्ता, कौशल सिंह, अनुज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पिंटू आलम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में कार्यक्रम का आयोजन

# हमारा स्वाभिमान है देश का संविधान: अलखनाथ पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय संविधान की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, गढ़वा द्वारा संचालित आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा, आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव, आरके पब्लिक स्कूल श्री बंशीधर नगर तथा आरके पब्लिक स्कूल हूर में संविधान दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और सम्मान के साथ मनाया गया। पूरे चारों विद्यालयों में देशभक्ति, संवैधानिक जागरूकता और लोकतांत्रिक मूल्यों की झलक दिखाई दी।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के चेयरमैन आदरणीय श्री अलखनाथ पाण्डेय द्वारा संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि देकर की गयी। उन्होंने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया और ह्लसंविधान दिवसह्व को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे गौरवशाली अध्याय बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा हमारा स्वाभिमान और देश का सर्वोच्च विधान है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो अनेक देशों के संविधान का सार है। हमें इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पलामू के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि हमारे जिले से यदुवंश सहाय उर्फ यदु बाबू और अमिय कुमार घोष उर्फ गोपा बाबू संविधान सभा के सदस्य थे। इन दोनों महान सपूतों के योगदान को इतिहास कभी भुला नहीं सकता। चेयरमैन ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को स्वीकार किया। 26 जनवरी 1950 को यह लागू हुआ और भारत एक पूर्ण गणतांत्रिक राष्ट्र बना संविधान की प्रस्तावना इसकी आत्मा है, जो समानता, स्वतंत्रता, न्याय और भाईचारे के मूल सिद्धांतों का मार्गदर्शन करती है उन्होंने सभी से संविधान का सम्मान करने, उसके आदर्शों को जीवन में उतारने और गर्व के साथ देशहित में कार्य करने की अपील की। चारों विद्यालयों में संविधान दिवस की शुरूआत भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक रूप से पढ़कर, शपथ लेते हुए की गयी। इसके बाद कार्यक्र्म के दौरान भारतीय संविधान के इतिहास, निर्माण की प्रक्रिया और इसकी विशिष्टताओं के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी गयी। संविधान दिवस के अवसर पर चारों हाउस के प्रतिभागियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया संविधान क्विज प्रतियोगिता, स्पीच प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की समझ देना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात कराना था।

प्रतिभागियों ने भारतीय लोकतंत्र, संविधान की गरिमा और राष्ट्रहित के विभिन्न पहलुओं को पोस्टर व भाषणों के माध्यम से प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस से जुड़े सभी विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने संविधान दिवस को एक सीख, सम्मान और प्रेरणा के रूप में मनाया। आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल छात्रों को संविधान के महत्व से अवगत कराने वाला रहा, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने एवं अपनाने की एक सशक्त पहल भी सिद्ध हुआ। संविधान दिवस का यह उत्सव आने वाली पीढ़ी को राष्ट्रनिर्माण में जिम्मेदार भूमिका निभाने की प्रेरणा देता है।

## एसपीडी कॉलेज में संविधान दिवस

# पेंटिंग और स्पीच प्रतियोगिता आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज की एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई के द्वारा बुधवार को महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर पेन्टिंग एवं स्पीच की प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें पेन्टिंग में सिमरन सोनी, प्राची कुमारी तथा खुशी कुमारी एवं स्पीच में विनीत चौबे, रश्मि कुमारी तथा सूरज यादव को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया।

इस मौके पर प्राचार्य प्रो निकलेश चौबे, प्रो विवेकानंद उपाध्याय, प्रो अर्जुन प्रसाद, डॉ उमेश सहाय, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो चौबे ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह लोकतंत्र को बनाए रखता है तथा नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। साथ ही न्याय, समानता और स्वतंत्रता जैसे मूल्यों को बढ़ावा देता है। प्रो विवेकानंद ने कहा कि भारत का संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नही है, बल्कि यह देश का गौरव, स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है। प्रो अर्जुन ने कहा कि भारतीय नागरिक के लिए 26 नवम्बर संविधान दिवस बेहद गर्व का दिन है। संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है। डॉ उमेश सहाय ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की आत्मा होने के साथ-साथ भारत की एकता एवं प्रगति का मूल आधार है। डॉ बिनोद द्विवेदी ने संविधान दिवस की सबको बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो कमलेश सिन्हा ने किया। हमारा संविधान हमारा सम्मान विषय पर आयोजित स्पीच में खुशी कुमारी एवं पेन्टिंग में प्रियंका कुमारी एवं अभिषेक कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक की भूमिका प्रो किरण कुमारी, डॉ संजीव मिश्रा, प्रो रबिता कुमारी ने निभायी। धन्यवाद ज्ञापन प्रो प्रमिला ने किया। मौके पर प्रो बिरेंद्र पांडेय, प्रो सत्यदेव कुमार, चंद्रकांत सिंह आदि उपस्थित थे।

# संविधान के कवच में सुरक्षित हैं देशवासी : मिथिलेश ठाकुर

**संविधान दिवस पर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया बाबा साहब को माल्यार्पण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** संविधान दिवस के मौके पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को शहर के सहिजना मोड़ स्थित संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान लोगों ने श्री ठाकुर को संविधान की प्रति देकर उनका स्वागत किया।

मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि संविधान निर्माण एवं लागू करने में संविधान समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर का सर्वाधिक योगदान है। संविधान के कवच में देशवासी सुरक्षित हैं। संविधान हमें कानून के दायरे में रह कर अपने सारे हक, अधिकार का उपयोग करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि भारत को संविधान अपनाने के उपलक्ष्य में हमारे देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस को मनाया जाता है।

भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। श्री ठाकुर ने कहा कि संविधान एक देश या संस्था के नियमों का एक बुनियादी संग्रह है, जो सरकार की संरचना, शक्तियों और कर्तव्यों के साथ-साथ नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को भी निर्धारित करता है। यह देश का सर्वोच्च कानून है और सरकार के सभी अंगों को बांधता है। भारत का संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष शंभु राम, चंदन जायसवाल, मनोज ठाकुर, अशर्फी राम, सुनील कुमार गौतम, चंदन पासवान, आशीष अग्रवाल, फुजैल अहमद, रंथा नायक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बीडीएसयू के विधि विभाग में 76वां संविधान दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के विधि विभाग द्वारा गुरुपद संभव सभागार में 76वे संविधान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में निभा रंजन लकरा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा एवं नित्यानंद दुबे, लीगल ऐड डिफेंस कोंसिल एवं विजय कुमार थे। मुख्य अतिथि, कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह तथा कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय एवं विधि विभाग के विभागध्यक्ष किरण वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया। तदोपरांत सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। उक्त कायर्क्रम में मुख्य वक्ता अतिथि निभा रंजन लकरा ने अपने वक्तव्य में कहा कि गढ़वा जैसे पिछड़े जिले में विधि महाविद्यालय का होना प्रसन्नता की बात है। उन्होंने इस महाविद्यालय को राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकार से सम्बद्ध कराने का आश्वासन दिया। साथ ही महाविद्यालय के पुस्तकालय में कुछ पुस्तके भी उपलब्ध कराने की बात कही। अपने संबोधन में नित्यानंद दुबे ने छात्रों से पुरातन संस्कृति से लेकर वर्तमान परिदृश्य में कानून के बारे में बताया गया एवं नागरिको को अधिकार एवं कर्तव्य को समझाया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का दायित्व केवल ज्ञान का प्रसार करना ही नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों से युक्त सशक्त नागरिकों का निर्माण करना भी है। हमें अपने छात्रों में वैज्ञानिक सोच, समानता की भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण की चेतना उत्पन्न करनी है। संविधान की प्रस्तावना में निहित आदर्श हमारे मार्गदर्शक हैं और सदेव रहेंगे। साथ ही, यह भी हमारा कर्तव्य है कि हम अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का गंभीरता से पालन करें। राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी ही संविधान के प्रति सच्चा सम्मान है।

साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने अपने संबोधन में कहा की आज हम भारत के संविधान दिवस के अवसर पर एकत्र हुए हैं। यह वही ऐतिहासिक दिन है, जब वर्ष 1949 में हमारे देश की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया था। यह दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों, संविधान निमार्ताओं और विशेष रूप से भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने हमें एक लोकतांत्रिक, संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और गणराज्य राष्ट्र के रूप में नयी पहचान दी। साथ ही छात्रों से आग्रह किया कि आप भारत का वर्तमान ही नहीं, उज्ज्वल भविष्य भी हैं। आप सभी से मेरा आह्वान है कि संविधान के सिद्धांतों को न केवल पढ़ें, बल्कि उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करें और सामाजिक समरसता, शांति तथा प्रगति की राह पर सदेव अग्रसर रहें। और अंत में कहा, आइए हम सभी मिलकर आज इस संकल्प को दोहराएं– हम संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठा रखेंगे ओर एक सशक्त, समतामूलक एवं विकसित भारत के निर्माण में अपना संपूर्ण योगदान देंगे। उक्त कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्रोफेसर सुनील कुमार सिंह ने किया एवं मंच संचालन विधि विभाग के छात्र अभिषेक कुमार विवेक कुमार एवं चांदनी कुमारी के द्वारा किया।

इस कार्यक्रम में विधि विभाग के शिक्षकगण जिसमे जयपूरणा विश्वकर्मा, अनुज शंकर, चंद्र प्रकाश मिश्रा एवं छात्र-छात्रों, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कॉलेज के प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, डॉ ललन कुमारः डीएस डब्लू डॉ अरविंद कुमार सिंह, सीईओ, सुभाष कुमारः एओ, प्रवीण कुमार सिंह राकेश कुमार सिंह, पंकज सिन्हा तथा शंभू राम उपस्थित हुए।

## संविधान दिवस पर विद्यार्थियों ने ली शपथ



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर में छात्र छात्राओं एवं शिक्षको ने संविधान दिवस के अवसर पर संविधान का प्रस्तावना पढ़कर शपथ लिया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक रूप से पढ़कर संविधान के मूल्यों को अपनाने की शपथ लिया।विद्यालय मे इस तरह के आयोजन से देश के भविष्य निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। क्योंकि ये छात्रों को संविधान के महत्व और इसके मूल्यों के बारे में जागरूक करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक विजय कुमार, देव कुमार सिंह, उदय शंकर वैद्य सहित सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## रेडक्रॉस सोसाइटी ने लगाया रक्तदान शिविर



कांडी (आजाद सिपाही)। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गढ़वा जिला शाखा की ओर से बुधवार को अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, प्रखंड कर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में बीडीओ राकेश सहाय, मनरेगा बीपीओ सोनू कुमार, प्रखंड नाजिर अजित कुमार, अंचल निरीक्षक संदीप कुमार गुप्ता, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार सहित कई अन्य लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि जीवन में कई बार ऐसे मौके आते हैं जब किसी को खून की आवश्यकता होती है। इसलिए अवसर मिलते ही सभी को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन पर रेड क्रॉस सोसायटी और स्थानीय प्रशासन ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## हरिहरपुर ओपी में संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी परिसर में मंगलवार को संविधान दिवस (26 नवंबर) के अवसर पर एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। ओपी प्रभारी मो. नसीम अंसारी के नेतृत्व में सभी पुलिसकर्मियों ने भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा, देश की एकता-अखंडता की रक्षा और कर्तव्यपरायणता से कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। ओपी प्रभारी मो. नसीम अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लसंविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है। पुलिसकर्मियों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है, इसलिए संविधान में निहित अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है।ह्व उन्होंने सभी जवानों से ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ जनता की सेवा करने का आह्वान किया।

## मोपेड की टक्कर से मजदूर की मौत



कांडी(आजाद सिपाही)। बहेरवा मोड़ निवासी 53 वर्षीय भूमिहीन मजदूर शिवराम की सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के अभाव में मौत हो गई। काम खोजकर लौटते समय मोपेड सवार ने उनकी साइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। गढ़वा से मेदिनीनगर और फिर रांची रिम्स रेफर किया गया, जहां चार दिन इलाज के बाद उनकी मौत हो गयी। आर्थिक कमजोर होने के कारण बेहतर इलाज नहीं हो सका। पंचायत मुखिया व ग्रामीणों की मदद से सोन नदी में अंतिम संस्कार किया गया, पर अब विधवा लीला देवी और दो बेरोजगार बेटों के सामने श्राद्ध कराने की चिंता खड़ी है। इस परिवार के पास राशन कार्ड तक नहीं है।बीजेपी नेता रामलाला दुबे और विनोद प्रसाद ने परिवार से मिलकर मदद की मांग की। सीओ ने आर्थिक सहयोग और 50 किलो चावल देने की बात कही, वहीं थाना प्रभारी ने एफआइआर की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही।

# सनराइज क्रिकेट एकेडमी ने 93 रनों से जीत दर्ज की, रूपेश कुमार बने मैन ऑफ द मैच

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित लीग मैच का अठारहवां मुकाबला डार्क ब्ल्यू क्रिकेट क्लब और यूथ क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। मैच में रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिला, जहां यूथ क्रिकेट क्लब ने शानदार खेल दिखाते हुए 93 रनों से जीत दर्ज की। पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने यूथ क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित ओवरों में 270 रनों का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से रूपेश कुमार ने 104 रन की बेहतरीन पारी खेली,कुमार कस्तूब ने 33 पवन कुमार ने 27 और युवराज ने 27 रन जोड़े, जबकि भोला कुमार ने 11 रनों का योगदान दिया।

वहीं गेंदबाजी में डार्क ब्ल्यू क्रिकेट क्लब की ओर से आयन ने 5, सत्यजीत, अभिराज ने 2- 2 विकेट चटकाए,। लक्ष्य का पीछा करने डार्क ब्ल्यू क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित ओवरों में 167 रन ही बना पायी।

टीम की ओर से आकाश सिंह ने 36 रन, कुमार जैस ने 48, अभिराज ने 27 रन बनाए। यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी में सम्राट ने 05 ओवर 43 रन 3 विकेट, मानस दीप ने 2 विकेट और रूपेश कुमार ने 3 विकेट झटके। अच्छे प्रदर्शन के लिए रूपेश कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्रिकेटर सुशील गिरी के द्वारा दिया गया।

# निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 50 की हुई जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के कचहरी रोड स्थित जनता डेंटल क्लिनिक में आयोजित निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में मंगलवार को 50 लोगों के दांतों की जांच की गई। लगातार चल रहे इस दंत जांच शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा शुरूआती स्तर पर ही दांतों की बीमारियों का पता लगाकर उनका उपचार सुनिश्चित करना है। शिविर में आए मरीजों के दांतों की जांच गढ़वा जिला के प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ एम एन खान ने की। उन्होंने प्रत्येक मरीज की शिकायतों को विस्तार से सुना और उनकी समस्याओं के अनुसार दंत उपचार संबंधी सुझाव दिए। मौके पर डॉ एम एन खान ने कहा कि जिले में दांतों से संबंधित बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जिनमें पायरिया एक प्रमुख समस्या के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि पायरिया एक ऐसी बीमारी है। जिसे लोग अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन यह आगे चलकर गंभीर स्वरूप ले सकती है। समय पर इलाज नहीं होने पर मसूड़ों की कमजोरी, दांतों में दर्द, बदबू, खून आना और अंततः दांत गिरने तक की स्थिति बन सकती है। डॉ एम एन खान ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पायरिया के शुरूआती लक्षण दिखने पर तुरंत दंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि सुबह-शाम ब्रश करना, नमक या माउथवॉश से गरारा करना, मीठे पदार्थों का कम सेवन और नियमित दंत जांच करवाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर लोग दांतों और मसूड़ों की देखभाल में थोड़ी सी सतर्कता बरतें तो न केवल पायरिया बल्कि कई अन्य दंत रोगों से भी बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिविर प्रतिदिन निर्धारित समय पर जारी है। वहीं आने वाले दिनों में भी लोगों को निःशुल्क जांच की सुविधा मिलती रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि दांतों की समस्या होने पर संकोच न करें और समय पर जांच अवश्य कराएं।।क्योंकि दंत स्वास्थ्य शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य से सीधा संबंध रखता है। शिविर में आए मरीजों ने भी ऐसे आयोजन को सराहते हुए कहा कि निःशुल्क जांच से उन्हें विशेषज्ञ सलाह आसानी से मिल पा रही है।

# लोहरदगा में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता: 15 लाख के इनामी रविंद्र गंझू का 'दाहिना हाथ' गिरफ्तार, 19 संगीन मामलों में थी तलाश

## बुलबुल और कोरगो मुठभेड़ का आरोपी और 1 लाख का इनामी राजा हेमंत असुर चढ़ा पुलिस के हत्थे

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए भाकपा माओवादी संगठन की कमर तोड़ने वाली सफलता हासिल की है। पुलिस ने माओवादी रिजनल कमांडर और 15 लाख के इनामी रविंद्र गंझू के दस्ते के सबसे अहम सदस्य राजा हेमंत असुर उर्फ राजन को गिरफ्तार कर लिया है। सरकार ने राजा हेमंत असुर पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। वह लोहरदगा, लातेहार और गुमला जिले में आतंक का पर्याय बना हुआ था। यह गिरफ्तारी मंगलवार की रात कुडू-चंदवा सीमा पर स्थित केरवाडी शिव मंदिर के पास जंगल से हुई। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा और 10 जिंदा कारतूस (8एमएम) बरामद किए हैं।

**गुप्त सूचना पर बिछाया गया जाल**

लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी को 25 नवंबर की रात पुख्ता सूचना मिली थी कि माओवादी रिजनल कमांडर रविंद्र गंझू अपने दस्ते के साथ लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र से निकलकर लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र (चुल्हापानी) की ओर बढ़ रहा है। उनका उद्देश्य इस नए इलाके में संगठन का विस्तार करना और किसी बड़ी घटना को अंजाम देना था। सूचना यह भी थी कि दस्ते में 1 लाख का इनामी राजा हेमंत असुर भी मौजूद है। इस सूचना पर तत्काल एसडीपीओ (किस्को) वेदांत शंकर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम में एसएसबी 32वीं वाहिनी के इंस्पेक्टर मनीष कुमार चौबे, कुडू थाना प्रभारी अजीत कुमार और जिला बल के जवान शामिल थे। टीम ने रात के अंधेरे में कुडू-चंदवा मार्ग के जंगली इलाके में घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखते ही नक्सली भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन जवानों ने मुस्तैदी दिखाते हुए राजा हेमंत असुर को दबोच लिया।

**तीन जिलों में दर्ज हैं 19 एफआईआर**

गिरफ्तार राजा हेमंत असुर (पिताः दशरथ असुर, निवासीः हेसाग, लोहरदगा) का आपराधिक इतिहास बेहद लंबा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उस पर लोहरदगा में 8, लातेहार में 4 और गुमला जिले में 7 मामले दर्ज हैं। इन मामलों में हत्या, पुलिस पर जानलेवा हमला, आगजनी, लेवी वसूली और यूएपीए (वअढअ) जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं।

**इन बड़ी वारदातों में कबूली अपनी संलिप्तता**

पुलिस की कड़ाई से पूछताछ में राजा हेमंत असुर ने पिछले चार सालों में हुई 12 बड़ी घटनाओं में अपनी भूमिका स्वीकार की हैः बुलबुल जंगल मुठभेड़ (फरवरी 2022): लोहरदगा के बुलबुल जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच कई दिनों तक चले ऐतिहासिक एनकाउंटर में वह शामिल था। रेलवे निर्माण में आगजनी (नवंबर 2022): चंदवा के कटपुलिया के पास रेलवे लाइन बिछाने के काम में लगी 10-12 गाड़ियों को आग के हवाले करने की घटना। हत्या और गोलीबारीः अगस्त 2023 में चंदवा के जमवारी गांव में प्रदुमन यादव की हत्या और जनवरी 2023 में कुडू बस स्टैंड पर दुकानदार को गोली मारने की घटना। लपरा पुल आगजनी (2023): रेलवे पुल निर्माण स्थल पर हाईवा और कार फूंकना। लेवी का आतंकः वर्ष 2021 से 2025 तक दुधीमाटी पुल, बेतर चेकडेम और गोली कुन्दो स्कूल निर्माण स्थलों पर पर्चा फेंककर लेवी (रंगदारी) मांगना।

**गंभीर धाराओं में भेजा गया जेल**

पुलिस ने गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ कुडू थाना में कांड संख्या 125/25 दर्ज किया है। उस पर आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-इ)/26, 17 सीएलए एक्ट और यूएपीए (वअढअ) की धारा 13/16 लगाई गई है। बुधवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**छापेमारी टीम में ये थे शामिल**

इस अभियान की सफलता में एसडीपीओ वेदांत शंकर, इंस्पेक्टर मनीष कुमार चौबे (एसएसबी), थाना प्रभारी अजीत कुमार, एसआई राकेश कुमार गुप्ता, तकनीकी शाखा के नीरज कुमार मिश्र, ललित उरांव और सैट-78 के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संविधान दिवस पर पदाधिकारियों और कर्मियों ने ली शपथ



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भारतीय संविधान दिवस (26 नवंबर) के मौके पर उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा बुधवार को समाहरणालय परिसर में सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को भारत देश को संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलायी गई। यह शपथ कार्यक्रम जिला व प्रखंड के अन्य कार्यालय में भी आयोजित की गयी। इस अवसर पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## नहीं रहे बीएस कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर सूरा उरांव



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बीएस कॉलेज लोहरदगा के सेवा-निवृत्त वरिष्ठ प्रोफेसर और आदिवासी समाज के समाजसेवी सुरा उरांव के निधन से जिले में शोक की लहर है। उनके असामयिक निधन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इसे समाज की अपूरणीय क्षति बताया। साहू ने कहा कि सुरा उरांव आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना के मजबूत स्तंभ थे। उन्होंने बीएस कॉलेज लोहरदगा में वर्षों तक सेवा देकर हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा। उनके निधन से शिक्षा जगत और आदिवासी समाज दोनों को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। बताया गया कि सुरा उरांव कुछ समय से बीमार थे। वे आदिवासी पड़हा समाज के देवाण के रूप में सम्मानित रहे और सामाजिक अगुवा के रूप में शिक्षा, समाज सुधार और आदिवासी अधिकारों के लिए आजीवन संघर्षरत थे। उनकी सादगी, कर्मठता और सेवा भावना उन्हें समाज में विशेष स्थान दिलाती रही। उनके निधन पर शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और आम लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। समाज उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखेगा।

## अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल, एक रेफर

### नशे में पुलिस जवान ने साइकिल सवार को मारी टक्कर



**सेन्हा/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्ध सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा पहुंचाया गया, जहां एक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। पहली घटना कंडरा चौक के समीप एनएच-143ए पर हुई, जहाँ आमने-सामने दो बाइक की टक्कर में दोनों चालक घायल हो गए। वहीं, दूसरी घटना सेन्हा स्थित छोटी मस्जिद के पास घटी, जहां झारखंड पुलिस के एक जवान की बाइक ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। इससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गये। घायलों की पहचान सुनील उरांव (45 वर्ष), निवासी इचरी, थाना सेन्हा, दीपक उराँव (40 वर्ष), निवासी भास्को, थाना लोहरदगा, शहादत अंसारी (65 वर्ष), निवासी सेन्हा (साइकिल सवार) व पीटर मिंज (42 वर्ष), निवासी बनारी, थाना बिशुनपुर, जिला गुमला – झारखंड पुलिस में आरक्षी (बैच नं. 102), लोहरदगा में पोस्टेड के रूप में किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस जवान नशे की हालत में बनारी से लोहरदगा की ओर आ रहा था, इसी दौरान उसने साइकिल सवार वृद्ध को चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर सेन्हा थाना पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण कर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## फांसी लगा कर दसवीं की छात्रा ने कर ली खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के पतराटोली में मंगलवार को एक, 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा द्वारा संदिग्ध परिस्थिति में आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान अर्चना कुमारी, पिता विष्णु उराँव, निवासी दोदांग, घाघरा थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। अर्चना अपनी मौसी के साथ रहकर नदिया प्लस टू स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। घटना मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे की है। जानकारी के अनुसार, घर में अकेली होने के दौरान नाबालिग ने कमरे के पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसकी मौसी किसी काम से घर से बाहर गई हुई थीं। करीब 2 बजे मौसी के लौटने पर जब उन्होंने कमरे में झांका, तो अर्चना को फंदे से झूलता देख हक्का बक्का रह गईं। उनकी चीखें सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर लोहरदगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर अपने कब्जे में लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। हालांकि आत्म हत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद इलाके में सन्नाटा और शोक का माहौल है। पैतृक गांव दोदांग में भी परिजन गहरे सदमे में हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच हर एंगल से की जा रही है, ताकि घटना के पीछे की वास्तविक वजहों का पता लगाया जा सके।

## संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय कर्मा जिम्पा भूटिया ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, नेगाई, का निरीक्षण किया



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार श्री करमा जिम्पा भूटिया द्वारा आज लातेहार प्रखंड अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, नेगाई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक, आवासीय एवं भौतिक संरचना संबंधी व्यवस्थाओं के साथ विद्यालय में शिक्षकों व बच्चों की उपस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान संयुक्त सचिव द्वारा विद्यालय में पठन-पाठन के तरीके एवं बच्चों को मिल रही मूलभूत सुविधों के अलावा प्रयोगशालाओं, छात्रावास, भोजनालय, खेल मैदान एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने छात्र छात्रों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, सुविधाओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को स्वच्छता, सुरक्षा एवं आधारभूत संरचनाओं के सतत रखरखाव हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। साथ ही, छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक शिक्षण संसाधनों के उपयोग पर बल दिया। इस अवसर पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## कोयल पुल को पांच घंटे जाम किया



बारवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना क्षेत्र के पुटूआगढ़ जंगल में दो दिन पूर्व पेड़ से लटके एक युवक का शव मिलने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश बुधवार को सड़क पर फूट पड़ा।मृतक के गांव हुटार के ग्रामीणों ने मुखिया शोभा देवी के नेतृत्व में लातेहार के बरवाडीह/पलामू दोनों जिला को जोड़ने वाली हुटार पथ स्थित कोयल नदी पर बने पुल पर जाम लगा दिया और मामले को हत्या बताते हुए शीघ्र और पारदर्शी खुलासे की मांग की।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दो दिनों पूर्व हूंटार(पलामू ) ग्राम निवासी चंदन भुइंया (उम्र लगभग 28वर्ष) पिता सुकन भुइंया का शव बरवाडीह थाना क्षेत्र के पुटूआगढ़ जंगल में एक पेट से लटका मिला था।घटना की सूचना पर बरवाडीह थाना प्रभारी अनुराग कुमार के नेतृत्व में शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक करवाई करते हुई शव को उसके परिजनों को सौंप दिया था।इसी बीच बुधवार सुबह सात बजे के करीब पंचायत के मुखिया शोभा देवी के नेतृत्व में उसके परिजनों ,दो छोटे छोटे बच्चों के साथ काफी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने दोनों जिला को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग में बने पुल में मृतक को गांव के ही लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुई शव के साथ मुख्य मार्ग को जामकर दिया।जाम की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी ओम प्रकाश साह तथा बरवाडीह थाना प्रभारी अनुराग कुमार,सब इंस्पेक्टर राजन अधिकारी अशोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया।लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अडिग रहे।स्थिति को देखते हुए एसडीपीओ भरत राम भी घटनास्थल पर पहुंचे,बाद में स्थानीय समाजसेवी दिलीप चंद्रवंशी की पहल पर अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जल्द ही पूरी सचाई सामने लाते हुई आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा.करीब पांच घंटे जाम के बाद दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी।जिसे दोपहर 12बजे के करीब हटाया गया.जिससे आवागमन सुचारू हुआ।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर मामले का खुलासा नहीं हुआ।तो वे पुनः आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर दोनों क्षेत्र के काफी संख्या में ग्रामीणों शामिल थे।

## सदर अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर पारा मेडिकल स्टाफ जीरो टॉलरेंस पर काम करें: उत्कर्ष गुप्ता



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अस्पताल की विभिन्न इकाइयों एवं वार्डों का गहन अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं जायजा लिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा आईसीयू, ओपीडी, एसएनसीयू, प्रसव वार्ड, एमटीसी, डायलिसिस यूनिट, जांच केंद्र, जिरियाट्रिक वार्ड, दवा भंडार (स्टॉक) समेत अन्य वार्डों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराने हेतु संबंधित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक एवं उचित दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने नियमित सफाई, स्वच्छता मानकों के अनुपालन एवं समुचित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, दवा की उपलब्धता, उपकरणों की कार्यशीलता एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं की भी समीक्षा की गई और सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल श्री कमलेश कुमार, संबंधित चिकित्सक उपस्थित थे।

## सेवा शिविरों में आवेदनों का ऑन दि स्पॉट हो रहा निपटारा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा। आपकी** योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को भंडरा बाजार ताड़ में बड़े जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सेवा का अधिकार सप्ताह में सरकारी लाभों को सीधे और त्वरित रूप से ग्रामीण जनता तक पहुंचाना है। भंडरा पंचायत में आयोजित इस शिविर में सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शिविर में आवेदनों के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास ने कहा कि राज्य सरकार प्रशासन को गांव-गांव तक ले जाकर आम लोगों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। कई ग्रामीण प्रखंड और जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाते, इसलिए यह शिविर उनके लिए मील का पत्थर साबित होगा। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने ग्रामीणों से विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों के जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र नहीं बने हैं या जिनके भूमि संबंधी विवाद हैं, वे स्टॉल पर आवेदन दें, जिनका तुरंत समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख बरिया देवी, सीओ दुर्गा कुमार, जिला परिषद सदस्य राजमणि उरांव, मुखिया इंद्रदेव उरांव सहित प्रखंड कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 10 पंचायतों एवं नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित हुआ सेवा का अधिकार सप्ताह

### कुडू के पंडरा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** राज्य सरकार के निदेश पर आयोजित हो रहे ₹सेवा का अधिकार सप्ताह₹ कार्यक्रम अंतर्गत कुडू प्रखण्ड के पंडरा पंचायत में श्री चंद्रशेखर, सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में मुख्य अतिथि ने आमजनों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 में सूचीबद्ध राज्य सरकार के विभिन्न सेवाओं का अधिकार इस शिविर में दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने मुख्य सेवा प्रक्षेत्र के अंतर्गत प्राप्त होनेवाले आवेदनों को प्राथमिकता देने व निर्धारित समय में निष्पादन करने का निदेश दिया गया है। इसमें जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, दाखिल खारिज के मामले, भूमि की मापी, नया राशन कार्ड, भूमि धारण प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की योजनाओं के आवेदन शामिल हैं। आप इस अवसर का लाभ उठाएं। इसके अतिरिक्त सरकार की महत्वकांक्षी योजनाएं हैं जिसका लाभ आप उठा सकते हैं। कार्यक्रम में समाज कल्याण अंतर्गत पीएम मातृ वंदना योजना में लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं एक दिव्यांग को व्हीलचेयर, कल्याण विभाग अंतर्गत लाभुक समूह के बीच सामुदायिक पट्टा, कृषि विभाग अंतर्गत किसानों के बीच मक्का बीज व सरसों का बीज, मनरेगा अंतर्गत लाभुकों के बीच जॉब कार्ड व पौधा का वितरण और स्वयं सहायता समूह के बीच ऋृण का वितरण किया गया। 135 स्वयं सहायता समूहों का 4.72 करोड़ रुपये का बैंक लिंकेज किया गया। वहीं कुडू प्रखंड के 89 स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड और कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड अंतर्गत 43.50 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा जिला प्रशासन की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए थे। मुख्य अतिथि द्वारा सभी स्टॉल का भ्रमण भी किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष उरांव, जिला परिषद सदस्य गंगोत्री देवी, प्रमुख, उप प्रमुख व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**50 प्रतिशत अनुदान पर बीज प्राप्त करने की अपील**

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने बीज विनिमय योजनांतर्गत 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर रबी फसल का बीज प्राप्त करने की अपील की। साथ ही, कहा कि इस अवसर को हाथ से ना जाने दें। रबी का मौसम है जिसमें गेहूं, चना, सरसों आदि बीज दिया जा रहा है। किसान अपने लैम्प्स-पैक्स से संपर्क कर अनुदानित दर बीज लें और फसल उत्पादन करें।

## केचकी और मंगरा में लगा शिविर, ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के केचकी और मंगरा पंचायत में सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत शिविर आयोजित किया गया। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ लवकेश सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शिविर में मंइयां सम्मान, अबुआ आवास और राशन कार्ड के लिए सबसे ज्यादा आवेदन मिले। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर सर्वजन पेंशन, किशोरी समृद्धि, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित कई योजनाओं के लिए आवेदन लिए गए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने फार्म भरकर प्रशासन को सौंपे। कार्यक्रम में कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बनवारी साहू महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार में संविधान स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के कर्मी एवं छात्र छात्राओं ने संविधान की शपथ लिया इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार तिवारी, प्रो बैद्यनाथ महतो, प्रो शत्रुघ्न मेहता, प्रो कृष्ण मोहन लाल राणा,प्रो नरेश पाण्डेय, प्रो हरी प्रसाद सिंह, प्रो नवल किशोर प्रसाद,प्रो संजीत प्रसाद, प्रो रंजीत प्रसाद प्रो ईशरत बानो सहायक रेणु कुमारी, गंगोत्री देवी, सरोज करकेट्टा, शिव कुमार तिवारी, अनुपम कुमार मिश्रा, चन्दन कुमार, विकाश कुमार, अर्चना चौरसिया, आदेशपाल राजेश प्रसाद, चंदा रानी गुप्ता, इंतेशा र अहमद, वीरेंद्र उराव, सुनीता गुप्ता, के साथ सैकड़ो छात्र उपस्थित थे।

# भारत का संविधान हर नागरिक की गरिमा का संरक्षक : आलोक चौरसिया

**संविधान दिवस, जनजातीय गौरव दिवस एवं एक पेड़ मां के नाम के अवसर पर चित्र प्रदर्शनी-सह-जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय डालटनगंज द्वारा बुधवार को गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर (पलामू) में संविधान दिवस 2025, जनजातीय गौरव दिवस तथा पर्यावरण जागरूकता आधारित 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के उपलक्ष्य में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी-सह-जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया एवं अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके पूर्व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत परिसर में पौधारोपण किया गया। वहीं विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गयी। कार्यक्रम के तहत सामूदायिक रूप से संविधान के उद्देशिका का पाठ पढ़ा गया। वहीं सभी ने बाल विवाह मुक्त झारखंड की शपथ ली। विधायक आलोक चौरसिया ने संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने जाति, धर्म और समुदाय से उपर उठकर भारत के हर नागरिक के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करने वाला संविधान बनाया है। यह संविधान हमें कर्तव्य, अधिकार और राष्ट्र-निर्माण की प्रेरणा देता है। आज पूरा देश संविधान पर गर्व महसूस करता है। उन्होंने कहा कि संविधान सभा और स्वतंत्रता संग्राम में पलामू का योगदान अविस्मरणीय रहा है। स्व यदुवंश सहाय (यदू बाबू) एवं अमीय कुमार घोष (गोपा बाबू) संविधान सभा के सदस्य रहे। वहीं स्व भागीरथी सिंह जैसे वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी भी इसी मिट्टी की देन हैं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा, नीलांबर-पीतांबर को नमन करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को इन महापुरुषों के योगदान से अवगत होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन तीन प्रमुख विषयों–संविधान दिवस, जनजातीय गौरव दिवस और पर्यावरण संरक्षण संबंधित एक पेड़ मां के नाम को समर्पित है। इसके पूर्व सभी अतिथियों ने फीता काटकर चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। लड़ाई बाबा भीम जी लड़े जैसे गीतों की प्रस्तुति ने वातावरण को उत्साह और गौरव से भर दिया। सांस्कृतिक दल के कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही गीत-संगीत के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से जागरूक किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संविधान निर्माताओं के योगदान को स्मरण करना, जनजातीय समुदायों की गौरवशाली परंपराओं से परिचय कराना तथा छात्रों में पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा जगाना है।

## संविधान सभा के सदस्य और जनजातीय नायकों को सम्मानित किया गया

कार्यक्रम में संविधान सभा के सदस्य रहे स्व. यदुवंश सहाय (यदू बाबू) एवं स्व. अमीय कुमार घोष (गोपा बाबू) के वंशजों क्रमशः सुधीर सहाय एवं मनोतोष घोष को सम्मानित किया गया। पलामू प्रमंडल के अग्रणी जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी स्व. भागीरथी सिंह के पुत्र दिग्विजय सिंह को भी सम्मान प्रदान किया गया। सभी आगंतुक अतिथियों को पलामू के स्वतंत्रता सेनानी के जीवनी पर आधारित पुस्तक 'पलामू के क्रांतिकारी' भेंट किया गया। साथ ही शॉल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# विश्रामपुर में पूजा ज्वेलर्स से 30 लाख के आभूषणों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/ पलामू।** विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्रों में इन दिनों चोरी की घटना लगातार घट रही है। जिससे आम लोग जहां भय के बीच जी रहे हैं वहीं पुलिस के समक्ष भी एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गयी है। मंगलवार की रात चोरों ने विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के बाजार स्थित पूजा ज्वेलर्स एंड वर्तन घर का शटर तोड़कर दुकान में रखे लॉकर को काटकर उसमें रखे 150 ग्राम सोना व 12 किलोग्राम चांदी का जेवरात चुरा लिया। जिसका बाजार मूल्य 30 लाख रुपये बताया जा रहा है। इसके अलावा नकद तीस हजार रुपए भी चोर चुरा ले गये। जाते जाते चोर सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर डीवीआर भी साथ ले गये। बुधवार की सुबह दुकानदार सह स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष बिगन प्रसाद सोनी को शटर टूटने की खबर बगल के पान दुकानदार ने दी। जिसके बाद बिगन सोनी घर से दुकान पर पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। देखते ही देखते दुकान पर भीड़ इकट्ठा हो गयी। आक्रोशित व्यवसायियों ने घटना के विरोध में अपनी अपनी दुकानें बंद कर दुकान के सामने ही धरने पर बैठ गये। सभी दुकानदार मामले का उद्भेदन की मांग कर रहे थे। पांडू से भी कई व्यवसायी पहुंचे थे। घटना की सूचना पर पहुंची विश्रामपुर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए दुकानदार के आवेदन पर मामला दर्ज छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस जिला मुख्यालय से खोजी कुते को बुलाकर भी मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सबूत पुलिस के हाथ नहीं लगा है। वहीं फोरेंसिक टीम भी अपने हिसाब से मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि चोरों ने कटर से लॉकर को काटकर उसमें रखे सभी आभूषणों को चुरा ले गये और साक्ष्य मिटाने के ख्याल से दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर उसका डीवीआर भी साथ लेते गये। उन्होंने यह भी कहा कि घटनास्थल का जायजा लेने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा था कि चोरों का कोई प्रोफेशनल गिरोह ने घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने घटना के सभी बिंदुओं पर जांच करने की बात करते हुए इस मामले का जल्द ही उद्भेदन का दावा किया है। इधर सूचना मिलने पर एसडीपीओ आलोक टूटी व पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान भी घटनास्थल का मुआयन किया।

# देवघर में कांग्रेसियों ने संविधान की प्रस्तावना का किया सामूहिक वाचन

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** संविधान दिवस के अवसर पर देवघर जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा जिलाध्यक्ष मुकुंद दास के नेतृत्व में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अंबेडकर चौक स्थित संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद कांग्रेसजनों ने संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक रूप से पढ़ा और उसे शुद्ध मन से पालन करने का संकल्प लिया जिलाध्यक्ष मुकुंद दास ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे और नागरिक अधिकारों की आधारशिला है। इसे सुरक्षित रखना और मजबूत बनाना हर नागरिक का नैतिक दायित्व है।

उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में संविधान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सभी नागरिकों को संवैधानिक मूल्यों को जीवन में अपनाना चाहिए।

पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर ने समानता, न्याय और स्वतंत्रता की जो राह दिखायी, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा लगातार संविधान और उसके मूल्यों पर चोट की जा रही है। उन्होंने कहा कि संविधान बदलने के प्रयास को कभी सफल नहीं होने देंगे। इस संघर्ष में हम सभी नेता राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस का उद्देश्य इन मूल्यों को स्मरण करना और समाज में फैलाना है।

कार्यक्रम में जिला महासचिव-सह-प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, महासचिव विवेक मिश्रा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास राउत, राकेश केशरी, नगर महासचिव अंकुर केसरी, एनएसयूआई के शैफ दानिश, चंद्रदेव दास, पवन यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

# क्षेत्र वासियों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कृत संकल्पित : संजय यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के वार्ड-14 में नवनिर्मित आयुष्मान अरोग्य मंदिर का उद्घाटन स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी शशिशेखर सुमन, स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ एसके रवि, पूर्व पार्षद नजीर अहमद, सुहैल आलम आदि ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक श्री यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्र का विकास और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं को लेकर राज्य सरकार कृत संकल्पित हैं।स्वास्थ्य सुविधाएं को बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि आमलोगों को सुलभ रूप से उप स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र खुलने से इस इलाके के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

मौके पर एसडीओ श्री गुप्ता ने कहा कि आयुष्मान अरोग्य मंदिर के खुलने से शहरी क्षेत्र से जुड़े लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ रूप से मिलेगी। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी श्री सुमन ने कहा कि शहर वासियों के सर्वांगीण विकास के लिए नगर पंचायत तत्पर है।उन्होंने कहा कि बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए इस उप स्वास्थ्य केंद्र में परमानेंट चिकित्सक की भी पदस्थापना किया गया है। मौके पर स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ एसके रवि ने कहा कि आयुष्मान अरोग्य मंदिर के खुलने से अब स्थानीय लोगों को इलाज के लिए दूर नही जाना पड़ेगा और समय पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक व एसडीओ ने उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए नगर पंचायत की ओर से नियुक्त चिकित्सक डॉ संजर इमाम को नियुक्ति पत्र दिया। मौके पर नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, राकेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, भाजपा नेता अजय गुप्ता, राजद नेता खुर्शीद खान, कलामुदिन खान समेत कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

## हथगढ़ मैदान में आर्यन क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**देवघर (आजाद सिपाही)।** देवघर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 36 स्थित हथगढ़ मैदान में आर्यन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। समारोह का उद्घाटन देवघर महापौर के भावी प्रत्याशी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ध्रुव प्रसाद साह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर युवा समाजसेवी जितेंद्र चौधरी भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि खेल केवल जीत और हार का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह मानसिक एवं शारीरिक विकास का माध्यम भी है। खिलाड़ियों में उत्साह देखकर स्पष्ट है कि यह टूर्नामेंट युवाओं को अपने खेल कौशल दिखाने और नया अनुभव हासिल करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने सभी टीमों से अनुशासन और मेहनत के साथ खेलते हुए टूनार्मेंट को सफल बनाने की अपील की। आर्यन क्रिकेट टूर्नामेंट नॉकआउट प्रारूप में खेला जा रहा है, जिसमें कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया है। आज खेले गए प्रथम मुकाबले में सारवां प्रखंड और डकाय पंचायत की टीम आमने–सामने थीं। रोमांचक मैच में सारवां ने तीन विकेट से जीत दर्ज की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आर्यन क्रिकेट टूनार्मेंट के संचालक रोशन कुमार एवं उनकी कमेटी के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। पूरे आयोजन के दौरान स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

## संविधान दिवस पर हुसैनाबाद मध्य विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** संविधान दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद मध्य विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र–छात्राओं में भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता एवं सम्मान बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में संविधान के महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान की मूल भावना, अधिकारों, कर्तव्यों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों से अवगत कराना था।इसके अतिरिक्त जनजातीय गौरव दिवस थीम पर सुंदर चित्रांकन प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। प्रतिभागियों ने बिरसा मुंडा, जनजातीय गर्व, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को दशार्ते हुए अत्यंत आकर्षक व प्रेरणादायक पेंटिंग प्रस्तुत की। विद्यालय के वरीय शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया गया कि भारत मे प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया जाता है, इसी दिन भारतीय संविधान 1849 में तैयार हो गया था।उन्होंने कहा कि संविधान, सरकार चलाने का महत्वपूर्ण लिखित दस्तावेज है,जिसके आधार पर देश का शासन चलता है। उन्होंने बताया कि निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता में चयनित सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक रामेश्वर मेहता, बीआरसी कर्मी बिनोद प्रसाद, शिक्षक प्रमोद मेहता, शिक्षिका सुषमा पांडेय, आशा कुमारी, रश्मि प्रकाश आदि उपस्थित थे।

## विश्रामपुर नप मुख्यालय में डिज्नीलैंड मेला सह मीना बाजार का उद्घाटन



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में डिज्नीलैंड मेला सह मीणा बाजार का शुभारंभ बुधवार को हुआ। डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन समाजसेवी राजू तिर्की ने फीता काट कर किया। मेला के पहले दिन कई लोग व बच्चों ने भी फ्री में झूला का लुफ्त उठाया। विश्वकर्मा इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर ज्वाला विश्वकर्मा ने कहा कि विश्रामपुर महोत्सव मेला का आयोजन किया गया है। आज से शुरू हुआ मेला आगामी पांच जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम आठ बजे तक चलेगा। मेला के संचालक रौशन विश्वकर्मा ने बताया कि इस मेले में ब्रेक डांस, टावर झूला, नौका झूला, ड्रैगन झूला,स्कार्पियो झूला, जम्पिंग, नागिन शो, मिकी माउस सहित कई तहत के झूला लगा है। इसके अलावा मीणा बाजार भी लगा है, जिसमे कई तरह का समान उपलब्ध है। मौके पर विजय बवाली,सबिता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर डीसी ने कर्मियों को दिलायी शपथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया, जहां उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इस दौरान सभागार में संविधान के प्रति सम्मान, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की भावना का उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। उपायुक्त ने संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत का संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र की आत्मा है। इसकी मूल भावना–न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता–राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि का आधार है। उपायुक्त द्वारा शपथ वाचन के बाद सभी अधिकारियों और कर्मियों ने सामूहिक रूप से संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्य पालन का संकल्प लिया।

# संविधान दिवस पर थाना परिसर और स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/ पलामू।** हरिहरगंज तथा पीपरा थाना क्षेत्र में बुधवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने एकत्रित होकर भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। पीपरा थाना में एसआई नकुल शर्मा तथा हरिहरगंज थाना में एसआई कुमार सौरभ की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि संविधान देश की आत्मा है, जो नागरिकों को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को संविधान के अनुरूप कर्तव्यों का निर्वहन करने एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सरसोत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अर्जुन राम के मार्गदर्शन में छात्रों ने जागरूकता रैली निकालकर गांव-गांव में संविधान के महत्व, मूल अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी।

## शिविर में जेएसएलपीएस ने 80 गरीब परिवारों के बीच बांटे पोषण किट



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सरसोत हाई स्कूल मैदान में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज करायी। नोडल अधिकारी शिवशंकर चौधरी की देखरेख में करीब 300 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस एवं ग्राम संगठन की महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही। ग्राम संगठन द्वारा 80 गरीब असहाय एवं दिव्यांग लाभुकों के बीच पोषण कीट का वितरण किया गया। वहीं बाल विकास परियोजना की सेविकाओं ने एक गर्भवती महिला की गोद भराई तथा एक बच्चे का अन्नप्राशन कराया। खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से 20 कार्डधारियों के बीच धोती–साड़ी का वितरण किया गया। साथ ही मनरेगा विभाग ने 48 मजदूरों के जॉब कार्ड का निष्पादन किया। जॉब कार्ड हेतु कुल 60 प्राप्त हुए थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित एमओ ब्रजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों तक तेजी और पारदर्शिता के साथ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार जैसे आयोजन ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान में अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं।

# सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में रहबाद बनी चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** देवीपुर प्रखंड के हुसैनाबाद मैदान में आज आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी–हुसैनाबाद पंचायत स्तरीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सह मैच का शानदार आयोजन देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ द्वारा किया गया। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों की भारी भीड़ के कारण पूरा मैदान उत्साह, रोमांच और जोश से गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने किया। आयोजक अमन झा एवं सह-आयोजक पवन यादव ने माला और बुके देकर उनका स्वागत किया। आदर्श लक्ष्य ने कहा कि पंचायत और प्रखंड स्तर पर आयोजित ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण युवाओं में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाने तथा खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के महासचिव संजीव कुमार झा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खो-खो संघ के सचिव कौशल कुमार सिंह उपस्थित रहे। दोनों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने की इस पहल की सराहना की।

हुसैनाबाद, रहबाद, अमजोरा, तिलैया, कटघहरी, झूमरबाद, मसनजोरा और मथुरापुर झ कुल 8 टीमें प्रतियोगिता में शामिल हुईं। फाइनल मुकाबला रहबाद बनाम मसनजोरा के बीच रोमांचक फाइनल खेला गया, जिसमें रहबाद टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 रन से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। मैच के बाद मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य ने विजेता और उप-विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

पूरा दिन खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच उत्साह, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना की अद्भुत झलक देखने को मिली। देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उन्हें जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आज का सफल आयोजन इसी दिशा में एक सशक्त और प्रेरणादायक कदम साबित हुआ।

## संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को नगर परिषद कार्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कु ने की। उनके नेतृत्व में नगर परिषद के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर सहित संविधान निमार्ता को कृतज्ञ तप पूर्वक नमन जिनकी दूरदर्शिता ने भारत को एक सुदृढ़,समावेशी और न्याय पूर्ण राष्ट्र का स्वरूप दिया। पदाधिकारियों ने भारत के संविधान के प्रति निष्ठा, समर्पण और कर्तव्यपालन की शपथ ली। इस दौरान नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कु ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का संविधान देश की एकता, अखंडता, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है। उन्होंने सभी कर्मियों से अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, पारदर्शिता और जनता के प्रति समर्पण भाव से करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प दोहराया। संविधान दिवस का यह आयोजन सादगीपूर्ण लेकिन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।मोके पर नगर प्रबंधक सुभाष हैंब्रम,अनुज राकेश किस्पोट्टा, नगर मिशन प्रबंधक विजय सिंह,अजय कुमार, मोहम्मद जावेद, मनोहर दास, राजेश कुमार समेत अन्य नगर परिषद कर्मी शामिल थे।

# वाहन जांच अभियान में 44 हजार जुर्माने की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के निर्देशानुसार, मोटर यान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह एवं प्रदीप कुमार तिर्की के द्वारा रायडीह के तुदूर्मा क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के उद्देश्य से एक सघन जांच अभियान चलाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाना था।

## जांच का मुख्य केंद्र

**दोपहिया वाहन :** बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना और 'ट्रिपल राइडिंग' (एक बाइक पर तीन लोग) तेज रफ्तार से वाहन चलाना।

**अमान्य कागजात:** ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट, पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट, और रोड टैक्स जैसे जरूरी दस्तावेजों के बिना वाहन चलाना।

**कड़ी कार्रवाई और जुर्माना :** इस अभियान के दौरान 30 से अधिक नियम तोड़ने वाले लोगों को पकड़ा गया। बिना वैध कागजात या अन्य उल्लंघनों के लिए कुल 44,000 (चौवालिस हजार) का जुर्माना वसूला गया।

मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह ने व्यक्तिगत रूप से चालकों को लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में समझाया और उन्हें यातायात नियमों के महत्व के बारे में जागरूक किया।

अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाए जायेंगे।

यह अभियान गुमला जिले में सुरक्षित और अनुशासित सड़क परिवहन व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कन्या मध्य विद्यालय के कंप्यूटर लैब से चार बैटरी की हुई चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** थाना क्षेत्र में हत्या, मार पीट, चोरी, जैसी घटना थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। क्षेत्र में आए दिन हत्या, चोरी, लड़ाई झगड़ा का मामला बढ़ते ही जा रहा हैं। जिससे सिसई प्रखंड वासी परेशान हैं। मंगलवार की रात में सिसई थाना के पीछे स्थित राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय के कंप्यूटर लैब रूम से चार बैटरी का अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुमति कुमारी ने बताया कि जब वह बुधवार की सुबह को 8:45 मिनट में विद्यालय पहुंची और कंप्यूटर लैब का दरवाजा खोलने के लिए गयी तो देखा कि दरवाजा में लगे कुंडी के साथ बंद ताला जमीन पर पड़ा हुआ हैं। उसके बाद उन्होंने अन्य शिक्षाकाओं को घटना के बारे में जानकारी दी। सभी ने मिलकर अंदर जाकर देखा तो चार बैटरी गायब थे। बाकी कंप्यूटर के अन्य समान अपने स्थान पर सुरक्षित थे। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि आइसीटी परियोजना के तहत 2024 में एक्स्ट्रा मार्क्स एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा बच्चों के लिए कंप्यूटर सिस्टम उपलब्ध कराया गया था। कंप्यूटर शिक्षिका करुणा कुमारी के नेतृत्व में छात्राएं कंप्यूटर सिख रही थी। अपने स्तर से जांच करने पर कहीं पता नहीं चला। उसके बाद उन्होंने सिसई थाना में लिखित आवेदन देकर खोजने और कार्रवाई करने की मांग की हैं

# माहेश्वरी धर्मशाला के पास में नशा करते लड़कों का वीडियो वायरल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के लोहरदगा रोड स्थित माहेश्वरी धर्मशाला के बगल में कुछ लड़कों को नशा करते हुए का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप में तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो में कुछ लड़के पॉलिथीन में कुछ पदार्थ डालकर उसे सूंघ रहे हैं। यह घटना मंगलवार की रात 9 बजे की है। वहीं कुछ लड़के डांस भी कर रहे हैं इनमें सभी कम उम्र के छात्र हैं। बता दे कि इन दिनों गुमला शहर में युवक तरह-तरह के नशा के आदी हो चुके हैं। कम उम्र के स्कूली छात्र ब्राउन शुगर की लत में पड़ गए हैं। हालांकि पुलिस ने ब्राउन शुगर और अवैध नशा के कई कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बावजूद कई युवक नशा की गिरफ्त में आ चुके हैं।

# तुरबूल में शॉर्ट सर्किट से ट्रैक्टर में लगी आग



आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव तुरबूल में बीती मंगलवार की रात में ट्रैक्टर के इंजन में शॉर्ट सर्किट लगने के कारण ट्रैक्टर का अगला भाग जल गया है। बताया जा रहा है कि उक्त ट्रैक्टर कामडारा क्षेत्र के बाकुटोली निवासी मनोज नाग का है। उस ट्रैक्टर के पीछे धान मिसने की मशीन लगी हुई है। वह प्रत्येक दिन की भांति मिसनी कार्य के उपरांत ग्रामीण फूलचंद साहु के मकान के पास खड़ी थी। जिसमे रात्रि के वक्त इंजन मे आग लग गयी। वहीं सुबह मे ग्रामीणो ने कामडारा पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही कामडारा थाना प्रभारी मुकेश कुमार सुमन घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी। इसके बाद ट्रैक्टर मालिक ने थाने में आकर कामडारा पुलिस को एक आवेदन देकर बताया कि यह आगजनी की घटना ट्रैक्टर के इंजन मे शॉर्ट सर्किट लगने के कारण हुई है।

# जिज्ञासा सिटी लेवल फेडरेशन ने फुटपाथ दुकानदारों को कपड़े से बने थैले दिये




आजद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बुधवार 26 नवंबर को नगर भवन गुमला में नगर परिषद गुमला अंतर्गत जिज्ञासा सिटी लेवल फेडरेशन की महिलाओं के द्वारा विभिन्न फुटपाथ विक्रेताओं के बीच कपड़े से बने थैले तथा अन्य कपड़ों का वितरण किया गया। प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत यह क्रियाकलाप फुटपाथ विक्रेताओं के बीच निरंतर किया जाएगा। साथ ही खाद्य आपूर्ति विभाग के द्वारा शहरी क्षेत्र अंतर्गत फूड स्ट्रीट वेंडर के बीच फूड सेफ्टी से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत उक्त विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा से संबंधित विभिन्न तरह के निर्देश दिए गए एवं साफ सफाई सुनिश्चित करने हेतु विशेष नियम बताए गए।

# 1 को टुरुंडू में लगेगा डाइर मेला

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव टुरुण्डू में आगामी एक दिसंबर को परंपरागत डाईर मेला का आयोजन किया गया है। इसके लिये तैयारियां काफी जोरों के साथ चल रही है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये मेला समिति के अध्यक्ष अरविंद साहु ने बुधवार को बताया कि मेले पर लोगों के मनोरंजन नागपुरी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे नागपुरी कलाकार सोनी कुमारी, क्यूम अब्बास, अविनाश नायक, अनिल महली और सुहाना देवी को आमंत्रित किया गया है। वहीं इस बार मेले मे बच्चों के मनोरंजन के लिये भी खेल तमाशे वालो को आमंत्रित किया गया। इसके लिये मेला समिति सदस्य संजय साहु,सुभाष साहु,रामा साहु सहित अन्य युवकों के द्वारा तैयारियां पूरे जोर-शोर के साथ की जा रही है।

## सॉलिटेयर एजुकेशनल एकादमी मकरा में वार्षिक खेल दिवस

# प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकादमी मकरा, घाघरा में बुधवार को जूनियर विंग का वार्षिक खेल दिवस हर्षोल्लास और रंगारंग माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और उत्साह से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरूआत माला रेस, आइडेंटिफी द चाइल्ड, आइस क्रीम रेस, बॉल बैलेंस रेस सहित पेरेंट्स - चाइल्ड वाकिंग जैसी आकर्षक प्रतियोगिताओं से हुई। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी कई प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**खेल बच्चों कि सर्वांगीण विकास का नींव है :** प्रधानाचार्य चंद्रकांत पाठक ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव हैं। आज बच्चों ने जो आत्मविश्वास और ऊर्जा दिखाई, वह प्रशंसनीय है। वहीं मौजूद विद्यालय की सचिव अंकिताश्री ने अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के विकास में विद्यालय और अभिभावकों की संयुक्त भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। आज का खेल दिवस बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह का बेहतरीन उदाहरण है। कार्यक्रम का सफल संचालन राणा हिमांशु सिंह ने किया। अंत में सभी विजेता बच्चों और अभिभावकों को मेडल व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो वर्षीय बच्चा गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लातेहार थाना क्षेत्र के महुआडांड लुगरू निवासी परमेश्वर नगेशिया का दो साल का पुत्र भीम नगेशिया ट्रैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा आनन-फानन मे घायल को 108 एंबुलेंस के माध्यम से मंगलवार की रात 9 बजे गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डा राहुल देव ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संबंध में परमेश्वर नगेशिया ने बताया कि उसका बेटा घर से कुछ दूर में खेल रहा था उसी दौरान एक ट्रैक्टर उसे टक्कर मार कर भाग गया।

# पुआल की आग में झुलसे दो बच्चों की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के दो अलग-अलग स्थानों में खेल-खेल के दौरान पुआल के गांज में आग लगने से जलने वाले दो बच्चों की मौत मंगलवार की देर शाम रांची रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में हो गयी। गुमला सदर अस्पताल से रांची रिम्स रेफर किए जाने के बाद एंबुलेंस की देरी और गंभीर चोटों के कारण दोनों ने दम तोड़ दिया। पहली घटना कामडारा थाना क्षेत्र के सरिता गांव की है। जहां डेढ़ वर्षीय नमन लुगून घर के पास धान के खलिहान के समीप बने पुआल के कुंबा के अंदर लेटा हुआ था। अचानक वहां आग लग गयी थी। आग की लपटों में फंसकर नमन बुरी तरह जल गया था। परिजन उसे तुरंत कामडारा सीएचसी ले गए थे। जहां से स्थिति गंभीर होने पर गुमला सदर अस्पताल भेजा दिया गया था। वहीं दूसरी घटना पालकोट प्रखंड के बिलिंगबीरा गांव में हुई थी। जहां अपने घर के पास एक साल नौ माह की शोभा कुमारी पुआल में खेल रही थी। अचानक आग लगने से वह भाग नहीं पाई और बुरी तरह झुलस गई थी। परिजनों ने उसे गुमला सदर अस्पताल लाया था। जहां डाक्टर ने उसके 80 प्रतिशत शरीर के जलने की पुष्टि की और उसे भी रिम्स रेफर कर दिया था। मगर रिम्स पहुचने से पूर्व उसकी मौत हो गई।

# मिशन बदलाव संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए अग्रसर : ज्योति



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा और ज्योति गल्योरिया कुजूर के नेतृत्व मे कचहरी चौक के नजदीक बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के प्रतिमा पर मल्यार्पण कर सविधान दिवस मनाया गया। साथ ही बताया गया कि बाबा साहेब के नेतृत्व में ही सविधान को बनाया गया। ज्योति वर्मा ने बताया कि हमारे देश में प्रति वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है कि संविधान सभा ने हमारे संविधान को 26 नवंबर 1949 को स्वीकार किया था। इसके दो महीने बाद यानी कि 26 नवंबर 1950 को इसे पूरे देश में लागू कर दिया गया है। पहली बार इस दिन को मनाये जाने की शुरूआत वर्ष 2015 से की गयी थी। नगर सचिव ज्योति गल्योरिया कुजूर और बिनय गोप ने बताया कि लोकतंत्र को कायम रखने का सबसे बड़ा कारण भारत का संविधान है। प्रतिवर्ष हमारे देश में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। इसका सभी महत्व पूर्ण तिथियों को युवाओं और छात्रों को जानने की आवश्यकाता हैं। आज सविधान दिवस के अवसर पर मिशन बदलाव के बिनोद साहू की अध्यक्षता मे कार्यक्रम की रुपरेखा तय किया गया। जिसमे मिशन बदलाव सदस्य माजदा खातुन, सूरज कुमार, अनंत कुमार, राजू जयसवाल, राज कुमार गोप,गीता देवी, सोमारी कुमारी एवं आमंत्रित सदस्य उपस्थित हुए।

# पालकोट में युवक ने लगायी फांसी



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना मुख्यालय अंतर्गत बस स्टैंड के पीछे वाली बस्ती कटहल टोली में एक 23 वर्षीय युवक दिलीप महतो ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार दिलीप पेशे से किराना दूकान में मजदूरी का काम करता था। वह बीते मंगलवार शाम घर लौटा और अपने परिवार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद घर में अपने पत्नी के साडी.के सहारे घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इधर दूसरे दिन बुधवार सुबह को पालकोट पुलिस को सुचना मिली। सूचना के बाद पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार के निर्देशानुसार एएसआइ सचिन टोप्पो घटना स्थल पहुंच कर मृतक का शव का पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्डम के लिये गुमला भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक आत्म हत्या के ठोस कारणों का पता नहीं चल पाया था।

# डुमरी प्रखंड के बंदुआ में दो महीने से ठप बिजली आपूर्ति होगी बहाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** डुमरी प्रखंड के बंदुआ गांव में पिछले दो महीने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप रहने से परेशान ग्रामीणों को अब राहत की सांस मिली है।

असंगठित कामगार जिलाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम की पहल पर, बिजली विभाग ने अगले 3 दिनों के अंदर गांव में 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

बिजली न होने के कारण जीवन अस्त-व्यस्त होने से परेशान बन्दुआ गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को डुमरी प्रखंड अध्यक्ष नारायण रजक के नेतृत्व में इस गंभीर समस्या को लेकर मुख्तार आलम से मुलाकात की। ग्रामीणों ने उन्हें एक आवेदन सौंपा और जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने की पुरजोर मांग की।

**मुख्तार आलम ने तत्काल की पहल :** मामले की गंभीरता को समझते हुए, मुख्तार आलम ने तत्काल कार्रवाई की और मुख्य अभियंता से मुलाकात की। श्री आलम ने उन्हें ग्रामीणों की समस्याओं से विस्तार से अवगत कराया और तत्काल बन्दुआ गांव के लिए 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किया। मुख्तार आलम के आग्रह पर, बिजली विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि एक सप्ताह के भीतर नया ट्रांसफार्मर मुहैया करा दिया जायेगा, जिसके बाद गांव में बिजली आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। अधिकारियों के इस आश्वासन से ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया है।

इस दौरान मौके पर प्रवीण तिर्की, क्रिस्टोफर कुजूर, कोमल मिंज, विजय कुजूर, अमृत किंडो, राजेश टोप्पो सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# बैजनाथ जालान कॉलेज सिसई में युवा महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** रांची विश्वविद्यालय रांची के निर्देशानुसार बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई मे दो दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया।

महोत्सव में छात्रों के बीच पेंटिंग, रंगोली,स्पोट फोटो ग्राफी, मेहंदी व एकल गायन प्रतियोगिता कराया गया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो विनीता गुड़िया के नेतृत्व में डॉ रंजीत कुल्लू, प्रो करम सिंह ओडेया, डॉ कीर्ति मिंज, प्रो सुनिता कुमारी, डॉ रेखा कुमारी, डॉ इंद्रजीत राम सहित सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने प्रतियोगिता संपन्न कराया। प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने कहा कि युवा महोत्सव में सभी छात्रों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। प्रतियोगिता से प्रतिभागियों का क्षमता विकसित होता है। इसके पूर्व भी झारखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर निबंध और भाषण प्रतियोगिता कराया गया था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया जायेगा। 28 नवंबर को एनसीसी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित है। महाविद्यालय की ओर से जल्द वार्षिक खेलकूद का भी आयोजन किया जायेगा। इसके लिए महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राएं तैयारी करें।

# कार्तिक उरांव कॉलेज में संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण और जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा संविधान दिवस सोलेमन सेलिब्रेशन के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में बीएड सत्र के सभी प्रशिक्षु-प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभाग के समस्त प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने भारत के संविधान, उसकी मौलिक भावना तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभायी। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की उद्देशिका के सामूहिक वाचन से हुई। विभाग की ओर से डॉ दीपक प्रसाद ने सभी प्रशिक्षु-प्रशिक्षणार्थियों तथा उपस्थित शिक्षकों को संविधान की उद्देशिका पर आधारित शपथ दिलायी। प्रशिक्षु-प्रशिक्षणार्थियों ने एक स्वर में उद्देशिका दोहराई और भारत के संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य की मूल भावना को संजोए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नेहरू युवा केंद्र, गुमला के संयोजक डोमन राम ने संविधान के निर्माण, उसकी संरचना, नागरिक अधिकार एवं कर्तव्य, तथा युवा पीढ़ी की संवैधानिक जिम्मेदारियों पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि संविधान न केवल शासन की रूपरेखा है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है, जिसे प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक पालन करना चाहिए। इस अवसर पर विभाग के सभी प्राध्यापकगण प्रो मंती कुमारी, प्रो नीलम प्रतिमा मिंज, प्रो सरिता टॉप्पो, डॉ सिलास डाहांगा, डॉ रंजीत कुमार सिंह, प्रो राजेश रंजन, प्रो नीपेंद्र कुमार सेठ, डॉ शैलेंद्र कुमार, प्रो शिल्पी, प्रो अनुतलान मिंज, डॉ मनोज कुमार साहू तथा कार्यालय सहायक संजय बड़ाइक, शांता, कुंती सहित समस्त विभागीय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष द्वारा संविधान दिवस की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला गया और युवाओं को संविधान के अध्ययन, पालन और प्रचार-प्रसार में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया गया।

# लावागाांई झेंगरिया टोंगरी में मिले प्रेमी जोड़े के शवों की हुई पहचान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के सिसई थाना क्षेत्र की रेड़वा पंचायत स्थित लावागाांई झेंगरिया टोंगरी में एक प्रेमी जोड़ी की सड़ी-गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है। जानकारी मिलने के बाद सिसई थाना प्रभारी संतोष सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस को अंदेशा है कि लगभग एक सप्ताह या उससे पहले युवक-युवती की मौत हुई है। पुलिस ने मामले में आत्महत्या की आशंका जतायी है। दोनों लाश काफी सड़ी-गली हालत में हैं। जिसके कारण शवों की शिनाख्त करने में पुलिस को परेशानी हो रही थी। सिसई थाना की पुलिस के द्वारा तलाशी के क्रम में युवती के पास से एक मोबाइल नंबर बरामद हुआ है। जिससे संपर्क करने पर उन दोनों के विषय में पुलिस को जानकारी मिली है। मृत युवक की पहचान ओडिशा के कुम्हार डुंगी निवासी 22 वर्षीय अशोक दास और युवती की पहचान ओडिशा के मयूरभंज निवासी के रूप में हुई है। मृत युवक अशोक के परिजन कृष्ण दास ने बताया कि युवक चेन्नई में टाइल्स का काम करता था। 18 सितंबर 2025 को झोराडीह मेला देखने के लिए प्रेमिका ने बुलाया था. इसके बाद से दोनों साथ में भाग गए थे। इसके बाद युवती के परिजंनों के द्वारा थाना में अशोक दास के खिलाफ नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया था। उसके बाद से दोनों की खोजबीन की जा रही थी। प्रेमी जोड़े ओडिशा से झारखंड के गुमला कैसे पहुंचे और दोनों की मौत कैसे हुई फिलहाल इस बिंदु पर पुलिस जांच कर रही है। युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।

## सीआइएसएफ ने कोयला चोरों के खिलाफ चलाया अभियान



**धनसार (आजाद सिपाही)।** धनसार थाना क्षेत्र न्यू दिल्ली बस्ती व आसपास क्षेत्रों मे सीआईएसएफ ने कोयला चोरों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान कोयला चोरों के बीच हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ ने नयी दिल्ली व धनसार इलाके से 25 टन कोयला जब्त किया। जब्त कोयला को सीआइएसएफ ने हाइवा मे लोड कर धनसार कोलियरी प्रबंधन को सौंप दिया। बताया जाता है कि चोरों द्वारा धनसार विश्वकर्मा परियोजना से ट्रासंपोटिंग कार्य मे लगे हाइवा पर चढ़कर कोयला उतार लेते है। इसके बाद कोयला को बाइक मे लोड कर मेमको मोड़ स्थित एक भट्ठा मे खपा दिया जाता था। छापेमारी का नेतृत्व धनसार सीआइएसएफ इंस्पेक्टर पारस यादव कर रहे थे।

# नयी श्रम संहिता के विरोध में बीमा कर्मियों का प्रदर्शन

### केंद्र सरकार चार श्रम संहिताओं को शीघ्र वापस ले: हेमंत कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बुधवार 26 नवंबर को अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आह्वान पर स्थिति एलआइसी शाखा एक, दो, तीन, चार, गोविंदपुर शाखा, एसएसएस सेल समेत हजारीबाग मंडल अंतर्गत भारतीय जीवन बीमा निगम के तमाम शाखा कार्यालय में भारत सरकार द्वारा चार श्रम संहीताओं को लागू करने के विरोध में द्वार प्रदर्शन के आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के अध्यक्ष हेमंत कुमार मिश्रा, सांगठनिक सचिव अमित कुमार सहायक सचिव सुबीर कुमार राम और तमाम वक्तआओं ने भारत सरकार से इन श्रम संहिताओं को तुरंत वापस लेने का मांग की। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने 21 नवंबर 2025 को चारों श्रम संहिताओं वेज कोड (2019), इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड (2020), सोशल सिक्योरिटी कोड (2020) तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां (ओएसएच डब्लू स कोड (2020) को अधिसूचित कर दिया है, बिहार चुनाव में मिली जीत से उत्साहित होकर अब इन चारों श्रम संहिताओं को लागू करने आगे बढ़ी है। ट्रेड यूनियनों ने बार-बार सरकार से 2015 के बाद से लंबित भारतीय श्रम सम्मेलन बुलाने और श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग की थी। ये मांगें 13 नवंबर को ड्राफ्ट श्रम शक्ति नीति 2025 पर बैठक तथा 20 नवंबर की प्री-बजट परामर्श बैठक में भी उठायी गयी, लेकिन सरकार पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। ये कोड मजदूरों की जगह मालिकों के हित में है। इससे नौकरी की गारंटी खत्म हो जायेगी, मालिकों के लिए फैक्टरी को बंद करना आसान हो जायेगा, मजदूर संगठन बनाना मुश्किल कर दिया गया है, भविष्य में सभी कर्मचारी कॉन्ट्रैक्ट बेस पर नियुक्त किए जायेंगे, यानी उनके पास स्थायी नौकरी नहीं होगी। इन श्रमिकों को अधिक प्रशिक्षण या कौशल विकास प्राप्त नहीं हो सकता है, और उन्हें कम भुगतान किया जायेगा। इससे एक कठिन स्थिति पैदा हो सकती है क्योंकि उनके पास अपने कौशल में सुधार करने और उच्च वेतन अर्जित करने के लिए निवेश करने के लिए पर्याप्त धन नहीं होगा। यह एक ऐसा चक्र बन सकता है जहां वे आगे बढ़ने के अधिक अवसरों के बिना कम वेतन वाली नौकरियों में फंसे रह जायेंगे।

आइएएआइआइइए इस निर्णय की कड़ी निंदा करती है और इसे अत्यंत अलोकतांत्रिक, श्रमिक-विरोधी तथा नियोक्ता-पक्षीय मानती है। एआइआइइए का दृढ़ मत है कि ये श्रम संहिताएं श्रमिकों के जीवन, अधिकारों और सम्मान पर विनाशकारी प्रहार हैं, जो पीढ़ियों से प्राप्त सुरक्षा को कमजोर कर देंगी।

## कम्युनिस्ट पार्टी ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**सिंदरी/ झरिया (आजाद सिपाही)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की ओर से संविधान दिवस पर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की रोड़ाबांद चौक सिंदरी में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। सीपीएम जिला सचिव विकास कुमार ठाकुर ने उपस्थित साथियों को संविधान के प्रस्तावना का पाठ कर संविधान रक्षा का शपथ दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। भारत का संविधान दुनियां का सबसे बड़ा संविधान है भारत के संविधान ने देश के सभी वर्गों को बिना किसी भेदभाव के समानता के साथ उनके सारे अधिकार को संरक्षित किया। आज संविधान पर बहुत बड़ा हमला है देश के सभी संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाया जा रहा है चाहे वह चुनाव आयोग न्यायपालिका कार्यपालिका या चौथा स्तंभ मीडिया हो सभी को सरकार के निर्देश पर कार्य करने को विवस किया जा रहा हैं। सैकड़ो वर्षों के लंबे संघर्ष एवं लाखों कुर्बानियों से प्राप्त हमारे संविधान की रक्षा की जिम्मेवारी जनता के कंधों पर आ चुकी है। हमें आगे आकर संविधान और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में सीपीएम सिंदरी बरियारपुर लोकल सचिव गौतम प्रसाद, भारत ज्ञान विज्ञान समिति के सिंदरी नगर अध्यक्ष अनामिका तिवारी, शाखा सचिव सूर्य कुमार सिंह, राज नारायण तिवारी, शिबू राय, रामलाल महतो, राजू तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कतरास में भीम आर्मी ने निकाला जागरूकता मार्च




**कतरास (आजाद सिपाही)।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वावधान में बुधवार को संविधान दिवस पर गुहीबांध बस पडाव से संविधान बचाव जागरूकता मार्च निकाला गया। रैली के पूर्व बस पडाव स्थित बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर गुहीबांध से रैली निकाली गयी। रैली शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास थाना चौक पहुंची। जहां नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गयी नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार ने केंद्र सरकार के नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा डॉ भीमराव अंबेडकर साहब के संविधान बचाने के लिए भीम आर्मी किसी भी हद तक जा सकती है। बाबा साहब पर टिप्पणी करना बंद करो। मौके पर आर्मी सेना के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार, जिला प्रभारी संजय राम, प्रखंड अध्यक्ष भीम दास,प्रदेश सचिव डब्लू हाडी, गौरी शंकर, संजय कुमार, संजय राम, विकास भुइयां, गणेश वाउरी, मोहित तुरी, संतोष पासवान, खीरोधार दास, अमन पासवान, टूना कुमार, रमेश दास, विनोद भुइयां आदि उपस्थित थे।

# दीक्षा महिला मंडल ने दिव्यांगों को इलेक्ट्रिक ट्राइ-साइकिल दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पुनर्वास क्षेत्र की आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से जुड़ी युवतियों के बीच वैवाहिक जीवन से जुड़ी आवश्यक वस्तुओं तथा दिव्यांगजनों के बीच इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिलों का वितरण। दीक्षा महिला मंडल, बीसीसीएल द्वारा बुधवार को पलानी पंचायत के अंतर्गत बेलगढ़िया पुनर्वास टाउनशिप में एक महत्वपूर्ण सामाजिक सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला मंडल ने पुनर्वास क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की चार युवतियों को उनके वैवाहिक जीवन हेतु आवश्यक उपयोगी वस्तुए (जैसे अलमारी, बर्तन, वस्त्र आदि) उपहारस्वरूप भेंट कीं। इस दौरान महिला मंडल द्वारा क्षेत्र के दो दिव्यांगजनों के बीच इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल का भी वितरण किया गया, जिससे वे अपने जीवन में आत्मनिर्भरता और गतिशीलता के साथ आगे बढ़ सकें।अवसर पर दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्षा अर्चना अग्रवाल, उपाध्यक्ष पूर्बिता रमैया सहित समिति की सभी सम्मानित सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# संविधान हमारा मार्गदर्शक देश की आत्मा : अनुपमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/ धनबाद।** संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेसी नेत्री सह वर्किंग प्रेसिडेंट राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन अनुपमा सिंह ने प्रेस बयान जारी बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी को नमन करते हुए करते हुए कहा कि भारत का संविधान न सिर्फ देश की कानून व्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि यह हर नागरिक को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का भरोसा देता है।

उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ताओं ने जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र से उपर उठ कर एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले।

संविधान हमें अधिकार ही नहीं, कर्तव्य निभाने की भी प्रेरणा देता है, उन्होंने अपने संदेश में कहा। श्रीमती सिंह ने यह भी कहा कि आज के समय में संविधान के मूल्यों–लोकतंत्र, सेक्युलरिज्म, सहिष्णुता और सामाजिक न्याय–को मजबूत करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे संविधान के प्रति जागरूक रहें और देश की एकता व अखंडता के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

अंत में कहा कि संविधान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम सब मिलकर ही एक सशक्त, समावेशी और विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं।

## दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में संविधान दिवस उत्साह के साथ मना



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में 26 नवम्बर को संविधान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कक्षा 8 के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों, नागरिक जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक शपत से हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों को दृढ़ता से दोहराया। इसके बाद कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और विविधता में एकता पर आधारित एक लघुनाटक प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। विद्यार्थियों ने एक लघु चलचित्र प्रस्तुति के माध्यम से संविधान निर्माण, डॉ भीमराव आंबेडकर के योगदान और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की, साथ ही एक क्विज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि संविधान की जानकारी युवाओं को जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनाती है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## धनबाद की आराध्या और रितु ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 41वी सीनियर तथा आठवीं कैडेट राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता जो उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में 21 से 23 नवंबर को आयोजित हुई थी जिसमें धनबाद के दो खिलाड़ी रितु कुमारी तथा आराध्या पांडे ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर बुधवार को आयोजित सम्मान कार्यक्रम में श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया और कहा कि आने वाला भविष्य में धनबाद के बच्चे अपने प्रदर्शन और मेहनत के बल पर हर खेल प्रतिस्पधाओं में कमाल कर पदक प्राप्त करेंगे और अपने परिवार और धनबाद का नाम रोशन करने करेंगे।इन्हें हमारे और सरकार के खेल विभाग की समर्थन की जरूरत है। मेरा संगठन और मैं हर धनबाद के हर प्रतिभावान बच्चों की मदद के लिए हमेशा खड़ा हूं और खड़ा रहूंगा। सम्मान कार्यक्रम में कोच विशाल पंडित, खिलाडीओं में नूर व्यास, लिखिता शर्मा, अदिति श्रीवास्तव, फरहाद अंजुम, उदय पंडित, अनुपम मंडल, शिवम राज, राज आर्य समेत अन्य उपस्थित थे।

## लोयाबाद से लूटे गये हाइवा के साथ दो गिरफ्तार

**लोयाबाद/ कतरास (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के एकडा से लूटा गया हाइवा को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर तोपचांची थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया साथ ही हाइवा लूटने वाले दो अपराधियों को भी धर दबोचा। पुलिस ने बुधवार को दोनों अपराधी उज्जवल कुमार तथा राकेश कुमार सिंह को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।बताते चले कि छापेमारी का नेतृत्व धनबाद डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम कर रहे थे।एसएसपी के निर्देश पर लूटा गया हाइवा की बरामदगी के लिए डीएसपी नौशाद आलम के नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया गया था। एसआईटी टीम को सूत्रों से पता चला कि एक हाइवा के साथ दो संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है। एसआइटी टीम ने योजनाबद्ध तरीके से फिल्मी स्टाइल में दोनों अपराधियों को दौड़ा कर धर दबोचा।

# बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर मानव शृंखला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 26 नवम्बर 2025 को ब्लास्ट फर्नेस विभाग की मुख्य सड़क पर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य व्यवहार को सुदृढ़ करने हेतु एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति उत्तरदायित्व, सजगता और सामूहिक प्रतिबद्धता को मजबूत करना था। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन उपस्थित रहे। उन्होंने कर्मियों को संबोधित करते हुए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने में सामूहिक प्रयासों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। श्री रंजन ने सभी कर्मचारियों से सुरक्षा उपकरणों के सही एवं पूर्ण उपयोग, निरंतर सतर्कता बनाए रखने तथा स्वयं एवं सहकर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) शौविक रॉय, महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी (ब्लास्ट फर्नेस) धनंजय कुमार सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक मौजूद रहे। प्रतिभागियों ने सुरक्षा संदेशों और नारों से युक्त तख्तियों के माध्यम से सड़क और कार्यस्थल पर जिम्मेदारी, सतर्कता एवं सुरक्षित आचरण का संदेश दिया। सभी की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने संयंत्र में सुरक्षित, स्वस्थ एवं दुर्घटना-मुक्त कार्य वातावरण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उल्लेखनीय है कि बोकारो इस्पात संयंत्र अपनी मूल भावना सुरक्षा सर्वप्रथम को निरंतर सशक्त बनाते हुए प्रत्येक कर्मचारी को सुरक्षा संस्कृति का सक्रिय भागीदार बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। सामूहिक जागरूकता और सहभागिता के माध्यम से संयंत्र शून्य दुर्घटना की दिशा में अपने प्रयासों को लगातार और अधिक मजबूती प्रदान कर रहा है।

## पंकज सिन्हा ने पालीटेक्निक परिसर की घेराबंदी का किया स्वागत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर जिलाके मंत्री एवं मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा ने धनबाद राजकीय पालीटेक्निक परिसर की घेराबंदी के लिए होने वाली बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य का स्वागत किया है। परंतु, साथ ही साथ पंकज सिन्हा ने कहा कि, जिला प्रशासन करीब 100 वर्ष से भी ज्यादा समय के पूर्व के पॉलिटेक्निक पांडरपाला वर्तमान मुख्य सड़क को बंद कर नया वैकल्पिक सड़क बनाने जा रही है। ऐसे में पांडरपाला की नई प्रस्तावित सड़क के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित क्षेत्र के आम लोगों को भी विश्वास में लिया जाना चाहिए। जिस प्रकार धैया में आइएसएम (आइआइटी) ने धैया मंडल बस्ती एवं अन्य मोहल्लों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की तब बाउंड्री वॉल किया गया। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की की उसी प्रकार जिला प्रशासन बेकारबांध से पांडरपाला के मुख्य मार्ग की भी व्यवस्था करें।

## देश को संविधान देने वाले बाबा साहब युगों-युगों रहेंगे अमर : सुबल दास



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बुधवार 26 नवंबर को बहुजन समाज पार्टी, धनबाद जिला के तत्वाधान में संविधान दिवस के अवसर पर रणधीर वर्मा चौक से पार्टी का झंडा बैनर तले जुलूस निकालकर डीआरएम चौक पहुंचकर संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जुलूस में काफी संख्या में पार्टी के नेता कार्यकर्ता एवं महिलाएं शामिल थी। इस दौरान कार्यकर्ता संविधान दिवस जिंदाबाद, संविधान विरोधी ताकतें होश में आओ, संविधान के साथ किसी भी तरह का छेड़छाड़ नहीं चलेगा, बहुजन समाज पार्टी जिंदाबाद, जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा साहब डॉ अंबेडकर का नाम रहेगा, बाबा साहब डॉ आंबेडकर अमर रहे, मान्यवर कांशीराम साहब अमर रहे, बहन मायावती जी जिंदाबाद आदि का नारा बुलंद करते नजर आए। डीआरएम चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष,जोन प्रभारी सुबल दास ने अपने संबोधन में कहा कि जैसे–जैसे संविधान के प्रति लोगों में जागरूकता आ रही है तथा लोग सचेत हो रहे हैं, वैसे–वैसे संविधान और मजबूत होते जा रहा है तो दूसरी तरफ भाजपा–कांग्रेस सरीखे कुछ पार्टियां संविधान के नाम पर लोगों को डराने का भी काम किया जा रहा है। जिसे बसपा बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान बसपा के नेता कार्यकर्ता डीआरएम चौक से कोयला भवन, धनबाद पहुंचकर वहां लगे बाबा साहब डॉ अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा पर भी माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन व श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अभय कुमार, प्रदेश सचिव बाबूराम मांझी, जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती, जिला प्रभारी सुनील कुमार रविदास, जिला महासचिव मनोज दास, प्रमोद राम, जितेन दास, गणेश विद्यार्थी, संतोष दास, राजकुमार दास, रोहित कुमार दास, सुभाष बाउरी, राज कुमार, अशोक कनौजिया, शंभू समेत दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# संविधान दिवस पर उद्देशिका का वाचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** संविधान दिवस पर बुधवार को जिला मुख्यालय,सभी प्रखंड मुख्यालयों व पंचायतों में वरीय पदाधिकारियों द्वारा अधिकारियों एवं कार्यालय कर्मियों के बीच संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा के नेतृत्व में वरीय पदाधिकारियों, कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों ने भारत का संविधान उद्देशिका पर वाचन किया। मौके पर उपायुक्त द्वारा संविधान के तहत दिए अधिकारों व दायित्वों पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। इसी दिन भारत के संविधान मसौदे को अपनाया गया था। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने से पहले 26 नवंबर 1949 को इसे अपनाया गया था। सरकार ने 19 नवंबर, 2015 को राजपत्र अधिसूचना की सहायता से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। उपायुक्त ने संविधान दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। मौके पर उपायुक्त ने समाहरणालय में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। सभी ने इसका दोहराव किया। उपायुक्त ने उपस्थित जनों को 26 जनवरी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी भी दी। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि जिले के सभी विद्यालयों में इस विषय पर परिचर्चा आयोजित कर छात्र - छात्राओं को संविधान के महत्व व इतिहास से अवगत करावे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या:–WRD/MID/MEDININAGAR/F₂-09/2025-26 (2nd Call)

पत्रांक:– 541 मेदिनीनगर, दिनांक:– 24/11/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | डिलवाहीझाझ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–चैनपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 63,18,000=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 02.12.2025 (04:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 10.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 10.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 06562–240100 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोट:– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 367090 District(25-26).D



JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

1st TIME EXTENSION NOTICE

Important date against NIT No. 484/PR/JUSNL/2025-26 for Design, Engineering, Supply, Erection, Testing & Commissioning of 01 nos. 33 kV Bays, 01 no. Gantry Tower, 01 no. Gantry Beam & associated work at 132/33 kV GSS, Daltonganj and erection, testing & commissioning of 132/33 kV 50 MVA Power Transformer (departmentally supplied) on turnkey basis is hereby extended in following manner:-

| | |
|---|---|
| End date and time of upload of BID | 01.12.2025 up to 04:00 PM |
| BID Opening date for technical & commercial part | 02.12.2025 at 04.00 PM |

This extension notice is also available on the website www.jharkhandtenders.gov.in

PR No. 364885

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
C&M (NWBP)

PR 367117 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

# संविधान दिवस पर नौ नयी भाषाओं में जारी हुआ संविधान

- राष्ट्रपति बोलीं, तीन तलाक खत्म करना ऐतिहासिक कदम
- जीएसटी से देश की आर्थिक एकता मजबूत हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** संसद के सेंट्रल हॉल में बुधवार को 150 वां संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को नौ नयी भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया में जारी किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि संसद ने तीन तलाक जैसी सामाजिक बुराई को खत्म कर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। जीएसटी आजादी के बाद सबसे बड़ा टैक्स सुधार है, जिसने देश की आर्थिक एकता को मजबूत किया है।

राष्ट्रपति ने बताया कि अनुच्छेद 370 हटाने से देश की राजनीतिक एकता में आ रही बाधा दूर हुई। नारी शक्ति बंधन कानून महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की नयी शुरुआत करेगा। इस दौरान उन्होंने संविधान की प्रस्तावना भी पढ़ी। दरअसल 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और दोनों सदनों के सांसद शामिल रहे। राष्ट्रपति ने बताया कि इस साल 7 नवंबर से पूरे देश में 'वंदे मातरम' की रचना के 150 साल पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।



गिरिडीह के पत्रकार राकेश सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी को विवाह की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह तथा बीजेपी जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने उनके आवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

# आर्मेनिया ने भारत से तेजस जेट खरीदने का समझौता रोका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

नयी दिल्ली। आर्मेनिया ने भारत से तेजस फाइटर जेट खरीदने की बातचीत रोक दी है। इजराइली मीडिया येरुशलम पोस्ट के मुताबिक यह फैसला 21 नवंबर को दुबई एयरशो में तेजस के क्रैश होने के बाद लिया गया। इस हादसे में भारतीय पायलट विंग कमांडर नमांश सियाल की मौत हो गयी थी। आर्मेनिया भारत से करीब 1.2 बिलियन डॉलर (10 हजार करोड़ रुपये) में 12 तेजस विमान खरीदने की तैयारी कर रहा था। यह डील लास्ट स्टेज में थी। ये तेजस की पहली विदेशी डील हो सकती थी। हालांकि, इस पूरे मामले पर आर्मेनिया सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। भारत सरकार ने भी अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की है।




# कॉमेडियन कुणाल कामरा की टी-शर्ट पर विवाद

## कुत्ते के साथ आरएसएस जैसा शब्द लिखा, भाजपा बोली, ये आपत्तिजनक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

मुंबई।कॉमेडियन कुणाल कामरा एक बार फिर विवादों में घिर गये हैं। सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें वह एक टी-शर्ट पहने नजर आ रहे हैं। टी-शर्ट में छपी तस्वीर में एक कुत्ते की फोटो और 'आरएसएस' जैसा दिखने वाला अक्षर नजर आ रहा है। हालांकि पूरा 'आर' साफ नहीं दिख रहा, इसलिए कई लोगों ने इसे 'पीएसएस' भी बताया है।

कामरा ने ये तस्वीर सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। फोटो अब वायरल हो रही है। कामरा ने पोस्ट में लिखा कि यह फोटो किसी कॉमेडी क्लब की नहीं है। इससे पहले मार्च में कामरा ने एक कॉमेडी क्लब में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पर पैरोडी सॉन्ग गाया था। इसके बाद शिवसेना ने उस क्लब में तोड़फोड़ की गयी थी।



**शिवसेना नेता बोले, आरएसएस सख्त जवाब दे:** इस टी-शर्ट पर बनी लिखावट और डिजाइन पर भाजपा और शिवसेना नेताओं ने कड़ी आपत्ति जतायी है। दोनों पार्टियों का आरोप है कि कामरा ने टी-शर्ट के जरिये आरएसएस का मजाक उड़ाने की कोशिश की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई भी होगी। शिवसेना (शिंदे गुट) के मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि आरएसएस ो इस पर सख्त जवाब देना चाहिये। कामरा पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कई बार तीखी टिप्पणियां कर चुके हैं।

# जल्द सुलझेगा कर्नाटक सीएम का विवाद: खड़गे

**सोनिया और राहुल के साथ मैं बैठक कर इस पर चर्चा करूंगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि पार्टी हाइकमान इस समस्या को सुलझा लेंगे, जरूरत पड़ने पर मध्यस्थता भी करेंगे। उन्होंने कहा कि वहां की जनता ही बता सकती है कि सरकार कैसा काम कर रही है। लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि मैं राहुल गांधी और सोनिया गांधी एक साथ बैठकर इस पर चर्चा करेंगे।

**भाजपा ने जारी किया एआइ वीडियो:** कर्नाटक भाजपा ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का एआइ वीडियो जारी किया। इसमें शिवकुमार लैपटॉप में ऑनलाइन मुख्यमंत्री कुर्सी खरीद रहे हैं, लेकिन जैसे ही वह इसे कार्ट में जोड़ते हैं, स्क्रीन पर 'आउट ऑफ स्टॉक' लिखा आता है। साथ ही कैप्शन में लिखा- 'डीके शिवकुमार अभी।'



**अटकलों पर जल्द लगेगा विराम:** कर्नाटक कांग्रेस के कई विधायकों ने कहा है कि नेतृत्व बदलने की अटकलों से जो भ्रम पैदा हुआ है, उसे जल्द खत्म किया जाए, नहीं तो पार्टी की छवि को बड़ा नुकसान हो सकता है।

**राहुल ने डीके को इंतजार करने को कहा:** सूत्रों के मुताबिक पिछले एक हफ्ते से शिवकुमार राहुल गांधी से संपर्क करने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद राहुल गांधी ने वाट्सएप मैसेज भेजा, जिसमें लिखा था- कृपया प्रतीक्षा करें, मैं कॉल करूंगा। इस पर बुधवार को शिवकुमार ने कहा कि अगर जरूरत हुई तो मैं हाइकमान से समय मांगूंगा। मुझे चार एमएलसी सीटों के उम्मीदवार तय करने हैं। इसके साथ ही मैं कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ट्रस्ट और पार्टी की संपत्तियों के पुनर्गठन पर भी वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करना चाहता हूं।

# हांगकांग की 35 मंजिला इमारत में आग, चार की मौत



**एजेंसी**

**हांगकांग।** हांगकांग की एक ऊंची आवासीय इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गयी है। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौके पर मौत हो गयी है। बुधवार को हांगकांग के उत्तरी ताई पो जिले में एक 35 मंजिला रिहायशी कॉम्प्लेक्स की तीन इमारतों में आग लग गयी। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक इस हादसे में चार लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 9 लोग घायल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आग एस्टेट की कम से कम तीन इमारतों तक फैल गयी थी। कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि इमारत के अंदर अब भी कई लोग फंसे हुए हैं, लेकिन उनकी सटीक संख्या पता नहीं चल पायी है।

# दिल्ली में प्रदूषण चिंताजनक, हल निकालना होगा: सीजेआइ

**सीजेआइ सूर्यकांत बोले कल डेढ़ घंटा टहला, तबीयत बिगड़ गयी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों की तबीयत बिगड़ रही है और सांस लेने में दिक्कत हो रही है। सीजेआइ सूर्यकांत भी इससे प्रभावित दिखे। उन्होंने बुधवार को एसआइआर पर चल रही सुनवाई के दौरान इसका जिक्र किया। कहा कि मैं मंगलवार शाम को एक घंटा टहला। प्रदूषण की वजह से मेरी तबीयत बिगड़ गयी। उन्होंने कहा, हमें जल्द इसका हल निकालना होगा। दरअसल हुआ यह कि इलेक्शन कमीशन के एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने सीजेआइ से खराब सेहत की वजह से सुनवाई से छूट मांगी। इस पर सीजीआइ सूर्यकांत ने कहा कि यह दिल्ली के मौसम की वजह से हो रहा है। सीजेआइ ने कहा कि मैं सिर्फ टहलता हूं। अब यह भी मुश्किल हो रहा है। इसके बाद सीजेआइ सूर्यकांत ने उम्रदराज वकीलों के भी सुनवाई के लिए कोर्ट में आने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 60 साल और उससे ज्यादा उम्र के वकीलों को इन-पर्सन (आमने-सामने) हियरिंग से बाहर रखने की बात पर विचार किया गया है। फैसला जल्द होगा। हालांकि अभी कार्यवाही फिजिकल और वर्चुअल दोनों तरीकों से होती है।



# पान मसाला कंपनी के मालिक की बहू ने कर ली आत्महत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को एक बेहद चौंकाने वाली और दर्दनाक घटना सामने आयी। कमला पसंद और राजश्री पान मसाला के मालिक कमल किशोर की बहू दीप्ति चौरसिया ने अपने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें किसी व्यक्ति पर कोई प्रत्यक्ष आरोप नहीं है, लेकिन उसमें प्यार, भरोसे और रिश्तों की अहमियत को लेकर भावनात्मक बातें लिखी गयी हैं। जानकारी के अनुसार दीप्ति चौरसिया की शादी साल 2010 में कमल किशोर के बेटे हरप्रीत चौरसिया से हुई थी। दोनों का एक 14 साल का बेटा भी है। परिवार के मुताबिक, दीप्ति पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थीं। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**दीप्ति ने चुन्नी से लटककर दी जान:** पुलिस के अनुसार दीप्ति ने घर में चुन्नी से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त की। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार और रिश्तेदार सदमे में हैं। पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है और मौके की जांच की जा रही है।

**दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में होगा पोस्टमार्टम:** दीप्ति का पोस्टमार्टम सफदरजंग अस्पताल में किया जाएगा, जिसके लिए डॉक्टरों का एक विशेष पैनल गठित किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई तय करेगी।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ के निम्न कार्यो हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1. ई.निविदा सं. :** ईसीआर–सी.ए.ओ.–सी/एस/इ.टी.इ.एन.–एच.जेड.एम.इ.–.06, **कार्य का नाम :** टोरी–शिवपुर रेल परियोजना के अन्तर्गत चट्टान गिरने और मलबा प्रवाह संरक्षण का कार्य तथा फॉरमेसन रिहैबिलिटेशन तथा अन्य सहायक कार्य।, **आंकलित मूल्य (रू) :** 62,37,60,044.82, **बोली प्रतिभूति (रू) :** 32,68,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 (नौ) महीने। **क्र.सं. 2. ई.निविदा सं. :** ईसीआर–सी.ए.ओ.–सी/एस/इ.टी.इ.एन.–एच.जेड.एम.इ.–.07, **कार्य का नाम :** अरिगडा की ओर बानादाग सतह कनेक्शन के निर्माण में चैनेज 0.00 से 3.876 तक मिट्टी की कटाई, भराई, कम्पैक्शन, ब्लैंकेटिंग, बडी पुल, छोटी पुल, आर.यु.बी, रिटेनिंग वॉल, बलास्ट की अपूर्ति तथा बलास्ट बिछाने सहित पी.वे लिंकिंग, पी.वे. सामग्री का परिवहन इत्यादि का कार्य।, **आंकलित मूल्य (रू) :** 67,08,08,759.33, **बोली प्रतिभूति (रू) :** 35,04,100.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 (अठारह) महीने। निविदा बंद होने की तारीख तथ समय **15.12.2025, 15:30 बजे।** डाक/कूरियर/फैक्स या हाथ से भेजी गई कोई भी ई–निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा का ऐसा कोई भी मैन्युअल प्रस्तुतीकरण, चाहे वह फर्म, लेटरपैड पर हो या समय पर प्राप्त हुआ हो वह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज पूरी जानकारी के साथ वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोट:– निविदा सूचना में किसी भी विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण ही अंतिम होगा। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे इस ई–निविदा से संबंधित नवीनतम शुद्धिपत्र/सुधार आदि के लिए अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** देखें।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/1,
पू.म.रेल, हजारीबाग


पीआर/1335/कॉन एचजेडबीएन/कन्स्ट./टी/25-26/52













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**